सूर्योदय 6:30 सूर्यास्त 5:40

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11 न्यू | 21 अधि |
| धर्मशाला | 16 न्यू | 25 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,556 |
| निफ्टी | 25,891 |
| सोना 1,25,890 | चांदी 1,60,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 24 अक्तूबर 2025 | 9 कार्तिक, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 296, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### यमुनोत्री-केदारनाथ धाम के कपाट बंद

**एजेंसी, उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में स्थित यमुनोत्री धाम और रुद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ धाम के कपाट वीरवार को शीतकाल के लिए बंद हो गए हैं। यमुनोत्री धाम के कपाट बंद होने से पहले परंपरा के अनुसार खरसाली गांव से समेश्वर देवता (शनिदेव) की डोली मां यमुना को लेने धाम पहुंची। इसके बाद माता की डोली के आगे-आगे शनिदेव की डोली मंदिर से बाहर निकली और खरसाली के लिए रवाना हो गई। खरसाली में मां अगले 6 माह तक विराजमान रहेंगी। वहीं, केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने के बाद केदारनाथ मंदिर से 55 किलोमीटर की पैदल यात्रा तय कर बाबा केदार की डोली 25 अक्तूबर को उखीमठ पहुंचेगी। यहां अगले 6 महीने तक बाबा अपनी शीतकालीन गद्दी ओंकारेश्वर मंदिर में विराजमान होंगे। (अनंत ज्ञान)

### बैंक अकाउंट में अब जोड़ पाएंगे 4 नॉमिनी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बैंक कस्टमर अब अपने खाते में चार नॉमिनी जोड़ पाएंगे और यह भी तय कर पाएंगे कि किसे कितना हिस्सा मिलेगा और किसे पहले प्राथमिकता दी जाएगी। ग्राहक अपनी सुविधा के हिसाब से खाते में एक-एक करके या चारों नाम एक ही साथ जोड़ पाएंगे। सरकार ने बैंकिंग सिस्टम में क्लेम के एक समान और आसान निपटारे के लिए ये व्यवस्था शुरू की है। सेफ कस्टडी में रखी चीजों और सेफ्टी लॉकर्स के लिए सिर्फ एक्सेसिव नॉमिनेशन यानी एक के बाद एक नाम नॉमिनेट करने की इजाजत होगी। 23 अक्तूबर को वित्त मंत्रालय ने बताया कि बैंकिंग लॉज (अमेंडमेंट) एक्ट, 2025 के नॉमिनेशन से जुड़े मुख्य नियम 1 नवंबर से लागू होंगे। यह एक्ट 15 अप्रैल, 2025 को नोटिफाई हुआ था। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- दुकानों की सबलेटिंग करने वाले अब आएंगे शिकंजे में -पेज 2
- मुख्यमंत्री सुक्खू को कार्टून बताकर फंसे भाजपा विधायक सुधीर -पेज 3
- गोबिंदसागर के उस पार के बाशिंदे 21 वर्ष से कर रहे पुल का इंतजार -पेज 6
- बंगाणा बाजार में लड़ाई: पुरानी रंजिश के चलते किया प्रधान ने हमला -पेज 10
- बघाट बैंक के ऋण न चुकाने पर एक डिफॉल्टर काबू -पेज 12


# सात पंचायत सचिव दो इंस्पेक्टर सस्पेंड

## वोटर लिस्ट बनाने में लापरवाही करने पर गिरी गाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनावों की तैयारियों को लेकर स्टेट इलेक्शन कमीशन ने कड़ी कार्रवाई की है। आयोग ने मतदाता सूची के प्रारूप तैयार करने में लापरवाही बरतने पर सात पंचायत सचिव, एक पंचायत इंस्पेक्टर और एक पंचायत सब इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया है। आयोग ने इनके खिलाफ जांच के आदेश जारी करते हुए विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।

जानकारी के अनुसार, स्टेट इलेक्शन कमीशन ने सितंबर माह में ग्राम सभाओं में मतदाता सूची का प्रारूप प्रदर्शित करने के निर्देश दिए थे, ताकि लोग यह देख सकें कि उनका नाम सही वार्ड में दर्ज है या नहीं, मगर संबंधित अधिकारियों ने यह प्रक्रिया पूरी नहीं की, जिससे ग्राम सभाओं में प्रस्तुत ड्राफ्ट रोल अधूरा रहा और कई स्थानों पर मतदाताओं की सूची में गड़बड़ी पाई गई। आयोग ने इस पूरे प्रकरण में दो बीडीओ को भी जिम्मेदार ठहराते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इनमें भरमौर के बीडीओ अभिषेक मित्तल और निहरी के बीडीओ मनमोहन शर्मा शामिल हैं। आयोग ने दोनों अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है और चेतावनी दी है कि यदि जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया, तो उनके विरुद्ध भी अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

बता दें कि राज्य में पंचायत और नगर निकाय चुनावों के लिए केंद्रीय चुनाव आयोग की मतदाता सूची को ही आधार बनाया जाता है।




### दो बीडीओ को कारण बताओ नोटिस जारी

### लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : अनिल खाची

**स्टेट** इलेक्शन कमिश्नर अनिल खाची ने इस मामले पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव जैसे संवेदनशील कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयोग ने स्पष्ट किया है कि मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया में पारदर्शिता और शुद्धता सर्वोपरि है, क्योंकि इसी के आधार पर आगामी पंचायत और नगर निकाय चुनावों की विश्वसनीयता तय होती है। स्टेट इलेक्शन कमीशन ने सभी जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को चेतावनी दी है कि मतदाता सूची के निर्माण में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी। अनिल खाची ने कहा कि चुनाव केवल मतदान का कार्य नहीं, बल्कि लोकतंत्र की साख से जुड़ी जिम्मेदारी है, इसलिए सभी अधिकारी इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूरा करें।

### तीनों सेनाओं के लिए 79 हजार करोड़ के हथियार खरीदने को मिली मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने वीरवार को 79 हजार करोड़ रुपए के एडवांस्ड हथियार और सैन्य उपकरण खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में यह फैसला लिया गया। इससे नाग मिसाइलें खरीदी जाएंगी, ताकि दुश्मन के टैंक और बंकर तबाह किए जा सकें। लैंडिंग प्लेटफार्म डॉक्स बनाए जाएंगे, ताकि समुद्र से जमीन पर ऑपरेशन आसान हो सके। साथ ही एडवांस लाइटवेट टारपीडो की खरीद होगी, ताकि समंदर में पनडुब्बियों को ध्वस्त किया जा सके। इसके अलावा सुपर रैपिड गन खरीदी जाएंगी। इसमें नेवी, इंडियन आर्मी और एयरफोर्स के लिए कई महत्वपूर्ण सिस्टम शामिल हैं, जिनका उद्देश्य सेना की क्षमता और तैनाती को बढ़ाना है। (अनंत ज्ञान)

## होम स्टे पंजीकरण के लिए 10 दिन में बनाएं ऑनलाइन पोर्टल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को राज्य में पर्यटन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए 10 दिन के भीतर होम स्टे इकाइयों के पंजीकरण के लिए ऑनलाइन पोर्टल तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने ये भी निर्देश दिए कि सभी विभागों के लिए यूजर फ्रैंडली ऑनलाइन पोर्टल तैयार करने के लिए सक्षम सॉफ्टवेयर कंपनियों की सेवाएं लेने के साथ इस संदर्भ में टेंडर भी जारी किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के होटलों, सामान्य प्रशासन विभाग के अतिथिगृहों और विभिन्न विभागों के विश्राम गृहों में सभी भुगतान ऑनलाइन किए जाएं। उन्होंने एशियन विकास बैंक और पर्यटन विकास बोर्ड परियोजनाओं के लिए नक्शे तैयार करने के लिए पेशेवर आर्किटेक्ट्स की सूची तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि इसे 10 दिन के भीतर विज्ञापित किया जाए। पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रशासनिक औपचारिकताओं को पूरा करने में तेज़ी लाई जाए।



### सीएम ने पर्यटन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश







## न्यूज ब्रीफ

### सुभाष बने जन शिकायत निवारण समिति के सदस्य

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** नादौन विधानसभा क्षेत्र के कस्बा बड़ा के निवासी तथा जल शक्ति विभाग से सुपरिंटेंडेंट पद से सेवानिवृत्त सुभाष भारती (पुत्र स्वर्गीय घीसू राम) को प्रदेश सरकार ने जिला स्तरीय जन शिकायत निवारण समिति का सदस्य मनोनीत किया है। सुभाष भारती के मनोनयन पर कस्बा बड़ा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं – प्रवीण चौधरी, सुंदर्शन जरियाल, कुलदीप सिंह पटियाल और राजेश कुमार (पिंका) ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है। सुभाष भारती ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वे अपने क्षेत्र की समस्याओं को प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन के समक्ष उठाकर उनके निवारण के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

### अंजना बनी भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भारतीय जनता पार्टी भोरंज मंडल की नवगठित महिला मोर्चा कार्यकारिणी की घोषणा मंडल अध्यक्ष अशोक ठाकुर की अध्यक्षता में की गई। इसमें महामंत्री अंजना ठाकुर, मंजू ठाकुर, उपाध्यक्ष सोनिया कुमारी, रीना कुमारी, मनोज कुमारी, समजला कुमारी, सचिव ऊषा देवी, सुरभि धीमान, रानो देवी, संचुतला, कोषाध्यक्ष रंजना कुमारी, कार्यकारिणी सदस्य कविता कुमारी, रीता कुमारी, अमृति देवी, अनु कुमारी, अमरी देवी, रमा देवी, रीता देवी, अरुणा कुमारी, मीरां देवी व नीरु शर्मा को बनाया गया है। महिला मोर्चा की महामंत्री अंजना ठाकुर ने बताया कि लोकसभा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर का जन्म दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। उनके जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर महिलाओं द्वारा गांधी चौक हमीरपुर में विभिन्न प्रकार की स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसके साथ ही आगामी महिला मोर्चा के जो भी कार्यक्रम होंगे, उनके बारे में विस्तृत चर्चा की गई।

### आज होने वाले ड्राइविंग टेस्ट व पासिंग स्थगित

**अनंत ज्ञान नादौन।** एसडीएम कार्यालय नादौन के अंतर्गत 24 अक्तूबर को प्रस्तावित ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग फिलहाल स्थगित कर कर दी गई है। एसडीएम कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशासनिक कारणों से इसे स्थगित किया गया है। ड्राइविंग टेस्ट व वाहनों की पासिंग के लिए नई तिथि जल्द ही निर्धारित कर दी जाएगी।

### महिला के साथ मारपीट का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज थाना में एक अन्य अनाधिकृत गृह प्रवेश और चोट पहुंचाने का मामला भी दर्ज हुआ है। यह शिकायत जगदीश चंद पुत्र खजाना राम निवासी गांव समकरी डाकघर मुण्डखर तहसील भोरंज द्वारा दर्ज करवाई गई है। शिकायत के अनुसार, रजनीश कुमार पुत्र शंकर दास तथा उनकी पत्नी रक्षा देवी, दोनों निवासी समकरी, ने बिना किसी कारण शिकायतकर्ता की पत्नी जुध्या देवी को रास्ते में रोककर मारपीट की। घटना की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर ने बताया कि इस मामले में भी जांच जारी है और आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### गोपाल अष्टमी पर श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, नादौन।** भड़ोली भगौर स्थित गौशाला में आज गोपाल अष्टमी के पावन अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ, जो 30 अक्तूबर तक आयोजित की जाएगी। यह जानकारी गौशाला समिति के अध्यक्ष पंडित सुखदेव शास्त्री ने प्रैस बयान में दी। उन्होंने बताया कि कथा व्यास राजेंद्र संख्यान श्रद्धालुओं को अमृत वर्षा से भावविभोर करेंगे। कथा के शुभारंभ अवसर पर कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जिसके तहत जल यात्रा प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कालेश्वर महादेव मंदिर से आरंभ हुई। कार्यक्रम के समापन दिवस 30 अक्तूबर को भंडारे का आयोजन होगा। समापन समारोह में ब्रिगेडियर लाल चंद जसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और इस अवसर पर गौशाला के नए भवन का लोकार्पण भी करेंगे। यह धार्मिक आयोजन पिछले कई वर्षों से निरंतर होता आ रहा है, जिसमें प्रदेश और बाहर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं।

### भोटा बाजार 25 से सभी प्रकार के वाहनों के लिए बंद



**अनंत ज्ञान भोटा।** नगर पंचायत मेन बाजार भोटा में 25 अक्तूबर से पेवर टाइलों की मरम्मत का कार्य शुरू होने जा रहा है, जिसके चलते 30 अक्तूबर तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पूर्णतः बंद रहेगी। इससे पहले प्रशासन ने 16 से 30 अक्तूबर तक यातायात बंद करने का निर्णय लिया था, लेकिन दीपावली पर्व के कारण उस अवधि में बाजार खुला रखा गया। अब मरम्मत कार्य को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए 25 से 30 अक्तूबर तक यातायात रोक दिया जाएगा, जिसे आवश्यकता पड़ने पर चार से पाँच दिन और बढ़ाया जा सकता है। वाहनों की आवाजाही बंद होने से अब वाहन नरैण नगर मोरसू बाईपास मार्ग से होकर गुजरेंगे। लोक निर्माण विभाग भोटा के जूनियर इंजीनियर सुरेश ने बताया कि मरम्मत कार्य के दौरान बाजार क्षेत्र में किसी भी प्रकार के वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी, ताकि कार्य समय पर और गुणवत्तापूर्वक पूरा किया जा सके।

### नादौन स्कूल के छात्रों ने जानी पुलिस प्रक्रिया




**अनंत ज्ञान, नादौन।** पीएम श्री राजकीय वाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नादौन के रोड सैफटी क्लब के द्वारा पुलिस थाना नादौन का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस प्रक्रिया जानी। छात्रों ने पुलिस थाना में एफआईआर रजिस्टर, लॉकउप,कंट्रोल रूम, पिस्टल गन ,एस एच ओ रूम इत्यादि का निरीक्षण किया। पुलिस थाना प्रभारी एसएचओ निर्मल सिंह व एएसआई राज कुमार ने छात्रों को सड़क सुरक्षा यातायात नियमों, हेलमेट, सीट बैल्ट ,ओवर स्वीट, ड्रिंक एंड ड्राइव, ट्रिपलिंग, इंश्योरेंस पॉलिसी, मोटर व्हीकल एक्ट आईपीसी की विभिन्न धाराओं में जुर्माने, एफआईआर,साइबर क्राइम आदि के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। स्कूल के प्रिंसिपल दिल्ली मोहम्मद पोसवाल ने भी छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित व जागरुक किया। इस अभियान में विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल डॉक्टर सतीश शर्मा, सुशील शर्मा, कुलदीप कुमार, जोगिंदर कुमार, शिव कुमार, दिनेश कुमार, अश्वनी, अभय कुमार, देवेंद कुमार सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

### राजनीति में चरित्र हनन की भाषा निंदनीय: डॉ. पुष्पेंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** सोशल मीडिया पोस्ट पर विधायक सुधीर शर्मा द्वारा दिए गए विवादास्पद पोस्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने इसे 'अत्यंत निंदनीय और अशोभनीय' बताया है। डॉ. वर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के विरुद्ध अभद्र और आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग न केवल व्यक्ति विशेष का चरित्र हनन है, बल्कि इस देवभूमि हिमाचल प्रदेश की गरिमा पर भी आघात है। उन्होंने कहा कि नेताओं को यह समझना होगा कि राजनीति का मूल उद्देश्य जनता की आवाज बनना है, न कि व्यक्तिगत स्तर पर किसी की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाना। डॉ. वर्मा ने कहा, 'अगर विपक्ष सरकार की नीतियों या कार्यप्रणाली की आलोचना करना चाहता है तो वह रचनात्मक आलोचना करे। उसे हम शालीनता से स्वीकार करते हैं। लेकिन किसी की निजता या चरित्र पर व्यक्तिगत हमला करना अनुचित और अस्वीकार्य है।' उन्होंने आगे कहा कि सुधीर शर्मा को अपने इस अभद्र सोशल मीडिया पोस्ट के लिए प्रदेश की जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

# सबलेटिंग वाले अब आएंगे शिकंजे में

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** लंबे अरसे से किराया नहीं देने वाले और दुकानों को सबलेटिंग करके मोटी कमाई करने वालों पर अब शिकंजा कसने वाला है। इनकी पहचान हो रही है।

इस कार्य में अब तेजी लाई जा रही है। कई लोगों को वकील की मार्फत नोटिस भी थमा दिए गए हैं, जिन पर पीपी एक्ट के तहत अब एसडीएम कोर्ट में मामला चलेगा, लेकिन सबसे बड़ी विडंबना म्युनिसिपल कॉरपोरेशन की यह है कि तकरीबन डेढ़ करोड़ के बकाए की वह इन किराएदारों से कैसे वसूली करे, इसी को लेकर ज्यादा माथापच्ची भी हो रही है, अब क्योंकि यह राशि डेढ़ करोड़ के आसपास पहुंच चुकी है और इस लेनदारी में पिछले लंबे समय से काफी नुकसान हो चुका है। दरअसल में कई बार संबंधितों को नोटिस जारी किए गए हैं, लेकिन ज्यादातर पर कोई असर नहीं हो पा रहा। कईयों ने इसका सिलसिला शुरू किया है और 20 से 25 लाख की वसूली भी हो चुकी है, अगर अभी भी जब यह राशि डेढ़ करोड़ तक हो, तो फिर परेशानी तो एमसी की होगी ही। दरअसल में बड़े स्तर पर यहां कई मालिकों ने अपनी दुकानों को सबलेटिंग करके बेच दिया है। उनसे मोटी कमाई की है। लाखों के हिसाब से जो कमाई हुई है, उसी को लेकर अब सवाल उठ रहे हैं कि रोजी-रोटी चलाने के लिए उन्हें यह दुकानें खोखों या रेहड़ी फड़ी से तब्दील करके बनाई गईं थीं। अब नियमों के तहत वे इन्हें बेच नहीं सकते थे, इसीलिए अब इस पर कार्रवाई का सिलसिला शुरू हो रहा है। ज्यादातर दुकानदार अब दिए गए नोटिसों का जवाब नहीं दे रहे हैं। क्योंकि मालिक कोई और हैं और खरीदार अब कोई और बैठ गया है। इसीलिए करवाई रुक गई है।



हमीरपुर शहर के मध्य में स्थित दुकानें जिनका है विवाद।



एमसी के कमिश्नर राकेश शर्मा का कहना है कि इन कामों को लेकर वर्किंग जारी है। जब तक हर तीन माह बाद मिलने वाली ग्रांट नहीं आ जाती। तब तक किसी भी ठेकेदार को पेंडिंग पेमेंट नहीं होगी। पिक एंड चूज नहीं होगा। इसीलिए यह फैसला लिया गया है। पीपी एक्ट के तहत पेंडिंग, सब लेटिंग और किराया नहीं देने वालों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला शुरू किया जा रहा है।

### तमाम ठेकेदारों की पेंडिंग पेमेंट रुकी

**एमसी** ने ठेकेदारों की पेंडिंग पुरानी सारी पेमेंट फिलहाल अगले आदेशों तक रोक दी है। यह 3 करोड़ से ज्यादा की बनती है। यह उस समय की है, जब यहां नगर परिषद हुआ करती थी। और कई विकास कार्य हुए हैं। लेकिन कारण यह है कि सरकार से मिलने वाली ग्रांट अभी तक नहीं मिल पाई है। एक ग्रांट आई थी, उससे सैलरी का ही बंदोबस्त हो पाया। अब इतनी सारी बकाया ठेकेदारों की पेमेंट सभी को बराबर दी जाएगी। इसीलिए इसे रोक दिया गया है। पिक एंड चूस को आधार नहीं बनाया जाएगा।

### हरेक नए वार्ड में लगेंगी 10 स्ट्रीट लाइट्स

**एमसी** एरिया में जो नए इलाके जोड़े गए हैं, जिन पंचायत को शामिल किया गया है। उनमें अब स्ट्रीट लाइट्स लगाने का सिलसिला शुरू होगा। इसमें शुरुआती दौर में तकरीबन 10 लाइट्स लगाई जाएंगी। जहां-जहां जरूरी होगा उसके लिए सिस्टम तैयार हो रहा है। इसकी प्रक्रिया बहुत जल्दी शुरू होने वाली है। पार्किंग और पार्क बनाने के लिए भी नई साइट्स चिन्हित करने को लेकर अब प्राथमिकता दी जा रही है। इस पर काम शुरू हो गया है और एक प्रपोजल तैयार की जा रही है, जिसमें जहां-जहां जगह उपलब्ध है, उसे आईडेंटिफाई करके डीसी हमीरपुर को प्रपोजल भेजी जाएगी। उसी के आधार पर अगला फैसला लिया जाएगा। लेकिन यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि हर एक वार्ड में कम से कम एक पार्किंग और पार्क तैयार हो पाए।

## दो पक्षों में मारपीट क्रॉस केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आपसी झगड़े के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस केस दर्ज किए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पहला मामला गांव पपलाह डाकघर भरेड़ी तहसील भोरंज का है। यह शिकायत अभिषेक कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी पपलाह द्वारा दर्ज करवाई गई है। शिकायतकर्ता के अनुसार, धर्म सिंह व उनके परिवार के सदस्यों ने शिकायतकर्ता के माता-पिता के साथ मारपीट की तथा सिर पर ईंटों से वार कर चोटें पहुंचाईं। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी गांव के रहने वाले धर्म सिंह पुत्र प्रशोतम लाल ने भी पुलिस थाना भोरंज में शिकायत दर्ज करवाई है। धर्म सिंह ने आरोप लगाया है कि 21 अक्तूबर, 2025 को सुरेश कुमार पुत्र डंडू राम, सुनीता देवी पत्नी सुरेश कुमार, अभिषेक कुमार और अक्षय कुमार ने उनके और उनकी पत्नी के साथ लाठी-डंडों व लात-घूसों से हमला किया। शिकायतकर्ता के अनुसार, हमलावरों ने उन्हें गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकियां भी दीं। भोरंज थाना प्रभारी एसएचओ प्रशांत सिंह ठाकुर ने बताया कि दोनों मामलों में जांच जारी है।

### मुख्यमंत्री ने कस्बा बड़ा के निवासियों को दी एक और बड़ी सौगात

## दुर्गा सिंह मेमोरियल राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल बड़ा को सीबीएसई दिल्ली से मिला एफिलिएशन नंबर

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान**

**बड़ा।** मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा नादौन विधानसभा क्षेत्र के कस्बा बड़ा के लोगों को एक ओर बड़ी सौगात दी गई है।

कस्बा बड़ा के दुर्गा सिंह स्मारक सीनियर सकेंडेरी स्कूल बड़ा को सीबीएससी बोर्ड का दर्जा देकर न केवल क्षेत्र वासियों को एक नायाब तोहफा दिया है, बल्कि प्रदेश के 100 के लगभग सरकारी स्कूलों में सीबीएससी बोर्ड की अध्ययन पद्धति को शुरू करने का निर्णय भी प्रदेश में एक शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने का ये एक ऐतिहासिक निर्णय हैं जो भारत देश में आज दिन तक देश के किसी भी मुख्यमंत्री द्वारा लिया गया हो एवम उसे सकारात्मक रूप देने के लिए इतनी तीव्रता से कदम उठाया गया हो। दुर्गा सिंह मेमोरियल राजकीय सीनियर सकेंडेरी स्कूल बड़ा में सी बी एस सी की अध्ययन पद्धति शुरू करने के लिए सी बी एस सी बोर्ड दिल्ली द्वारा एफलेशन नंबर भी प्रदान कर दिया गया हैं अब कस्बा बड़ा एवम इससे साथ लगते क्षेत्रों के लोग यहां पर अपने बच्चों को पहली कक्षा से लेकर दसवीं तक सीबीएससी बोर्ड की पढ़ाई करवा सकेंगे ओर सबसे सराहनीय बात यें होगी की इन स्कूलों का फीस स्ट्रक्चर बिलकुल नार्मल होगा, जहां गरीब से गरीब परिवार के बच्चें भी अपने केलिवर से सी बी एस सी की पढ़ाई कर सकेंगे।

वहीं, विभागीय सूत्रों से यें भी मालूम पड़ा है कि कस्बा बड़ा के इस स्कूल को नए इनफास्टेक्चर जैसे भवन निर्माण एवम अन्य गतिविधियों के निर्माण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 2 करोड़ की बजट राशि भी स्वीकृत कर दी गयी हैं जिसमें 1 करोड़ 47 लाख की बजट राशि लोक निर्माण विभाग के पास आ चुकी हैं एवं लोक निर्माण विभाग भी अतिशीघ्र सारी प्रक्रिया पूरी. करके इस विद्यालय को नया प्रारूप देने के लिए कार्यशील हैं।

#### सीएम का जताया आभार

**कस्बा** बड़ा के दुर्गा सिंह मेमोरियल सीनियर सकेंडरी स्कूल को सीबीएससी बोर्ड दिल्ली का एफलेशन नंबर मिलने पर क्षेत्र के बुद्धिजीवी वर्ग एवं ओबीसी वित्त निगम आयोग के चेयरमैन डॉ. मोहन लाल कोंडल, सुंदर्शन जरियाल, प्रवीण चौधरी, राजेश कुमार पिंका, कुलदीप सिंह पटियाल, संसार चंद रनौत, ग्राम पंचायत बड़ा की प्रधान सरिता देवी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का विशेष रूप से धन्यवाद किया है एवं उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने एवं बच्चों को सशक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए जो फैसले लिए जा रहे हैं वे ऐतिहासिक हैं।

## करोड़ों के ऋण माफ कर मित्रमंडली पर मेहरबान सरकार: राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर।** कांगड़ा बैंक के बाद जिला सोलन के बघाट बैंक में 138 करोड़ के एनपीए पर प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा है कि प्रदेश सरकार की संलिप्तता के चलते ही ऐसा मुमकिन हो पाया है। बघाट बैंक के करीब 22 हजार शेयरहोल्डरों के साथ यह विश्वासघात है, क्योंकि उनकी खून-पसीने की कमाई मित्र धन्नासेठों पर लुटाई जा रही है। करोड़ों रुपए के ऋण माफ कर मित्र मंडली पर सरकार मेहरबान है। राजेंद्र राणा ने कहा कि इस सरकार ने भ्रष्टाचार की सारी सीमाएं लांघ दी है तथा 2 वर्ष पहले जो उन्होंने कहा था, वही अब सामने आ रहा है। सरकार ने पेंशनरों व कर्मचारियों को भी रूला दिया है। मात्र 3 प्रतिशत डीए देकर वाहवाही करवाने के प्रचार में प्रदेश सरकार लगी हुई है। बस मित्रों का ख्याल है और जनता को परेशान करने के तरीके ही सोचे जा रहे हैं।

## विधायक कै. रणजीत सिंह ने किया खोला गांव को जाने वाली सड़क का भूमि पूजन



विधायक कै. रणजीत सिंह खोला गांव को जाने वाली सड़क का भूमि पूजन करते हुए।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर के विधायक कै. रणजीत सिंह ने पुरली पंचायत के गांव खोला में बनने जा रही भराइया दी धार सड़क का भूमि पूजन किया।

विधायक खोला गांव में विधायक घर द्वार कार्यक्रम के तहत गए थे और खोला गांव की मुख्य मांग सड़क की थी, जिसका वादा विधायक करके आए थे। विधायक ने गांव वासियों से दिसंबर माह तक का समय मांगा था, लेकिन एक महीने में विधायक ने गांव के लिए सड़क का कार्य शुरू करवा दिया। गांव वासियों ने विधायक का धन्यवाद किया और कहा कि कई नेता आए, कई चले गए। देश आजादा तो हुआ, लेकिन हम आजाद नहीं हुए हम आज तक काले पानी में रह रहे थे, लेकिन हम सब गांव वासी विधायक कै. रणजीत सिंह के धन्यवादी हैं, जिन्होंने हमारी मुख्य समस्या का हल किया और कार्य शुरू करवाया।

## शिक्षकों की लंबित पदोन्नति सूचियों को जारी करने की मांग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

- मुख्य सचिव से मिले टीजीटी कला संघ के महासचिव

प्रदेश में लंबे समय से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे शिक्षकों के हित में राजकीय टीजीटी कला संघ ने आवाज बुलंद कर दी है। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने आज इस संबंध में प्रदेश शिक्षा सचिव से भेंट कर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा, जिसमें प्राथमिक से लेकर सीनियर सेकेंडरी स्तर तक सभी वर्गों के शिक्षकों की लंबित प्रमोशन सूचियां शीघ्र जारी करने की गुहार लगाई गई है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 850 प्रवक्ता एवं हेडमास्टर प्रिंसिपल पदों पर पदोन्नति की प्रतीक्षा में हैं और 270 टीजीटी एवं प्रमोटी प्रवक्ता अपनी पदोन्नति सूची की राह देख रहे हैं।वहीं 200 जेबीटी से टीजीटी, 120 सी एंड वी से टीजीटी, तथा 80 जेबीटी से भाषा शिक्षक नियुक्ति हेतु प्रतीक्षारत हैं। हाईकोर्ट आदेशानुसार सैंकड़ों टीजीटी अनुपूरक प्रवक्ता पदोन्नति सूची की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हेडमास्टर और प्रिंसिपल पदोन्नति में लंबा विलंब हो चुका है जिसके चलते कई शिक्षक रिटायर हो गए। टीजीटी भर्ती एवं पदोन्नति नियमों के अनुसार कुल पदों में से 15 प्रतिशत पद जेबीटी से टीजीटी में पदोन्नति हेतु आरक्षित हैं। विभाग द्वारा 16 जुलाई 2024 को बैचवाइज पदों पर टीजीटी नियुक्तियां पूर्ण कर दी गई थीं । अब नियमानुसार जेबीटी से टीजीटी में पदोन्नति की जानी है, जिनकी संख्या टीजीटी आर्ट्स में 166, मेडिकल में 69, तथा नॉन-मेडिकल में 120 बनती है। कई जिलों में जेबीटी से भाषा शिक्षक पदोन्नति नहीं हुई है। वर्तमान परिस्थितियों में एक टीजीटी को हेडमास्टर तथा प्रवक्ता को प्रिंसिपल बनने में 25 से 29 वर्ष का लंबा समय लग रहा है और प्रमोशन सूचियां लंबित होने से शिक्षक निराश हैं।

## एनएसएस शिविर का हर्षोल्लास के साथ समापन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जौड़े अंब में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह प्रधानाचार्य डॉ. नरदेव सिंह की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. सीमा शर्मा और विशेष अतिथि सिमरन शर्मा का फूलमाला और तालियों के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम अधिकारी रेवती रमन और कमला वर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत कैप, डायरी, शाल और स्मृतिचिन्ह देकर किया। समारोह की शुरुआत महामाई सरस्वती मंदिर में प्रज्वलन के साथ हुई। स्वयंसेवियों ने स्वागत गीत और नृत्य प्रस्तुत किए और एनएसएस के आदर्शों पर आधारित गीत गाकर सभी का मन मोह लिया। तनिष्का ने हिमाचली गीतों की प्रस्तुति दी। रेवती रमन ने शिविर के दौरान किए गए कार्यों जैसे पौधारोपण, जनजागरण अभियानों की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## सीखने की क्षमता बढ़ाने वाला कार्यक्रम एलईपी शुरू

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** हिमाचल प्रदेश में विद्यार्थियों की सीखने की कमियों को दूर कर उनकी कक्षा-स्तरीय दक्षताएं सुनिश्चित करने के लिए समग्र शिक्षा, हिमाचल प्रदेश के तहत सीखने की क्षमता बढ़ाने वाले कार्यक्रम (एलईपी) 2025-26 का कार्यान्वयन हमीरपुर जिले में प्रभावी रूप से शुरू हो गया है। उप निदेशक (गुणवत्ता) सह जिला परियोजना अधिकारी नवीन कुमार ने बताया कि एलईपी का मुख्य लक्ष्य संरचित कक्षा-शिक्षण पद्धतियों, नैदानिक मूल्यांकन और लक्षित उपचारात्मक शिक्षण के माध्यम से कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों में बुनियादी कौशल को मजबूत करना व अवधारणात्मक समझ को बढ़ाना है।

जिला नोडल अधिकारी पुनीत कुमार, व्याख्याता शिक्षा, डायट नादौन हमीरपुर ने जानकारी दी कि कार्यक्रम के तहत निचले 25 फीसदी विद्यार्थियों (जिन्हें कल्प विद्यार्थी कहा गया है) उनकी पहचान मई 2025 में आधारभूत नैदानिक मूल्यांकन के माध्यम से की जा चुकी है। यह मूल्यांकन कक्षा 6-10 में गणित, विज्ञान, अंग्रेजी और हिंदी तथा कक्षा 11-12 में अंग्रेजी विषय में आयोजित किया गया था। नवीन कुमार ने बताया कि हिमाचल शिक्षा संकल्प कार्यक्रम के तहत हमीरपुर जिले के कक्षा 6 से 12 तक के सभी सरकारी स्कूलों में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में 1 नवंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक 45 मिनट का जीरो पीरियड शुरू किया जाएगा। यह पहल दैनिक उपचारात्मक शिक्षण समय को संस्थागत रूप देने के लिए की गई है। साप्ताहिक समय-सारणी (कक्षा 6-10) तक सोमवार, मंगलवार-गणित, बुधवार, वीरवार-विज्ञान, शुक्रवार-अंग्रेजी, शनिवार-हिंदी, कक्षा 11-12 के लिए, अंग्रेजी के लिए समर्पित दो पीरियड प्रत्येक सोमवार और वीरवार को लगाए जाएंगे।

- 1 नवंबर से 'जीरो पीरियड' से सुधरेगी विद्यार्थियों की दक्षता
- यह पहल दैनिक उपचारात्मक शिक्षण समय को संस्थागत रूप देने के लिए की गई है

#### उपचारात्मक सामग्री व शिक्षकों का प्रशिक्षण

**पुनीत** कुमार ने बताया कि कार्यान्वयन में सहायता के लिए विद्यार्थी कार्यपुस्तिकाएं (संकल्प विद्यार्थियों के लिए) और शिक्षक हस्तपुस्तिकाएं वितरित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षकों को एलईपी की रूपरेखा, उपकरणों और निरंतर निगरानी के लिए अभ्यास हिमाचल प्लेटफॉर्म के उपयोग से परिचित कराने के लिए अभिविन्यास सत्र 27 नवंबर 2025 से आयोजित किए जा रहे हैं। उपनिदेशक गुणवत्ता सह जिला परियोजना अधिकारी नवीन कुमार ने सभी स्कूल प्रमुखों/प्रधानाचार्यों से अपील की है कि वे एलईपी इंचार्ज के रूप में कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि जीरो पीरियड के दौरान उपचारात्मक सत्र प्रभावी ढंग से आयोजित हों। उन्होंने सभी शिक्षकों और विद्यालय प्रमुखों से इस कार्यक्रम को सफल बनाकर विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

**इंतजार खत्म** मुख्यमंत्री सुक्खू करेंगे लोकार्पण, लंबे समय से लटका था उद्घाटन

## मिनी सचिवालय की सुविधा से मिलेगा लाभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

पिछले लंबे समय से मुख्यमंत्री का दौरा कई मर्तबा कैंसिल हो जाने की वजह से लटके मिनी सचिवालय के उद्घाटन की इंतजार आज खत्म हो रही है। अब बड़सर क्षेत्र के लोगों को एक ही छत के नीचे कई विभागों के कार्यालय सजे हुए नजर आएंगे। इससे लोगों को तो सुविधा होगी ही विभागों को भी फायदा होगा। क्योंकि उन्हें बेहतर सुख सुविधा के साथ अब काम करने का मौका मिलेगा।

उपमंडल मुख्यालय पर कई दशकों से चली आ रही मिनी सचिवालय के निर्माण की मांग आखिरकार शुक्रवार को पूरी होने जा रही है।मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू एक आधुनिक एवं भव्य मिनी सचिवालय के भवन का लोकार्पण करेंगे।काबिले गौर यह भी है कि पिछले कई साल से इसका निर्माण जारी था लेकिन किन्हीं कारणों से बीच में यह लटक गया था। उसके बाद फर्नीचर की सजावट को लेकर भी मामला पेचीदा बना रहा। अब क्योंकि भीतरी व्यवस्था में यह सारी चीजें सज धज गई हैं। इसीलिए उद्घाटन भी हो रहा है।




नव निर्मित मिनी सचिवालय की इमारत।

बड़सर के एसडीएम राजेंद्र गौतम का कहना है कि निश्चित रूप में लोगों को इससे काफी सहूलियत होगी और सभी विभागों को एक साथ यहां काम करने में भी आसानी रहेगी। इधर इस दौरे के साथ ही क्षेत्र के लोगों को कई और सौगातों की भी मुख्यमंत्री से उम्मीद है भले ही इस बार उपचुनाव में कांग्रेस को यहां हर का मुंह देखना पड़ा था लेकिन क्षेत्र में विकास की गति को और बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री से कई और घोषणाओं की उम्मीद भी क्षेत्र वासियों को है। उधर, उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी रहे सुभाष ढटवालिया का कहना था कि मांगे तो और भी हैं और शुक्रवार को मुख्यमंत्री जब यहां आएंगे, उसी वक्त उन्हें उनके समक्ष रखा जाएगा।

## लोक परंपराओं व देव संस्कृति का किया अध्ययन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर**

मध्य प्रदेश स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक से प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति व पुरातत्व विभाग के 10 स्टूडेंट्स ने ठाकुर रामसिंह इतिहास शोध संस्थान नेरी में 15 दिवसीय प्रशिक्षण (इंटर्नशिप) सफलतापूर्वक पूर्ण किया। यह इंटर्नशिप कार्यक्रम संस्थान द्वारा विद्यार्थियों में शोध की दृष्टि, अभिलेखीय अध्ययन की समझ तथा लोक-संस्कृति के प्रति गहन संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।



शोध संस्थान नेरी में मध्य प्रदेश की राष्ट्रीय जनजातीय यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स का 15 दिवसीय दौरा मुकम्मल, कई तरह के किए शोध।

इंटर्नशिप अवधि के दौरान विद्यार्थियों ने इतिहास, संस्कृति, समाज और लोक परंपराओं से संबंधित शोध कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने हिमाचल प्रदेश की लोक परंपराओं, देव संस्कृति और सामाजिक जीवन की विविधताओं को प्रत्यक्ष रूप से समझने के लिए क्षेत्र सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण और अभिलेखीय अध्ययन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को हिमाचल प्रदेश के सुजानपुर किला, कांगड़ा किला, ज्वालामुखी मंदिर और ब्रजेश्वरी देवी मंदिर का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया, जिससे उन्हें हिमाचल की समृद्ध धार्मिक-सांस्कृतिक विरासत का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिष्ठित विद्वानों डॉ. चेतराम गर्ग, डॉ. पंकज गुप्ता, डॉ. एमआर शर्मा, डॉ. राकेश शर्मा, डॉ नीलम, डॉ. मिहिर बोराना द्वारा शोध पद्धति, भारतीय ज्ञान परम्परा, हिमाचल की संस्कृति, देव पंपरा, स्थापत्य कला आदि विविध विषयों पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। प्रशिक्षण अवधि में विद्यार्थियों ने व्यावहारिक रूप से भी कई शोध पत्र तैयार किए। इनमें कांगड़ा के ब्रजेश्वरी देवी मंदिर, सुजानपुर के नर्मदेश्वर मंदिर, जसकोट महादेव मंदिर, झनियारी माता मंदिर हमीरपुर, हिमाचल की गुग्गा परंपरा और गद्दी समुदाय जैसे विषयों पर शोधपरक लेख शामिल हैं। संस्थान के निदेशक डॉ. चेतराम गर्ग विद्यार्थियों के परिश्रम और जिज्ञासा की सराहना करते हुए कहा कि युवा शोधार्थियों द्वारा लोक-संस्कृति, परंपरा और समाज के अध्ययन में दिखाई गई रुचि यह दर्शाती है कि नई पीढ़ी भारतीय ज्ञान परंपरा को समझने और संरक्षित करने के लिए गंभीर है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यार्थियों को अनुभव प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर शोध संस्थान के निदेशक, समस्त संकाय सदस्य और शोधार्थी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### शिमला में भव्य रोजगार मेला आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से शुक्रवार, 24 अक्तूबर को शिमला में एक भव्य रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो शिमला के तत्वाधान में केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान बेमलोई के सभागार में किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे होगा। इस अवसर पर केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के राज्य मंत्री बीएल वर्मा बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगे। यह रोजगार मेला प्रदेश के युवाओं के लिए एक बड़ा मंच साबित होगा, जिसमें विभिन्न सरकारी और निजी संस्थान भाग लेंगे और योग्य अभ्यर्थियों को मौके पर ही नियुक्ति या साक्षात्कार का अवसर मिलेगा। आयोजन से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें स्थानीय स्तर पर बेहतर रोजगार विकल्प उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों और रोजगार चाहने वालों के भाग लेने की संभावना है।

### कांग्रेस सरकार में उपेक्षित रही खनेटी पंचायत: डोगरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं खनेटी पंचायत के पूर्व प्रधान राकेश डोगरा ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि सरकार के दो साल के



कार्यकाल में खनेटी पंचायत पूरी तरह उपेक्षित रही है। शिक्षा मंत्री केवल पुराने कार्यों का बखान कर रहे हैं, जबकि नई घोषणाओं या योजनाओं का अभाव है। डोगरा ने आरोप लगाया कि वर्ष 2020-21 में पशु औषधालय भवन के लिए सात लाख रुपए स्वीकृत हुए थे, लेकिन आज तक शिलान्यास नहीं हुआ। बैली सड़क की मेटलिंग और टायरिंग का वादा भी अधूरा है। उन्होंने कहा कि मंत्री केवल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की चर्चा करते हैं, जबकि बागवानी, सड़क, सिंचाई और रोजगार जैसे मुद्दों पर मौन साधे हुए हैं। उन्होंने कांग्रेस के स्थानीय नेताओं पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि 'व्यवस्था परिवर्तन' के नाम पर सरकार ने व्यवस्था बिगाड़ने का काम किया है। डोगरा ने दिवंगत नेता नरेंद्र बरागटा को खनेटी पंचायत के वास्तविक विकास का श्रेय देते हुए कहा कि आज भी लोग उन्हीं की योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। शिक्षा मंत्री द्वारा देवरी-खनेटी पंचायत के लिए मात्र एक लाख रुपये की घोषणा को उन्होंने क्षेत्रीय भेदभाव का उदाहरण बताया।

### कर्मियों का एनपीएस फंड लौटाए केंद्र सरकार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन (एनएमओपीएस) हिमाचल प्रदेश के पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार से मांग की है कि जिन राज्यों में ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) लागू हो चुकी है, वहां के कर्मचारियों का एनपीएस के तहत कटा हुआ फंड तुरंत लौटाया जाए। प्रदेश प्रवक्ता रविन्द्र शर्मा मल्लू, राष्ट्रीय संयोजक प्रवीण शर्मा, वरिष्ठ सलाहकार भारत भूषण और महिला विंग प्रदेशाध्यक्ष रीता ने चेतावनी दी कि यदि यह मांग पूरी नहीं हुई तो केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलन छेड़ा जाएगा। संघ ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2022 से एनपीएस के तहत कटौती बंद हो चुकी है, लेकिन अब तक कर्मचारियों का फंड केंद्र से वापस नहीं मिला। यह न केवल भ्रष्टाचार है बल्कि तानाशाही भी है। संघ ने सवाल उठाया कि जब फंड कटना बंद हो गया है तो केंद्र में कर्मचारियों का पैसा अपने पास क्यों रखा हुआ है। नेताओं ने कहा कि यदि इस फंड का 60 फीसदी हिस्सा कर्मचारियों को है, जिसे लौटाने से वे ब्याज सहित लाभान्वित होंगे और यह धन राज्य के बैंकों में जमा होकर हिमाचल की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देगा। संघ ने दो टूक कहा कि यदि पूरा एनपीएस फंड वापस नहीं किया गया, तो प्रदेशभर में आंदोलन होगा और इसकी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होगी।

# मुख्यमंत्री सुक्खू को कार्टून बताकर फंसे भाजपा विधायक सुधीर शर्मा

## अब खुद ट्रोलिंग के हुए शिकार, विवादित पोस्ट से मचा हंगामा

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल की राजनीति में सोशल मीडिया पर सियासी तूफान खड़ा हो गया है। धर्मशाला से भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को लेकर फेसबुक पर एक विवादित पोस्ट साझा कर दी। पोस्ट में उन्होंने लिखा 'प्रदेश के इतिहास में पहली बार कार्टून का स्केच' और इसके साथ सीएम की तस्वीर व उनका स्केच भी डाला। यह पोस्ट कुछ ही घंटों में वायरल हो गया और सुधीर शर्मा खुद ट्रोलिंग के केंद्र में आ गए।



जानकारी के अनुसार सुधीर शर्मा की इस टिप्पणी को लेकर सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। कई यूजर इसे मुख्यमंत्री पद की गरिमा पर हमला बता रहे हैं, वहीं कुछ ने इसे राजनीतिक निराशा का प्रतीक कहा है। कपिल शर्मा नामक यूजर ने लिखा कि क्या विधायक को प्रदेश के मुख्यमंत्री को कार्टून कहना शोभा देता है? यह सोच शर्मनाक है। सुधीर पर एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। इस तरह के दर्जनों यूजरों ने विधायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सुधीर शर्मा पहले कांग्रेस के टिकट पर दिसंबर 2022 में विधानसभा पहुंचे थे, मगर मंत्री न बनाए जाने से नाराज होकर उन्होंने रुख बदल लिया। राज्यसभा चुनाव में उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में भूमिका निभाई थी, जिसके चलते कांग्रेस के छह विधायक अयोग्य ठहराए गए। इसके बाद मई 2024 के उपचुनाव में सुधीर शर्मा भाजपा के टिकट पर जीते और दोबारा विधानसभा पहुंचे। अब 'ऑपरेशन लोटस का मास्टरमाइंड' कहकर सोशल मीडिया पर उन्हें घेरा जा रहा है।

कई सोशल मीडिया यूजरों ने इस विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन व्यक्तिगत टिप्पणियों से बचना चाहिए। एक यूजर ने लिखा कि कोई भी नेता पहले एक इंसान, पिता और परिवार का सदस्य होता है। ऐसे शब्द राजनीति की गरिमा को ठेस पहुंचाते हैं। लोगों ने सुधीर शर्मा से संयमित भाषा अपनाने की अपील की है। बहरहाल इस विवाद ने हिमाचल के राजनीतिक गलियारों में नई हलचल पैदा कर दी है। सुधीर के विवादित पोस्ट को लेकर अब तक न सिर्फ कांग्रेस, बल्कि भाजपा खेमे में भी हल्की बेचैनी देखी जा रही है।

### सीएम पद की गरिमा बनाए रखना जरूरी : चौहान

**मुख्यमंत्री** के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने इस विवाद को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि मुख्यमंत्री की कुर्सी पूरे प्रदेश की मर्यादा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यदि किसी वर्ग की समस्या है तो उसे शालीनता के साथ उठाना चाहिए, न कि इस तरह के पोस्ट के जरिए अपमानजनक टिप्पणी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल के लोग ऐसी राजनीति को पसंद नहीं करते।

## भड़ेच में युवाओं ने नशामुक्त समाज का लिया संकल्प


**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नव ज्योति युवा मंडल भड़ेच ग्राम पंचायत घुंडा भड़ेच, ब्लॉक कोटखाई ने जिला युवा सेवाएं एवं खेल विभाग, शिमला के सहयोग से नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन युवा प्रशिक्षण भवन भड़ेच में किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहिंद्र शर्मा ने की। उन्होंने युवाओं से नशे के विरुद्ध जनजागरण फैलाने और समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने का आह्वान किया। शर्मा ने कहा कि युवा पीढ़ी ही राष्ट्र की रीढ़ है, इसलिए उन्हें नशे से दूर रहकर देश निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने नशा मुक्ति पर अपने रचनात्मक विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं ने समाज को नशे के विरुद्ध जागरूक करने का संदेश दिया। इसके पश्चात सभी उपस्थित लोगों ने नशा मुक्ति की सामूहिक प्रतिज्ञा ली और नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। आयोजन के अंत में सभी प्रतिभागियों को उनके उत्साहपूर्ण सहयोग और सक्रिय सहभागिता के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए।

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने नशामुक्त हिमाचल का लिया संकल्प

- बोले-पुलिस तंत्र रहेगा पूरी तरह से मुस्तैद
- रुकावट डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि हिमाचल को पूरी तरह नशामुक्त बनाने का काम प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि इस मुहिम में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है और हर स्तर पर मुस्तैदी के साथ कार्रवाई चल रही है। नशे के वितरण, तस्करी और उसके समर्थन में लगे किसी भी तत्व को चिन्हित कर कठोर कानूनी प्रक्रिया के तहत दंडित किया जाएगा।



मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि कानून सख्त है और सरकारी इरादा उससे भी ज्यादा मजबूत है, जो भी इस मुहिम में रुकावट डालने की कोशिश करेगा उसे बख्शा नहीं जाएगा, न केवल आपराधिक अभियोजन बल्कि अवैध नेटवर्क तोड़ने और माल-जांच तथा जब्ती की कार्रवाइयों को भी तेज किया जा रहा है। प्रशासन ने को-ऑर्डिनेटेड छापे, सूचना तंत्र को सक्रिय करने और निवारक प्रवर्तन के जरिए नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करने का संकल्प जाहिर किया है।

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से कहा कि युवा पीढ़ी को नशे की दलदल में धकेलने वालों के लिए कोई रहम नहीं होगा और इसके साथ ही समाज के प्रत्येक वर्ग से सहयोग की भी अपील की गई है।

उन्होंने कहा कि सिर्फ दंडात्मक कदम पर्याप्त नहीं होंगे, इसलिए नशामुक्ति के लिए जागरूकता, पुनर्वास व शिक्षा कार्यक्रमों को भी मजबूती दी जा रही है ताकि युवा पुनः स्वस्थ और सशक्त जीवन की ओर लौट सकें। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से प्रहरी बनने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी स्थानीय प्रशासन को देने का आग्रह किया।

# मानवीय मूल्यों पर वैश्विक एकजुटता का पक्षधर भारत : अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर ने अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की 151वीं सभा में भारत की ओर से 'संकट के समय में मानवीय मानदंडों का पालन और मानवीय कार्यों का समर्थन' विषय पर प्रभावशाली संबोधन दिया।

उन्होंने 170 से अधिक देशों के सांसदों के बीच भारत की मानवतावादी नीति और सभ्यतागत दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत हमेशा से मानवता, तटस्थता, निष्पक्षता और स्वतंत्रता के मूल सिद्धांतों के प्रति समर्पित रहा है। उन्होंने सभी सांसदों से राजनीतिक विभाजनों से ऊपर उठकर वैश्विक एकजुटता और मानवीय गरिमा की रक्षा के लिए साझा प्रयासों का आह्वान किया। अनुराग ने अपने संबोधन में भारत के मानवीय योगदानों का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि भारत ने अब तक 49 संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में 2 लाख से अधिक सैनिक भेजे हैं और कोविड-19 महामारी के दौरान 'वैक्सीन मैत्री' अभियान के तहत 100 से अधिक देशों को 301 मिलियन से अधिक टीके उपलब्ध कराए। सभा में भारत के प्रतिनिधित्व के दौरान ठाकुर ने कहा कि भारत की यह भागीदारी केवल एक औपचारिक उपस्थिति नहीं बल्कि उसकी सभ्यतागत भावना का प्रतीक है। भारत की विदेश नीति हमेशा 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' की भावना पर आधारित रही है।

# शिमला के मेयर पर मेहरबानी दिखा सकते हैं सीएम सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एक बार फिर अपने करीबी और शिमला नगर निगम के मेयर सुरेंद्र चौहान पर राजनीतिक मेहरबानी दिखाने जा रहे हैं। नगर निगम के मेयर का अढ़ाई साल का कार्यकाल अगले महीने 15 नवंबर को पूरा हो रहा है और अब इस बात की चर्चाएं जोरों पर हैं कि सीएम सुक्खू मेयर का कार्यकाल पूरे पांच साल तक बढ़ा सकते हैं।

सूत्रों के अनुसार, शहरी विकास विभाग को आरक्षण रोस्टर में बदलाव का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दे दिए गए हैं। यह प्रस्ताव आगामी 25 अक्तूबर को होने वाली कैबिनेट बैठक में रखा जा सकता है। यदि इसे मंजूरी मिल जाती है, तो सुरेंद्र चौहान ही पूरे पांच साल तक शिमला नगर निगम के मेयर बने रहेंगे। पूर्व भाजपा सरकार ने नगर निगम शिमला में मेयर पद के लिए अढ़ाई-अढ़ाई साल के कार्यकाल का प्रावधान किया था। उस नियम के अनुसार

### सुरेंद्र चौहान का कार्यकाल बढ़ाने की चर्चाएं तेज, कैबिनेट बैठक में हो सकता है फैसला

अब मेयर पद अनुसूचित जाति की महिला के लिए आरक्षित होना चाहिए। मेयर सुरेंद्र चौहान और डिप्टी मेयर उमा कौशल ने 15 मई 2023 को पद की शपथ ली थी। अब इनका आधा कार्यकाल पूरा होने से पहले ही निगम में नए समीकरणों की चर्चा शुरू हो गई है।

यदि अढ़ाई-अढ़ाई साल का आरक्षण प्रावधान बरकरार रहता है, तो मेयर पद पर अनुसूचित जाति की महिला पार्षद का चयन तय माना जा रहा है। इस स्थिति में सिमी नंदा सबसे प्रबल दावेदार मानी जा रही हैं, जो तीन बार पार्षद रह चुकी हैं और निगम की राजनीति में प्रभावशाली मानी जाती हैं। उनके अलावा उर्मिला कश्यप और रचना का नाम भी चर्चा में है। मगर यदि सरकार नियम बदल देती है, तो इन दावेदारों की राह अपने आप रुक जाएगी और सुरेंद्र चौहान का कार्यकाल स्वतः बढ़ जाएगा। डिप्टी मेयर पद पर आरक्षण लागू नहीं होता, इसलिए इस पद के लिए भी सियासी खींचतान शुरू हो गई है। चम्याणा वार्ड से पार्षद नरेंद्र ठाकुर, जो पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह के करीबी माने जाते हैं, डिप्टी मेयर की दौड़ में आगे बताए जा रहे हैं। इसके अलावा सुषमा कुठियाला भी इस पद के लिए जोर आजमाइश कर रही हैं। दोनों ही नेता कांग्रेस पार्षदों से लगातार संपर्क में हैं और समर्थन जुटाने में लगे हैं। नगर निगम शिमला में कांग्रेस का पलड़ा फिलहाल भारी है। कुल 34 वार्डों में कांग्रेस के पास मेयर और डिप्टी मेयर सहित 25 पार्षद हैं, जबकि भाजपा के पास 8 और माकपा के पास एक पार्षद है। नगर निगम के दायरे में तीन विधानसभा क्षेत्र शिमला शहरी, शिमला ग्रामीण और कुसुम्पटी आते हैं। इनमें से शिमला शहरी से सबसे ज्यादा 18 पार्षद हैं, जबकि शिमला ग्रामीण से 4 और कसुम्पटी से 12 पार्षद निगम में शामिल हैं।

# लवी मेले का महत्व बढ़ाना प्राथमिकता : उपायुक्त

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**



**रामपुर बुशहर।** उपायुक्त शिमला एवं अध्यक्ष लवी मेला रामपुर अनुपम कश्यप ने कहा कि लवी मेला रामपुर के महत्व को बढ़ाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से व्यापार मेला है और इसका स्वरूप सब मेले से हटकर है। इस मेले का ऐतिहासिक महत्व है और बदलते समय के साथ इसके महत्व को बढ़ावा देना जरूरी है।

कश्यप आज रामपुर में लेवी मेले के आयोजन को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान स्टाल्स का आवंटन समय रहते कर दिया जाए, ताकि मेला शुरुआत से पूरी तरह से भरा लगे। उन्होंने मेले के दौरान बेचे जा रहे सामान और खाद्य पदार्थों की निरंतर जांच करने के निर्देश दिए ताकि लोगों की सेहत और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### एक से तीन नवंबर तक लगेगी अश्व प्रदर्शनी

बैठक में बताया कि अश्व प्रदर्शनी का आयोजन एक से 3 नवंबर 2025 तक किया जाएगा। प्रदर्शनी में पड़ोसी राज्यों को भी भाग लेने के लिए आमंत्रित करने के लिए कहा। इसके अतिरिक्त, उन्होंने पशुपालन विभाग को इस दौरान एक कार्यशाला आयोजित करने के भी निर्देश दिए।

उपायुक्त ने मेला स्थल पर लगने वाले झूलों की रोज जांच करने के निर्देश दिए, ताकि लोगों और खासकर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने इस कार्य के लिए समिति गठित करने के निर्देश दिए। मेले के दौरान हिमाचली कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी। उपायुक्त ने सीडीपीओ सराहन को मेला अवधि के दौरान एक दिन बाल आश्रम के और अन्य निराश्रित बच्चों को मेला घुमाने और झूले दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत निराश्रित बच्चों की देखभाल प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन का कर्तव्य है। मेले में कबड्डी, बॉक्सिंग, बैडमिंटन और मिनी मैराथन शामिल रहेंगी। विधायक रामपुर नंद लाल ने कहा कि लवी मेले के दौरान हर वर्ष विभिन्न विभागों द्वारा प्रदेश सरकार की विभिन्न विकासात्मक योजनाओं और नीतियों पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस बार भी प्रदर्शनी बेहतर और शिक्षित करने वाली हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए।

# मनकोटिया के विकास कार्यों की सिंटू राणा ने की सराहना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अतिंदरपॉल सिंह उर्फ सिंटू राणा ने कहा है कि जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व प्रत्याशी सुरिंदर मनकोटिया के नेतृत्व में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मनकोटिया ने 2022 के विधानसभा चुनावों में हार के बावजूद क्षेत्र के लोगों से नाता नहीं तोड़ा और लगातार जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।



सिंटू राणा शिमला से जारी बयान में कहा कि मनकोटिया हमेशा से कर्मचारी राजनीति के पुरोधा रहे हैं और उनका दरवाज़ा हर वर्ग के लोगों के लिए खुला रहता है। क्षेत्र की समस्याओं को लेकर वह समय-समय पर संबंधित अधिकारियों, मंत्रियों और सरकार के समक्ष मुद्दे उठाते रहे हैं। राणा के अनुसार, उनके निरंतर प्रयासों के चलते जसवां-परागपुर में विकास की गति लगातार तेज हुई है।

राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि 2027 के विधानसभा चुनावों में सुरिंदर मनकोटिया भारी मतों से विजय प्राप्त करेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि निकट भविष्य में देहरा को पूर्ण जिला घोषित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो सकेगी।

# शिक्षा मंत्री ने देवरी-खनेटी पंचायतघर का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर लोगों को संबोधित करते हुए।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने गुरुवार को कोटखाई उपमंडल की देवरी-खनेटी पंचायत में नव-निर्मित पंचायत घर का लोकार्पण किया। यह भवन 14 लाख 80 हजार रुपए की लागत से तैयार किया गया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह भवन पंचायत के प्रशासनिक कार्यों को सुगमता और दक्षता प्रदान करेगा। मंत्री ने स्थानीय जनता को इस भवन के लिए बधाई दी और पंचायत भवन के फर्नीचर के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

उन्होंने कहा कि देवरी-खनेटी पंचायत की अलांवग-नक्सेटली-रेयोघाटी वाया कांगी नाला सड़क की प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है, जिसका निर्माण 2.92 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। इसके साथ ही 30 लाख रुपए की लागत से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देवरी-खनेटी का नया भवन भी निर्माणाधीन है। उन्होंने बताया कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में 10 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के भवनों का निर्माण हो रहा है, जिनमें देवरी-खनेटी में एक करोड़ 82 लाख रुपए की लागत से स्वास्थ्य केंद्र भी शामिल है।

मंत्री ने कहा कि जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र सेब उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है और सेब प्रदेश की आर्थिकी की रीढ़ है। करीब पांच लाख लोग प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इस कारोबार से जुड़े हुए हैं। ऐसे में सड़कों की कनेक्टिविटी ही बागवानों की जीवन रेखा है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस समय पूरे विधानसभा क्षेत्र में सड़क निर्माण पर लगभग 400 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। अब तक 141 नई सड़कों की प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है, जिससे हर गांव को सड़क सुविधा से जोड़ा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भारी मानसून से सड़क ढांचे को करीब 3 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है, परंतु सरकार ने शीघ्र ही क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण का कार्य आरंभ कर दिया है। इस अवसर पर कांग्रेस मंडल अध्यक्ष जुब्बल-नावर-कोटखाई मोतीलाल डेरटा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं कोटखाई तहसील यूनियन अध्यक्ष गुमान सिंह चौहान, पंचायत प्रधान नीरज रोंगटा, बदरूनी पंचायत के प्रधान सतीश बासोली, एसडीएम जुब्बल/ कोटखाई गुरमीत नेगी, बीडीओ करण सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

**तैयारी**

## अन्य राज्यों से सीख लेकर बढ़ाया कदम, निजी कंपनियों को टेंडर से किया जाएगा चयनित

# हिमाचल की आर्थिकी सुधारने को लॉटरी शुरू करने की तैयारी!

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल सरकार एक बार फिर अपनी आर्थिक बुनियाद को सशक्त करने की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा चुकी है। एक लाख करोड़ रुपए से अधिक के कर्ज तले दबा राज्य अब अपने राजस्व के नए स्रोत तलाश रहा है, इसी क्रम में सरकारी लॉटरी की पुनः शुरुआत अब लगभग तय मानी जा रही है। जुलाई 2025 में हुई मंत्रिमंडल बैठक में इस नीति को मंजूरी दी जा चुकी थी और अब सभी औपचारिक तैयारियां लगभग पूरी मानी जा रही हैं।





सूत्रों का कहना है कि सरकार की ओर से जारी दिशा-निर्देशों और टेंडर प्रक्रिया के अंतिम चरण के पूरा होते ही लॉटरी किसी भी समय शुरू की जा सकती है। लॉटरी की टिकट बिक्री से राज्य को हर वर्ष 50 करोड़ से 100 करोड़ रुपए तक का राजस्व मिलने की संभावना है। यह आय विकास परियोजनाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और आपदा राहत कार्यों में उपयोग की जाएगी। सरकार ने इसकी रूपरेखा तैयार करते समय उन राज्यों का अध्ययन किया है जहां लॉटरी व्यवस्था सफल रही है।

केरल, पंजाब और सिक्किम जैसे राज्यों में यह प्रणाली वर्षों से पारदर्शी ढंग से संचालित हो रही है। राज्य में लॉटरी संचालन के लिए पूर्ण पारदर्शिता और डिजिटल व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। निजी कंपनियों को टेंडर के माध्यम से चयनित किया जाएगा और बिक्री की निगरानी आधुनिक प्रणाली से होगी, ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी या विवाद की संभावना न रहे। लॉटरी दोबारा शुरू करने को लेकर भाजपा इसे सामाजिक दृष्टि से अनुचित करार दे चुकी है। दूसरी ओर, सामाजिक संगठनों ने यह चेतावनी दी है कि यदि इस व्यवस्था में नियंत्रण और पारदर्शिता नहीं रखी गई तो यह निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए नुकसानदायक सिद्ध हो सकता है।

### वर्षांत तक खुल सकते हैं भाग्य के द्वार

**सरकार** के उच्च स्रोतों के अनुसार, टेंडर प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है और सभी आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त हो चुकी हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि यदि प्रक्रिया में कोई विलंब नहीं हुआ, तो लॉटरी की बिक्री नवंबर या दिसंबर 2025 से किसी बीच में शुरू की जा सकती है। प्रारंभिक रूप से प्रदेश में साप्ताहिक और मासिक दोनों प्रकार की योजनाएं लागू होंगी, जिन्हें चरणबद्ध ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा।

### राज्य की कमजोर वित्तीय स्थिति को मिलेगा सहारा

**वित्त** विभाग का मानना है कि लॉटरी से प्राप्त धनराशि हिमाचल के राजस्व घाटे को कम करने में सहायक सिद्ध होगी। यह निर्णय राज्य को वित्तीय स्वावलंबन की दिशा में नई ऊर्जा प्रदान कर सकता है। यदि यह योजना पारदर्शिता और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ लागू की गई, तो यह प्रदेश की वित्तीय मजबूती का नया अध्याय बन सकती है। वहीं यदि निगरानी ढीली रही, तो यह भारी असंतुलन भी पैदा कर सकती है। अब नजरें सरकार की उस घोषणा पर टिकी हैं जब वह बताएगी कि हिमाचल में लॉटरी की पहली टिकट कब बिकेगी।

# मंत्री विक्रमादित्य ने टूटू-मज्याठ में विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



विक्रमादित्य सिंह टूटू में विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए।

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने गुरुवार को टूटू और मज्याठ में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान तवी मोड़ पर स्थानीय लोगों ने मंत्री का भव्य स्वागत किया और चौक निर्माण की मांग रखी। बरसात में ड्रेनेज की समस्या के समाधान के लिए मंत्री ने एनएचएआई अधिकारियों को मौके पर गुमटी और साइनेज लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने तवी मोड़ से एनएच तक निर्माणाधीन ड्रेन, पावर हाउस के पास रेन शेल्टर और न्यू टूटू में बिजली बोर्ड कार्यालय के पास प्रस्तावित पार्किंग स्थल का भी निरीक्षण किया। मंत्री ने आयुर्वेदिक हेल्थ सेंटर के लिए उपयुक्त भूमि चयन के निर्देश राजस्व विभाग को दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सेंटर निजी भवन में संचालित है, जबकि वार्ड में कोई स्थायी हेल्थ सेंटर नहीं है। इसके अलावा, उन्होंने टूटू में प्रस्तावित कम्युनिटी सेंटर कम पार्किंग के नक्शे को शीघ्र तैयार करने के आदेश दिए।




# सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत

## कांगड़ा बाईपास के समीप पेश आया हादसा, दुर्घटनाग्रस्त वैन में पिछली सीट पर बैठे दो बच्चे सुरक्षित

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला/कांगड़ा**

पुलिस थाना कांगड़ा के तहत घटित दर्दनाक हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई। वहीं, दो मासूम बच्चे बाल-बाल बचे। मृतकों की पहचान 27 वर्षीय कुलदीप पुत्र होशियार सिंह निवासी भाटी डाकघर सकोट व 26 वर्षीय तमन्ना पत्नी कुलदीप कुमार के रूप में हुई है।

दुर्घटनाग्रस्त वैन में पिछली सीट पर बैठे बच्चे 6 वर्ष का सक्षम व 4 साल की परीक्षा सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार मारुति वैन नंबर एचपी-01डी -5741 कांगड़ा बाईपास के नजदीक बन रहे डंगे से जा टकराई। दुर्घटना के तुरंत बाद वहां काफी लोग एकत्रित हो गए तथा पुलिस को सूचित किया गया। यह हादसा इतना जबरदस्त था कि दुर्घटना के बाद दोनों को पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से बड़ी मुश्किल से वैन से बाहर निकाला गया। डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया कि स्थानीय लोगों के सहयोग से वैन की अगली सीट पर सवार कुलदीप व तमन्ना को उपचार के लिए डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

उन्होंने बताया कि अभी तक यह पता नहीं चल सका कि दोनों पति-पत्नी कहां जा रहे थे। उधर, एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने बताया कि सकोट गांव का एक दंपती वैन में आ रहा था। वैन कांगड़ा में डंगे से टकरा गई, जिससे वैन चालक व उसकी पत्नी की मौत हो गई, जबकि पिछली सीट पर बैठे दो छोटे बच्चों का बचाव हो गया है। यह हादसा लिंक रोड पर हुआ है जो कि फोरलेन के साथ जुड़ता है। इस मामले में आगामी कार्रवाई की जा रही है।



**सकोट गांव के दंपती वैन में आ रहा थे, डंगे से टकराया वाहन**

पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से बड़ी मुश्किल से वैन से बाहर निकाला दंपती।


## फरसेटगंज स्कूल के स्टूडेंट्स ने किया थाने का दौरा

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज।** जिला मुख्यालय धर्मशाला के साथ लगते मैक्लोडगंज पुलिस थाना में फरसेटगंज स्कूल के छात्रों के लिए कानूनी पढ़ाई की पाठशाला आयोजित की गई। फरसेटगंज स्कूल के 40 छात्रों ने अपने कक्षा शिक्षकों के साथ पुलिस थाना मैक्लोडगंज का दौरा किया। छात्रों को पुलिस की कार्यप्रणाली, साइबर अपराध, महिलाओं के विरुद्ध अपराध और यातायात नियमों, नशीली दवाओं के दुरुपयोग, साइबर सुरक्षा, छेड़छाड़ और सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर एसएचओ दीपक ठाकुर की ओर से छात्रों को विभिन्न विषय के बारे में जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि इस भ्रमण से छात्रों को पुलिस की कार्यप्रणाली को समझने और बेहतर समन्वय बनाने में मदद मिली।

## नगरोटा बगवां में दो युवकों से 110 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

**पुलिस** थाना नगरोटा बगवां की टीम ने 110 ग्राम चरस सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान 29 वर्षीय चन्दन राणा पुत्र निवासी गांव व डाकघर मुंडी तहसील धीरा और 29 वर्षीय अक्षय कुमार निवासी गांव बलोह डाकघर साई तहसील थुरल के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर पुलिस थाना नगरोटा बगवां में मामला दर्ज किया गया है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि उक्त आरोपी लंबे समय से नशे के अवैध धंधे में सक्रिय थे और निरंतर पुलिस की निगरानी में थे। बुधवार को जब उक्त आरोपीगण नगरोटा बगवां सब्जी मंडी के पास चरस बेचने की फिराक में थे, तभी पुलिस थाना नगरोटा बगवां की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर इन्हें रंगे हाथों काबू किया तथा इनके कब्जे से 110 ग्राम चरस बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।



पुलिस टीम के गिरफ्तार किए गए चरस आरोपी।

# सुभाष अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष नियुक्त

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** भाजपा मंडल अप्पर बैजनाथ के मोर्चा अध्यक्षों ने अपने-अपने मोर्चे की कार्यकारिणी की घोषणा की। समस्त मोर्चों के अध्यक्षों ने बताया कि मंडल अध्यक्ष, जिला के मोर्चा अध्यक्षों, जिला अध्यक्ष व समस्त शीर्ष नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श करने के उपरांत कार्यकारिणी का विस्तार किया है।

उन्होंने कहा कि वह समस्त पदाधिकारियों व सदस्य गणों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं और कर्मठता से पार्टी के कार्य करने की उपेक्षा करते हैं।

मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र कपूर, मंडल प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष पवन चौधरी, मंडल चंद किरण भंगालिया, मंडल उपाध्यक्ष सुनील राणा, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष सुभाष दयोलिया, युवा मोर्चा अध्यक्ष कुलदीप राणा, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष अश्विनी चौधरी और किसान मोर्चा के अध्यक्ष अजय कुमार उपस्थित रहे। भाजपा मंडल अप्पर बैजनाथ के अध्यक्ष सुरेंद्र कपूर ने बताया कि अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष पद के लिए सुभाष दयोलिया को नियुक्त किया।

वहीं, महामंत्री के लिए अशोक कुमार व विशन दास, उपाध्यक्ष पद के लिए सतीश कुमार, डोकू राम, भानचंद बालक राम, सचिव पद के लिए राकेश कुमार, बंटू सुरेश, अमित व भीमसेन, विजय कुमार को कोषाध्यक्ष तथा कार्यकारिणी सदस्यों में लालचंद, देशराज,सुरजीत, पवन कुमार, पिंकी देवी, मीरा देवी, अमर सिंह, जगदीश नेगी, सतीश चंद, प्रीतम चंद, गुलाब चंद, गुलाब चंद माधोराम, सुखराम, वकील चंद, त्रिलोक चंद, बीरू राम, प्रीतम चंद, सुरेंद्र कुमार को नियुक्त किया गया।

इसके साथ उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अनुसूचित जनजाति की कार्यकारिणी का गठन कर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई।

**अशोक कुमार विशन दास को बनाया महामंत्री**

# सीएसपी संचालकों ने एसपी विजिलेंस को सौंपा ज्ञापन

## संचालकों ने कंपनी की ओर से काटी गई अतिरिक्त राशि की जांच की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**बैंक** का निजी कंपनी के माध्यम से कस्टमर सर्विस प्वॉइंट (सीएसपी) का काम करने वाले संचालकों ने वीरवार को एसपी विजिलेंस को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से संचालकों ने विजिलेंस से कंपनी की ओर से अतिरिक्त राशि काटने की जांच कर पैसा वापस दिलाने की मांग की है। सीएसपी संचालक राजेंद्र मोहन शर्मा ने बताया कि पिछले दो-तीन वर्षों से विभिन्न सेवाओं के नाम पर कंपनी द्वारा बैंक केपिटल से पैसे काटे जा रहे थे।

इस बारे पूछने पर जवाब मिलता था कि आपका टीडीएस कटा है, जो रिफंड हो जाएगा। ऐसे में हर सीएसपी संचालक के साल में करीब साढ़े चार हजार रुपए काटे गए। उन्होंने बताया कि पहले कमीशन मिलती थी, उसमें से टीडीएस कटता था, जबकि बाकी पेमेंट संचालकों के बैंक खाते में आ जाती थी।

अब टीडीएस के नाम पर वर्किंग केपिटल से पैसा काटा जा रहा है। कंपनी द्वारा जो सीएसपी संचालकों के अतिरिक्त पैसे काटे गए हैं, उसकी जांच कर पैसे वापस दिलाए जाएं, यह मांग विजिलेंस विभाग से की गई है। उन्होंने बताया कि एसपी विजिलेंस ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है।



एसपी विजिलेंस ने कंपनी की ओर से अतिरिक्त राशि काटने के मामले की जांच करने का आश्वासन दिया।

## पारस अवस्थी शाहपुर भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री नियुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** शाहपुर भाजपा मंडल ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारियों की नई सूची जारी की। इस सूची में पारस अवस्थी को शाहपुर मंडल भाजपा युवा मोर्चा का महामंत्री नियुक्त किया गया है। पारस अवस्थी को इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यकारी सदस्य के रूप में भी चुना गया है। इससे पहले उन्होंने भाजपा के सोशल मीडिया टीम के जिला सहसंयोजक और आईटी टीम के सदस्य के रूप में संगठन में सक्रिय भूमिका निभाई है। उनकी मेहनत, समर्पण और दूरदर्शिता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।



पारस अवस्थी ने अपनी नियुक्ति पर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष तपन मिन्हास, महासचिव अरुण कौशल, जिला सोशल मीडिया संयोजक पारस शर्मा, पूर्व भाजपा जिला महामंत्री राकेश चौहान, शाहपुर भाजपा मंडल के अध्यक्ष रविदत्त शर्मा और शाहपुर मंडल भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष नीरज धीमान के साथ-साथ संगठन के शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया। इस अवसर पर पारस अवस्थी ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे मैं पूरी लगन और निष्ठा से निभाऊंगा। मेरा प्रयास रहेगा कि युवाओं में राजनीति के प्रति रुचि और सहभागिता बढ़े।

# लगां स्कूल जिलास्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियन

## चौथी बार जिलास्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का ताज झटका



लड़कियों ने श्लोक उच्चारण में प्रथम स्थान हासिल किया।

**शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान**

**परागपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पलियार (स्थित लगां) ने लगातार चौथी बार जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियन बनकर स्कूल का परचम लहराया है।

लगां स्कूल में आयोजित इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में जिलेभर के कई विद्यालयों ने भाग लिया। लगां स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से निर्णायक मंडल का दिल जीत लिया। लोकनृत्य, संस्कृत गीतिका, संस्कृत श्लोक उच्चारण, समूह गान, वाद्ययंत्र और नाटक जैसी श्रेणियों में उन्होंने अपनी कलात्मक प्रतिभा का ऐसा प्रदर्शन किया कि हर मंच तालियों की गूंज से भर उठा। लड़कियों ने श्लोक उच्चारण, वाद्ययंत्र, नाटक और लोकनृत्य में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि लड़कों ने संस्कृत गीतिका, संस्कृत श्लोक उच्चारण, समूह गान और लोकनृत्य में बाजी मारी। इस शानदार प्रदर्शन के दम पर विद्यालय को एक बार फिर जिला का समग्र विजेता (ओवरऑल चैंपियन) घोषित किया गया। अब लगां स्कूल की विजेता टीम सिरमौर के अम्बोआ में होने वाली राज्यस्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में जिला कांगड़ा का प्रतिनिधित्व करेगी। विद्यालय की कार्यकारी प्रधानाचार्या सीमा देवी, शिक्षक राकेश राणा, कुलदीप सिंह राणा तथा पूरे स्टाफ ने छात्रों की इस उपलब्धि को विद्यालय की मेहनत, अनुशासन और सामूहिक भावना का परिणाम बताया।

## वैज्ञानिक डॉ. सुभाष 'आईएसवीआईबी फेलो पुरस्कार 2025' के लिए चयनित

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

पालमपुर। चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर ने एक और उपलब्धि हासिल की है। डॉ. जीसी नेगी पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के पशु चिकित्सा सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ. सुभाष वर्मा को भारतीय पशु चिकित्सा प्रतिरक्षा विज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी सोसायटी की ओर से 'आईएसवीआईबी फेलो पुरस्कार 2025' के लिए चुना गया है।



यह पुरस्कार 6-8 नवंबर, 2025 को भाकृअनुपरि-भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, मुक्तेश्वर में आयोजित होने वाले के 30वें वार्षिक सम्मेलन और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान प्रदान किया जाएगा। डॉ. वर्मा को यह पुरस्कार व्यक्तिगत रूप से ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया गया है। कुलपति डॉ. एके पांडा ने डॉ. वर्मा को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी और पशु चिकित्सा सूक्ष्म जीव विज्ञान, प्रतिरक्षा विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से जुगाली करने वाले पशुओं के संक्रामक रोगों के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की राष्ट्रीय स्तर की मान्यताएं पशु चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान में उत्कृष्टता के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को बढ़ाती हैं।

## डाडासीबा में पेंशनर्स संघ की बैठक 29 को

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** कांगड़ा पेंशनर्स संघ ब्लॉक परागपुर की बैठक 29 अक्तूबर बुधवार को डाडासीबा में स्थित राधाकृष्ण मंदिर में आयोजित होगी। ब्लॉक प्रेस सचिव कुलदीप सपेहिया ने बताया कि बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

## भैयादूज पर मटौर चौक में लगा जाम, यात्री हुए परेशान




**अनंत ज्ञान, गगल**

भैयादूज के पर्व पर मटौर चौक पर सैकड़ों वाहन लंबे समय तक जाम में फंसे रहे। इतना ही नहीं जाम इतना लंबा होने के कारण एंबुलेंस भी जाम में फंस गई। जाम की स्थिति को संभालना यातायात कर्मियों को भी मुश्किल हो गया था। जाम मटौर चौक से लेकर इच्छी तक और उधर मटौर चौक से लेकर कछियारी तक पहुंच गया। वाहन चालकों के अलावा राहगीर भी काफी परेशान हुए।

## प्रदेशाध्यक्ष की दौड़ में आरएस बाली का नाम आने से युवाओं जोश: शुभम

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।**

कांगड़ा जिले से विधायक एवं पर्यटन विभाग चेयरमैन (कैबिनेट रैंक) रघुवीर सिंह बाली का नाम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद की दौड़ में प्रमुखता से उभरा है, वैसे ही पूरे प्रदेश में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई है। जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष शुभम नांगला ने कहा कि आरएस बाली के नेतृत्व में युवाओं को नई दिशा और ऊर्जा मिल रही है। उनका नम्र स्वभाव, सौम्यता और गुस्से से दूरी उन्हें एक कुशल और लोकप्रिय नेता के रूप में स्थापित कर रही है।

नांगला ने कहा कि कांगड़ा जिला हिमाचल की राजनीति में हमेशा निर्णायक भूमिका निभाता रहा है। ऐसे में अगर पार्टी आलाकमान ने बाली को प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी, तो इससे संगठन और युवा कार्यकर्ताओं के बीच संतुलन कायम होगा, संगठन मजबूत होगा और आगामी पंचायत चुनावों में कांग्रेस को बड़ी सफलता मिलेगी।

# कार्तिकेय सेंटर के 10 होनहार पुलिस में भर्ती



2022 से अब तक इस कार्तिकेय सेंटर के करीब 140 विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित हो चुके हैं।

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** कार्तिकेय सेंटर बैजनाथ के 10 होनहार हिमाचल पुलिस में हुए भर्ती। इनमें शिवम चंदेल बैजनाथ, निशांत कपूर धानग, श्रेया धीमान बैजनाथ, शगुन मेहरा पपरोला, ज्योति बरवाल भड़ोल, नीलाक्षी बैजनाथ, शिल्पा महाकाल, कार्तिक ऐहजू, राहुल पंचरुखी व प्रियंका मनियाडा से शामिल हैं। कार्तिकेय सेंटर बैजनाथ के एमडी कार्तिक सूद ने बताया कि इन विद्यार्थियों ने उनके सेंटर में पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए कोचिंग ली थी। इन सभी को फिजिकल ट्रेनिंग भी दिलाई गई थी। 2022 से अब तक इस संस्थान के 140 के करीब विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित हो चुके हैं।

**निर्देश** विधायक बोले- विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

# क्षतिग्रस्त सड़कों को जल्द करें ठीक : पठानिया

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर**

**शाहपुर** विधानसभा क्षेत्र में बरसात से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत का कार्य शीघ्र पूरा किया जाएगा, ताकि आमजन को आवाजाही में कोई कठिनाई न हो।

यह जानकारी शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने रैत में दी। उन्होंने बताया कि एनएचएआई अधिकारियों के साथ हुई बैठक में उन्होंने चंबी, लदवाड़ा, सारनू सहित अन्य क्षेत्रों की सड़कों की खराब स्थिति पर चिंता व्यक्त की थी। लगातार बारिश के कारण बड़े-बड़े गड्ढे बनने से लोगों, विशेषकर मरीजों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। विधायक पठानिया ने कहा कि अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि इन सड़कों को शीघ्र दुरुस्त किया जाए। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी क्षतिग्रस्त हिस्सों को जल्द ठीक कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि रैत से चंबी, लदवाड़ा मार्ग पर क्षतिग्रस्त सड़क पर टारिंग का कार्य पूरा हो गया है, जबकि पुहाड़ा के पास सड़क सुधार कार्य जारी है। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आने वाली अन्य सड़कों की मरम्मत भी प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी। विधायक ने बताया कि रैत-कोहला-बल्ला सड़क का निर्माण कार्य, जो भारी बारिश के कारण रुका हुआ था, अब शीघ्र शुरू कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त विधानसभा क्षेत्र की अन्य सड़कों का निर्माण कार्य भी चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जनता की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि है।



शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में बरसात से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत का कार्य शीघ्र पूरा किया जाएगा।

# डीआईएफएफ: यंग अडल्टस प्रोग्राम के तहत होगा तीन फिल्मों का प्रदर्शन

## ग्रामीण बिहार से लेकर बेंगलुरु और मणिपुर तक को देखने की मिलेगी झलक, फिल्म फेस्टिवल की तैयारियां अंतिम चरण में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

**धर्मशाला** इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (डीआईएफएफ) में तिब्बती चिल्ड्रन्स विलेज के बच्चों पर बनी बिग ट्रेजर चेस्ट फॉर फ्यूचर किड्स फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग होगी। इसके अलावा आजूर, वर्ड ऑफ ए डिफरेंट फीदर व बूंग फिल्म का भी प्रदर्शन होगा।

30 अक्तूबर से 2 नवंबर तक आयोजित होने वाले धर्मशाला फिल्म फेस्टिवल की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। डीआईएफएफ के सह-संस्थापक, फिल्म निर्माता रितु सरीन और तेन्जिन सोनम ने बताया कि इस बार फेस्टिवल में यंग अडल्टस प्रोग्राम के तहत उपरोक्त तीन फीचर फिल्में प्रदर्शित होंगी, जो कि उम्र बढ़ने की कहानियों के माध्यम से हमारे युवा दर्शकों के अनुभवों, सवालों और सपनों को बयां करती हैं, जो उम्र और सीमाओं से परे गूंजती हैं। ग्रामीण बिहार से लेकर बेंगलुरु और मणिपुर की घाटी तक, हर फिल्म साहस और अपनेपन की तलाश से गढ़े गए जीवन की एक झलक पेश करती है।



तिब्बती चिल्ड्रन्स विलेज के बच्चों पर बनी बिग ट्रेजर चेस्ट फॉर फ्यूचर किड्स फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग होगी।

### जिद्दी बच्ची की कहानी है आजूर

आजूर उत्तर बिहार की एक दस साल की जिद्दी बच्ची सलोनी की कहानी है, जो अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए सामाजिक मानदंडों को चुनौती देती है। अपनी मां के असमय निधन के बावजूद, सलोनी घर के काम संभालती है और अपने पिता की मदद करती है, लेकिन फिर भी उसे सामाजिक तिरस्कार का सामना करना पड़ता है। सोनिया एस की आत्मकथा पर आधारित, वर्ड ऑफ ए डिफरेंट फीदर, ऐल्बिनिजम से पीड़ित 12 वर्षीय लड़की सोनिया की युवावस्था की कहानी है।



### 'बूंग' में मां को हैरान करने की योजना बनाता है बेटा

**बूंग** फिल्म में मणिपुर की घाटी में, बूंग (एक छोटा लड़का), अपनी मां को एक उपहार देकर आश्चर्यचकित करने की योजना बनाता है। अपनी मासूमियत में, वह मानता है कि अपने अनुपस्थित पिता को घर वापस लाना सबसे खास उपहार होगा। बूंग की अपने पिता की तलाश उसकी दुनिया को तहस-नहस कर देती है, लेकिन उसे एक अप्रत्याशित उपहार मिलता है।

# हिमाचल के ऊंचे इलाकों में स्नो लेपर्ड प्रजाति की संख्या बेहतर

## वाइल्ड लाइफ विंग ने आरईएसएम और एलएलटी के सहयोग से किया सर्वे

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश वन विभाग के वन्यजीव विंग की ओर से प्रदेश में दूसरे स्नो लेपर्ड की गणना में राज्य के ऊंचे इलाकों में इस महत्वपूर्ण प्रजाति की बेहतर संख्या की पुष्टि हुई है। एक साल में पूरा हुआ यह सर्वे हिमाचल प्रदेश स्नो लेपर्ड की निगरानी में फिर से अग्रणी साबित हुआ।

यह खास अध्ययन आरईएसएम और एलएलटी के सहयोग से हिमाचल प्रदेश वाइल्ड लाइफ विंग ने मिलकर किया, जिसमें स्नो लेपर्ड ट्रस्ट (एसएलटी) और रॉयल एनफील्ड सोशल मिशन ने मदद दी। 26,000 वर्ग किलोमीटर स्नो लेपर्ड आवास के छह मुख्य क्षेत्रों पर बड़े पैमाने पर कैमरा-ट्रैपिंग मेथड का उपयोग करते हुए सर्वे में 44 विभिन्न वयस्क स्नो लेपर्ड का पता चला, जो 2021 के आकलन के बराबर है। इनकी 262 बार फोटो खींची गईं, जिससे राज्यव्यापी जनसंख्या का अनुमान 83 स्नो लेपर्ड (शावकों के अतिरिक्त) लगाया गया। इस सर्वे में स्नो लेपर्ड का घनत्व 0.16 से 0.53 व्यक्ति प्रति वैयक्तिक के बीच पाया गया, जिसमें स्पीति और पिन घाटी के ट्रांस-हिमालयन क्षेत्रों में सबसे अधिक घनत्व दर्ज किया गया। इसके बाद ऊपरी किन्नौर और ताबो का स्थान रहा। अमिताभ गौतम, चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन, हिमाचल प्रदेश ने कहा कि यह अध्ययन नेचर कंजर्वेशन फाउंडेशन (एनसीएफ) द्वारा हिमाचल प्रदेश वन विभाग के वन्यजीव विंग के साथ साझेदारी में किया गया। हिमाचल के स्नो लेपर्ड खतरे में हैं और वन विभाग का वाइल्ड लाइफ विंग उनके संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। डॉ. कौस्तुभ शर्मा, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, जीएसएलईपी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश उन कुछ प्रांतों में से एक है, जो स्नो लेपर्ड के आवास क्षेत्र में पीएडब्ल्यूएस (पॉपुलेशन असेसमेंट ऑफ द वर्ल्ड्स स्नो लेपर्ड्स) से सीएलएडब्ल्यूएस (कंटीन्यूअस लॉन्ग टर्म असेसमेंट ऑफ द वर्ल्ड्स स्नो लेपर्ड्स) में पहले ही स्थानांतरित हो चुका है। एक सर्वोच्च परभक्षी के रूप में, स्नो लेपर्ड अपने पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य का थर्मामीटर है। इस तेजी से बदलते विश्व में स्नो लेपर्ड की जनसंख्या की निरंतर निगरानी, पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के लिए खतरों का पता लगाने और उनका समाधान करने के लिए महत्वपूर्ण होगी। परिणामों में 83 स्नो लेपर्ड (रेंज 67-103) दर्ज किए गए, जो पिछले आकलन की संख्या 51 (रेंज 44-73) की तुलना में इंगित करते हैं कि जनसंख्या में संभावित वृद्धि हुई है। दीपशिखा शर्मा, प्रोग्राम मैनेजर, नेचर कंजर्वेशन फाउंडेशन ने कहा कि ट्रांस-हिमालय का इलाका दुनिया के सबसे खास पारिस्थितिकी तंत्रों को समेटे हुए है, लेकिन ये जलवायु परिवर्तन से बहुत आसानी से प्रभावित हो जाते हैं। महत्वपूर्ण प्रजातियों खासकर स्नो लेपर्ड और उसके शिकार का ट्रैक करना इन जगहों के बदलाव को समझने के लिए जरूरी है। हिमाचल प्रदेश वन विभाग, स्थानीय समुदायों, रॉयल एनफील्ड सोशल मिशन और स्नो लेपर्ड ट्रस्ट के साथ मिलकर, हम कैमरा ट्रैप्स से स्नो लेपर्ड इलाकों की अच्छी निगरानी कर पाए हैं।



सर्वे में 44 विभिन्न वयस्क स्नो लेपर्ड की जानकारी मिली

### तिब्बती संदूक में सहेजे 12 देशों के बच्चों के संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** तिब्बती संदूक में विश्व के बारह देशों के बच्चों को सहेजा गया है। संदूक को बच्चों ने संदेशों, चित्रों व वस्तुओं से भर दिया था। इस संदूक को धर्मगुरु दलाईलामा ने सील किया था, जिसे 25 वर्ष बाद खोला जाना है, ऐसे में यह कहना गलत होगा कि यह संदूक टीसीवी स्कूल के कमरे में वर्ष 2050 का इंतजार कर रहा है। वर्ष 2000 में, धर्मशाला स्थित टीसीवी में स्कूल के 800 से ज्यादा छात्रों ने भविष्य के बच्चों के लिए बड़ा खजाना नामक एक अंतरराष्ट्रीय परियोजना में भाग लिया, जहां 12 देशों के बच्चों ने खजाने के बक्सों में संदेश लिखे, जिन्हें 50 साल बाद ही बंद करके खोला जाएगा। डीआईएफएफ 2025 के दौरान इस संदूक को सील किए जाने के 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में, टीसीवी में बड़ा खजाना फिल्म का एक पुनर्स्थापित संस्करण प्रदर्शित किया जाएगा। डीआईएफएफ के सह-संस्थापक, फिल्म निर्माता रितु सरीन और तेन्जिन सोनम की देखरेख में बच्चों ने भविष्य के बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए एक तिब्बती संदूक को संदेशों, चित्रों और वस्तुओं से भर दिया। धर्मगुरु दलाईलामा ने इस संदूक को सील कर दिया, जो 2050 तक बंद रहेगा। रितु और तेन्जिन ने इस घटना को दर्ज करने के लिए एक फिल्म भी बनाई है।

**दलाईलामा ने किया था संदूक को सील**

**टीसीवी के कमरे में वर्ष 2050 का इंतजार कर रहा संदूक**

# 'सरदार एट द रेट 150 यंग लीडर्स' प्रोग्राम में युवाओं को मिलेगा राष्ट्रीय पदयात्रा में शामिल होने का मौका

## 31 अक्तूबर से जिला स्तरीय पदयात्राएं की जाएंगी आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**सरदार** एट द रेट 150 यंग लीडर्स प्रोग्राम में 150 युवाओं को राष्ट्रीय पदयात्रा में शामिल होने का मौका मिलेगा। इसके लिए देशभर सहित हिमाचल प्रदेश व कांगड़ा जिले में 31 अक्तूबर से जिला स्तरीय पदयात्राएं आयोजित होंगी। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारत देशभर में यंग लीडर्स का खोज अभियान चलाएगा। इस दौरान पदयात्रा के साथ-साथ युवाओं को डिजिटल इंडिया में आगे बढ़ाने व देश का बेहतरीन नागरिक बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों व जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना उद्देश्य

केंद्र के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की ओर से माई भारत के माध्यम से विकसित भारत पदयात्राएं आयोजित कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना और एकता की भावना को मजबूत करना है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन भागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है। इसमें युवा से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक, सभी मिलकर देश के इतिहास को याद करते हैं और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाते हैं। खासकर अमृत पीढ़ी यानी आज के युवाओं की भूमिका पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सरदार पटेल ने जिस तरह बिखरे हुए भारत को एक भारत बनाया, उसी भावना को यह पदयात्रा आगे बढ़ाएगी। इस अभियान के जरिए युवाओं को एक भारत और आत्मनिर्भर भारत के आदर्श अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस दौरान सरदार एटदरेट 150 यंग लीडर्स प्रोग्राम के 150 विजेताओं को राष्ट्रीय पदयात्रा में शामिल होने का मौका मिलेगा।

### आठ से दस किलोमीटर लंबी होगी पदयात्रा

**अभियान** के तहत जिलास्तरीय पदयात्राएं 31 अक्तूबर से 25 नवंबर तक हर संसदीय क्षेत्र के सभी जिलों में तीन दिन तक आठ से 10 किलोमीटर लंबी पदयात्रा होगी। पदयात्रा से पहले स्थानीय लोगों में माहौल बनाने के लिए स्कूल, कॉलेजों में अलग-अलग प्री ईवेंट गतिविधियां, जैसे कि निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, सरदार पटेल के जीवन पर संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक का आयोजन करवाया जाएगा। इसके साथ ही युवाओं के बीच नशामुक्त भारत शपथ, संस्थानों में स्वदेशी मेलों का आयोजन, गर्व से स्वदेशी संकल्प भी दिलवाए जाएंगे। इस दौरान योग एवं हेल्थ शिविरों के साथ क्षेत्र में स्वच्छता अभियान का भी आयोजन होगा।

### मंत्री और सांसद करेंगे पदयात्रा का नेतृत्व

**राज्य** और केंद्र शासित प्रदेशों के स्टेट कैबिनेट मंत्री, सांसद, स्थानीय प्रशासन, माई भारत और एनसीसी के अधिकारी इन यात्राओं का नेतृत्व करेंगे। राष्ट्रीय पदयात्रा 26 नवंबर से छह दिसंबर 2025 को 152 किलोमीटर की पदयात्रा करमसद (पटेल का जन्मस्थान) से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी केवड़िया तक निकाली जाएगी। 150 पड़ावों पर सरदार पटेल के जीवन पर विकसित भारत की प्रदर्शनी और भारत की विविध संस्कृति का उत्सव मनाया जाएगा। हर शाम से सरदार गाथा होगी, जिसमें पटेल के जीवन और योगदान की कहानियां सुनाएंगे।

**पदयात्रा** के संबंध में सभी पंजीकरण और गतिविधियां माई भारत पोर्टल पर हो रही हैं। प्रदेश व जिला कांगड़ा के युवाओं से आग्रह किया है कि वह इस ऐतिहासिक पहल में जुड़ें और सक्रिय भागीदारी करें।

**ध्रुव डोगरा, उपनिदेशक, माई युवा भारत कांगड़ा**

# बलघार-लंडियाड़ा सड़क निर्माण से बदलेगा क्षेत्र का नक्शा

**पिंकी, अनंत ज्ञान**

**डाडासीबा।** लंबे इंतजार के बाद डाडासीबा क्षेत्र में विकास की बड़ी सौगात मिली है। लोक निर्माण विभाग डाडासीबा के तहत बलघार-लंडियाड़ा सड़क चार किलोमीटर के करीब को पक्का करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

इस मार्ग के निर्माण से न केवल ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो रही है। ग्रामीणों ने इस सड़क को पक्का करने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, लोक निर्माण मंत्री तथा कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया का धन्यवाद किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के पक्का होने से क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिली है। इससे पहले सड़क काफी हिस्सों से टूट चुकी थी, जिससे ग्रामीणों और वाहन चालकों को परेशानी होती थी। इस सड़क को पक्का होने से लोगों में खुशी की लहर है। उधर इस संबंध में डाडासीबा लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता नीतेश कौंडल ने बताया बलघार से लंडियाड़ा सडक़ को 4 किलोमीटर सडक़ पर तारकोल डाली जा रही है सडक़ को पक्का होने से वाहन चालको परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।



बलघार-लंडियाड़ा सड़क को पक्का करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी।

### कालापुल के पास कार-थार में टक्कर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला -मैक्लोडगंज रोड में कालापुल के पास एक कार व थार के बीच भी जोरदार टक्कर हो गई, जिससे दोनों ही वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। गनीमत यह रही कि दोनों ही वाहनों में सवारों को चोटें नहीं आई हैं। इस संबंध में पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची थी। हालांकि दोनों ही वाहन चालकों ने आपसी समझौता कर मामला दर्ज नहीं करवाया है। उधर, मैक्लोडगंज थाना प्रभारी दीपक ठाकुर ने बताया कि इस संबंध में कार सवारों ने आपसी समझौता कर लिया है, वह मामला दर्ज नहीं करवाया है।

## फेस्टिवल सीजन पर बाहरी राज्यों से घर आए लोगों की वापसी होगी आसान

# दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा, बद्दी के लिए स्पेशल बसें शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**फेस्टिवल** सीजन पर घर आए बाहरी राज्यों में काम रहे लोगों की अपने कार्य स्थल के लिए वापसी आसान होगी। दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा और बद्दी के लिए स्पेशल बसें शुरू की हैं।

एचआरटीसी धर्मशाला डिवीजन की ओर से वीरवार को नौ स्पेशल बसें चलाई गईं, जिसमें चड़ीगढ़ को छह व बद्दी को तीन बसें भेजी गई। उक्त बसें धर्मशाला, पालमपुर, चंबा व पठानकोट से रवाना की गई हैं। यह सुविधा एचआरटीसी की ओर से ऑन डिमांड उपलब्ध करवाई जाएगी। गौरतलब है कि फेस्टिवल सीजन पर बाहरी राज्यों से घर आने वाले लोगों के लिए निगम की ओर से 17 से 20 अक्तूबर तक स्पेशल बसों की सुविधा उपलब्ध करवाई गई थी, जिनके माध्यम से बाहरी राज्यों में कार्यरत जिला कांगड़ा व आसपास के जिलों के लोग परिवार संग दीपावली व भैयादूज की खुशियां साझा करने घर पहुंचे थे। अब इन लोगों को सुविधाजनक सफर करते हुए अपने कार्यस्थल पर पहुंचाने के लिए भी निगम ने प्लानिंग कर रखी है। इससे पहले एचआरटीसी धर्मशाला मंडल के तहत 125 बसों के माध्यम से कांगड़ा-चंबा में हजारों लोगों को घर पहुंचाया था, जिससे निगम को भी 46 लाख रुपए की आय हुई थी। वहीं, अब लोगों को उनके कामकाजी स्थान पर पहुंचाने के लिए भी दर्जनों बसें रवाना होंगी।

**डीएम ने किया निरीक्षण:** भैयादूज पर महिलाओं ने को सूर्योदय से सूर्यास्त तक एचआरटीसी की बसों में बिना किराए अपने-अपने गतंव्य के लिए सफर किया। बसों को ठहराव में रुकने व व्यवस्था बनाए रखने के लिए एचआरटीसी धर्मशाला डिवीजन के डीएम खुद बसों में निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। उन्होंने महिलाओं से बसों की सुविधा को लेकर भी बातचीत की। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों के आरएम, नोडल अधिकारी व इंस्पेक्टर भी जांच पड़ताल के लिए मौजूद रहे।



ऑन डिमांड एचआरटीसी उपलब्ध करवाएगा बस सेवा

### महिलाओं को उपलब्ध करवाई फ्री बस सेवा: डीएम

**एचआरटीसी** धर्मशाला डिवीजन के डीएम पंकज चड्डा ने कहा कि भैयादूज पर बहनों को अपने भाइयों को तिलक लगाने के लिए एचआरटीसी की सामान्य बसों में निशुल्क सुविधा प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि वह खुद भी मौके पर निरीक्षण करने के लिए पहुंचे थे, जिसमें व्यवस्था दुरुस्त पाई गई। उन्होंने बताया कि फेस्टिवल सीजन में लोगों को उनके कार्यस्थलों में वापस पहुंचाने के लिए भी निगम की ओर से स्पेशल बसें ऑन डिमांड चलाई जाएंगी, जिसमें विशेष वॉल्वो बसों को भी रवाना किया जा रहा है।

# आपदाओं से बचाव के उपायों की दी जानकारी



राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गंगथ एवं इंदपुर में आपदा प्रबंधन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सौजन्य से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों द्वारा गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गंगथ एवं इंदपुर में आपदा प्रबंधन विषय पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलाकारों ने गीत-संगीत और नाटक के माध्यम से भूकंप, बाढ़, सूखा, जंगल में आग जैसी प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश जैसे पर्वतीय राज्य में कुछ वर्षों से बरसात के मौसम में भूस्खलन और बाढ़ से जान-माल का भारी नुकसान हो रहा है, इसलिए गृह निर्माण के समय भू-संरचना और स्थायित्व का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

लोगों को सलाह दी कि मकान हमेशा सुरक्षित और स्थिर भू-भाग पर ही बनाएं, ढलान वाले क्षेत्रों में निर्माण से पूर्व तकनीकी विशेषज्ञों की राय अवश्य ली जाए। नालों और नदी किनारे निर्माण कार्यों से परहेज किया जाए। यह संदेश भी दिया गया कि किसी भी आपदा की स्थिति में घबराने के बजाय सतर्कता बरतना और प्रशासनिक निर्देशों का पालन करना ही सुरक्षा का सबसे प्रभावी तरीका है। इस मौके पर आईटीआई के समूह अनुदेशक सुरेंद्र सिंह, अनुदेशक तिलक, पंचायत प्रधान सुरेंद्र तथा आईटीआई के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### रोमानिया में मृत पठानकोट के युवक का पार्थिव शरीर आएगा भारत

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट जिले के सुजानपुर निवासी 32 वर्षीय कुलदीप कुमार, जो रोमानिया के तिमिसोआरा शहर में कार्यरत थे, की इस महीने की शुरुआत में मृत्यु हो गई थी। परिवार ने उनके पार्थिव शरीर को भारत लाने के लिए सरकार से सहायता मांगी थी। पंजाब के एनआरआई मामलों के मंत्री संजीव अरोड़ा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विदेश मंत्रालय और बुखारेस्ट स्थित भारतीय दूतावास से तुरंत समन्वय स्थापित किया। मंत्री अरोड़ा के हस्तक्षेप के बाद भारतीय दूतावास ने पार्थिव शरीर की वापसी की प्रक्रिया तेज कर दी और इसके लिए एक एजेंसी नियुक्त की। एजेंसी ने 22 अक्तूबर को पार्थिव शरीर को अपनी हिरासत में लेकर सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने की पुष्टि की। पंजाब सरकार, विदेश मंत्रालय और भारतीय दूतावास के संयुक्त प्रयासों से शोक संतप्त परिवार को बड़ी राहत मिली।



## न्यूज ब्रीफ

### धर्माणी आज घुमारवीं में करेंगे उद्घाटन-शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी 24 अक्टूबर को घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकासात्मक कार्यों के उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इस बारे जानकारी देते हुए एक विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि राजेश धर्माणी 24 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे बझोआ में पार्किंग-एक तथा पार्किंग-दो का उद्घाटन करने के बाद नगर परिषद घुमारवीं के अंतर्गत सीवरेज योजना में सीवरेज वितरण योजना के सुधार कार्य का शिलान्यास करेंगे। उन्होंने बताया कि तकनीकी शिक्षा मंत्री दोपहर 12:30 बजे ढींगू से सुकड़ी तक निर्मित संपर्क सड़क का उद्घाटन सुकड़ी में करने के बाद दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत मेहरी काथला में नव निर्मित पंचायत घर का उद्घाटन करेंगे।

### एलआईसी ने लॉन्च की बीमा लक्ष्मी योजना

**अनंत ज्ञान, कुठेड़ा।** भारतीय जीवन बीमा निगम ने दिवाली के अवसर पर महिलाओं के लिए एक नई विशेष बीमा योजना बीमा लक्ष्मी लॉन्च की है। एलआईसी शाखा बिलासपुर के वरिष्ठ विकास अधिकारी रजनीश उड्वाल ने बताया कि बीमा लक्ष्मी एक मनी बैक पॉलिसी है, जो केवल महिलाओं के लिए उपलब्ध है। इस योजना की सबसे खास बात यह है कि इसमें पॉलिसीधारक महिलाओं को हर दो साल में निश्चित धनराशि वापस मिलती है, जिससे उन्हें समय-समय पर आर्थिक सहायता मिलती रहती है। इस योजना में गारंटीड बोनस का प्रावधान भी है, जो इसे और अधिक लाभकारी बनाता है। पॉलिसी में 18 से 50 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाएं निवेश कर सकती हैं। यह योजना न केवल एक सुरक्षित बीमा कवर प्रदान करती है, बल्कि महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में भी अहम भूमिका निभाएगी।

### इंसानियत संस्था का 18वां रक्तदान शिविर 2 को

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** वर्षों से समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय इंसानियत संस्था अपना 18वां रक्तदान शिविर 2 नवंबर को कैंटीन गांव डाहड़ में आयोजित कर रही है। संस्था के प्रधान पवन चंदेल ने बताया कि इस रक्तदान शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना है, जिससे कई जिंदगियां बचाई जा सकें। उन्होंने बताया कि संस्था निरंतर ऐसे सेवा कार्य करती आ रही है और समाज के सभी वर्गों से अपील करती है कि वे आगे आकर इस पुनीत कार्य में भाग लें। इंसानियत संस्था सभी समाजसेवियों, युवाओं, विद्यार्थियों और आम नागरिकों से इस रक्तदान शिविर में भाग लेने की अपील करती है।

### व्यवसायी व समाजसेवी अविनाश का निधन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** व्यवसायी व समाजसेवी अविनाश कपूर का वीरवार सुबह उनके निवास स्थान रौड़ा सेक्टर में निधन हो गया। वह करीब साठ वर्ष के थे तथा कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार मोक्ष धाम भरतपुर में किया गया। डियारा सेक्टर के मुख्य बस स्टैंड पर बाबा स्वीट्स के नाम से वह मिठाइयों का प्रतिष्ठान चलाते थे। अविनाश कपूर धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं का भी खुलकर सहयोग करते थे। उच्च न्यायालय न्यायमूर्ति विवेक ठाकुर, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, स्थानीय विधायक त्रिलोक जम्वाल, विधायक श्री नयना देवी जी रणधीर शर्मा, विधायक झंडूता जीत राम कटवाल, पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग, पूर्व विधायक बंबर ठाकुर, पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा, पंडित जय कुमार, राम सिंह, स्वदेश ठाकुर, सोनल शर्मा, कृष्ण कांत, अश्वनी आचार्य, निशांत, तेजस्वी शर्मा, राजन, योगी, राकेश शर्मा, बिलासपुर व्यापार मंडल प्रधान नरेंद्र पंडित आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# गोबिंदसागर के उस पार के बाशिंदे 21 वर्ष से कर रहे पुल का इंतजार

## पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह ने किया था बैरी-दड़ोलां-कुंगरहट्टी पुल का शिलान्यास

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** बिलासपुर नगर के बिलकुल समीप होने के बावजूद गोबिंदसागर के उस पार स्थित बैहना जट्टा और ऋषिकेश पंचायतें आज भी पिछड़े क्षेत्रों की श्रेणी में आती हैं। इन दोनों पंचायतों के लोगों को अपने राजस्व संबंधी मामलों के लिए लगभग 40 किलोमीटर दूर झंडूता जाना पड़ता है।

क्षेत्रवासियों ने बताया कि बिलासपुर जिला मुख्यालय जाने के लिए उन्हें लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जो आमतौर पर औहर, भगेड़, कंदरौर और चांदपुर या फिर मंडी-भराड़ी-मंडी माणवां होकर पूरी होती है। बैहना जट्टा पंचायत के पूर्व प्रधान विजेंद्र चंदेल और दर्जनों ग्रामीणों ने कहा कि यह मार्ग न केवल लंबा है, बल्कि लोगों के समय और धन दोनों की भारी बर्बादी करता है।



गोबिंदसागर झील की फाइल फोटो।

ग्रामीणों ने बताया कि कम दूरी तय करने के लिए उन्हें रोज गोबिंदसागर के मोटर बोट घाटों से होकर जोखिम भरा सफर करना पड़ता है। तहसील स्तर पर कामकाज निपटाने के लिए लंबी और थकाऊ यात्रा करनी पड़ती है। स्थानीय लोगों ने यह भी कहा कि विधानसभा क्षेत्र झंडूता को जिला मुख्यालय बिलासपुर से जोड़ने के लिए सतलुज नदी के किनारे स्थित बैरी-दड़ोलां गांव से प्रस्तावित बैरी-दड़ोलां-कुंगरहट्टी पुल जनता के लिए मात्र स्वप्न और छलावा ही साबित हुआ है। लगभग 21 वर्ष पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह सरकार ने इस पुल का शिलान्यास किया था, लेकिन इसके बाद भी इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### न भाजपा, न ही कांग्रेस समझ रही लोगों का दर्द

**ग्रामीणों** का आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में प्रेम कुमार धूमल सरकार और वर्तमान सरकार सुक्खू के नेतृत्व में भी इस पुल के निर्माण की दिशा में कोई कदम नहीं बढ़ सकी। उन्होंने कहा कि इस असफलता के चलते क्षेत्र का विकास पिछड़ गया है और पुल का निर्माण अब भी अत्यंत आवश्यक है। बैहना जट्टा और ऋषिकेश पंचायत के लोग मांग कर रहे हैं कि बैरी-दड़ोलां पुल का निर्माण तुरंत किया जाए, जिससे न केवल उनकी यात्रा आसान होगी, बल्कि क्षेत्र का सामाजिक और आर्थिक विकास भी तेजी से हो सकेगा।

# बलोह टोल प्लाजा के पास 657 ग्राम चरस सहित आरोपी अरेस्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



पुलिस टीम के साथ पकड़ा गया आरोपी।

घुमारवीं थाना पुलिस ने फोरलेन बलोह टोल प्लाजा के समीप नाकाबंदी के दौरान एक ऑल्टो कार से भारी मात्रा में चरस बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया। यह बिलासपुर में चिट्टा पकड़े जाने की दूसरी बड़ी घटना है, जो पुलिस की नशा समाप्त करने की ठोस कोशिशों को दर्शाती है। जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम ने नियमित गश्त और नाकाबंदी के दौरान आल्टो कार (नंबर एचपी 76-5796) को रोककर जांच की। तलाशी में कार से 657 ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान राहुल (25), पुत्र नरेंद्र कुमार निवासी गांव कून, डाकघर कोट, तहसील कोटली, जिला मंडी के रूप में हुई। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस अधिनियम की धारा 20 के तहत मामला दर्ज किया। आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया जारी है। डीएसपी घुमारवीं विशाल वर्मा ने

### जिला मंडी का रहने वाला है आरोपी

पुष्टि करते हुए बताया कि घुमारवीं पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस नशा तस्करी और माफिया के खिलाफ शून्य सहिष्णुता नीति पर कार्य कर रही है और एसपी संदीप धवल के नेतृत्व में लगातार सख्त कार्रवाई जारी है। एसपीसंदीप धवल ने लोगों से अपील की कि वे नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

# नशे तक सुलभ पहुंच बर्बाद कर रही युवाओं को : कर्नल जसवंत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

समाज में बढ़ते नशे के प्रचलन पर गहरी चिंता जताते हुए कर्नल जसवंत सिंह चंदेल ने कहा कि मादक पदार्थों की हर जगह आसान उपलब्धता ही युवाओं को इस दुष्ट चक्र में फंसा रही है। उनका कहना है कि आज के समय में युवाओं का एक बड़ा वर्ग नशे के गहरे प्रभाव में आता जा रहा है, और इसका सबसे बड़ा कारण इन पदार्थोंकी सुलभता है।



कर्नल चंदेल ने अतीत की ओर इशारा करते हुए याद दिलाया कि बिलासपुर जैसे शहरों में पहले शराब तक ढूंढने पर मिलती थी, केवल मुख्य बाजार में डॉ. प्रकाश के पास दवा के रूप में शराब बेचने का लाइसेंस था। लोग संयमित जीवन जीते थे और नशा सामाजिक बुराई माना जाता था, लेकिन आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। अब हर गली और नुक्कड़ पर नशे का सामान उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि किशोरावस्था एक संवेदनशील दौर होता है, जहाँ बच्चे जिज्ञासा, क्षणिक आनंद या दोस्तों के प्रभाव में आकर नशे की शुरुआत कर देते हैं। जब नशे की वस्तुएं इतनी आसानी से मिलती हैं, तो रोकथाम और भी कठिन हो जाती है। कर्नल चंदेल ने सरकार और प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि कानूनों की कमजोरी और लचर कार्यवाही के चलते नशा कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं, और पकड़े जाने पर भी उन्हें गंभीर सजा नहीं मिलती। यही कारण है कि नशे का नेटवर्क दिन-ब-दिन फैलता जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों पर नजर रखें और समय-समय पर इस विषय पर खुलकर बातचीत करें।

# भांजे की शादी में आए मामा की स्कूटी चोरी

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** पुलिस थाना स्वारघाट के अंतर्गत आने वाले स्वाहण गांव में भांजे की शादी में आए मामा की स्कूटी चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार धर्म सिंह पुत्र बंता राम, निवासी गांव बड़ोह, तहसील श्री नयना देवी जी ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि वह अपने भांजे की शादी में शामिल होने स्वाहण गांव आया था। उन्होंने अपनी स्कूटी शादी वाले घर के समीप खड़ी की थी। रात तक स्कूटी वहीं थी, लेकिन अगली सुबह जब वह घर लौटने लगा तो स्कूटी गायब पाई गई। धर्म सिंह ने बताया कि उन्होंने आसपास पूछताछ और काफी तलाश की, मगर स्कूटी का कोई सुराग नहीं मिल पाया। उधर, डीएसपी जिला मुख्यालय मदन धीमान ने बताया कि स्वारघाट पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम विभिन्न कोणों से मामले की पड़ताल कर रही है।

# बहनों ने मांगी भाई की लंबी उम्र की दुआ, भाइयों ने दिए उपहार

## जिलेभर में धूमधाम से मनाया भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक भाई दूज पर्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिलेभर में भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक पर्व भाई दूज इस साल भी बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया, जहां बहनों ने अपने भाइयों के लिए विशेष पूजा थाल सजाई। थाल में हल्दी, रोली, मिठाइयां और दीपक रखकर बहनों ने भाइयों का तिलक किया और उनकी लंबी उम्र, खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की। भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार देकर उनका सम्मान किया और स्नेह व्यक्त किया। घरों में भाई-बहन का पारंपरिक प्रेम और अपनत्व पूरे उत्साह के साथ देखा गया। बच्चों ने भी अपने छोटे-छोटे भाइयों और



बहनों के लिए रंग-बिरंगे कार्ड और उपहार तैयार किए, जिससे त्योहार की खुशी दोगुनी हो गई। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में त्योहार की तैयारियां पहले ही शुरू हो गई थीं। बाजारों में बहनों के लिए सजावटी थाल, मिठाइयां और उपहार खरीदने का जमावड़ा देखने को मिला। रानीकोटला, कोटला, घुमारवीं और अन्य क्षेत्रों में भी भाई दूज के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां पड़ोसियों और रिश्तेदारों ने मिलकर त्योहार का आनंद उठाया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि भाई दूज न केवल पारिवारिक प्रेम का प्रतीक है, बल्कि यह परिवारों में मेल-जोल और सामूहिक खुशियों को भी बढ़ाता है। कई घरों में बहनों ने भाइयों के लिए स्वास्थ्य और खुशहाली की प्रार्थना करते हुए दीपक जलाए और गीत-संगीत के साथ त्योहार का आनंद लिया।

# राकेश चंदेल को चुना जिला किसान मोर्चा का महामंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष राम गोपाल ठाकुर ने प्रदेश अध्यक्ष संजीव देष्टा, शीर्ष नेतृत्व, भाजपा जिला बिलासपुर के जिला अध्यक्ष कृष्णलाल चंदेल, जिला के विधायकों व प्रत्याशी तथा सभी मंडल अध्यक्षों से चर्चा करने के उपरांत जिला बिलासपुर की जिला किसान मोर्चा कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। इसमें चार उपाध्यक्ष, दो महामंत्री, पांच सचिव, कोषाध्यक्ष, कार्यालय सचिव, कार्यालय सचिव, मीडिया प्रभारी, तीन प्रवक्ता, आईटी सेल, सोशल मीडिया प्रभारी व आठ मंडलाध्यक्षों की नियुक्तियां की हैं। उन्होंने बताया कि सदर बिलासपुर मंडल से बाबू राम, भराड़ी मंडल से ओंकार चंद, श्री नयनादेवी अप्पर से रूपलाल वर्मा व सदर से अमरनाथ ठाकुर को उपाध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई है। श्री नयनादेवी लोअर मंडल व झंडूता मंडल से राकेश चंदेल को महामंत्री चुना गया है। श्री नयनादेवी अप्पर मंडल से बाबू राम, बिलासपुर से दिलाराम शर्मा, घुमारवीं से रणवीर पटियाल, श्री नयना देवी अप्पर से जगदीश ठाकुर व झंडूता से प्रवीण चंदेल को सचिव नियुक्त किया है। बिलासपुर मंडल से होशियार सिंह को कोषाध्यक्ष, बिलासपुर मंडल से भारत भूषण को कार्यालय सचिव, सदर मंडल से सतीश कुमार को कार्यालय सह सचिव, घुमारवीं मंडल से सतीश कुमार को मीडिया प्रभारी चुना गया है। उन्होंने बताया कि बिलासपुर मंडल से विनोद कुमार व विक्रम ठाकुर, श्री नयनादेवी अप्पर से सुखराम सोढ़ी को प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। श्री नयनादेवी अप्पर मंडल से देवेंद्र ठाकुर को आईटी सेल, घुमारवीं मंडल से सुरेश कुमार को सोशल मीडिया प्रभारी चुना गया है। झंडूता से अभिषेक चंदेल, शाहतलाई से मुख्त्यार सिंह, घुमारवीं से विवेक सांख्यान, भराड़ी से सुनील कुमार, बिलासपुर से विजय पाल, सदर से चेतराम वर्मा, श्री नयनादेवी लोअर से महेंद्र ठाकुर व अप्पर मंडल से महेंद्र सिंह को मंडलाध्यक्ष चुना गया है।

# नम्होल में कांग्रेस ने जलाया भाजपा का पुतला

**सुभाष ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**नम्होल।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुखाला ने वीरवार को भाजपा के खिलाफ जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने रेस्ट हाउस नम्होल से रैली निकालकर मुख्य चौक पर भाजपा का पुतला फूंका। प्रदर्शन के दौरान भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं और बलात्कारियों को सख्त सजा दो जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आरोप था कि देश में मनुवादी विचारधारा फैलाकर समाज को बांटने का प्रयास किया जा रहा है



और भाजपा इस विचारधारा को संरक्षण दे रही है। पूर्व महासचिव विकास ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और वीरेंद्र कश्यप के बेटे पर लगे रेप केस का मुद्दा उठाते हुए सवाल किया कि भाजपा नेता इस पर चुप क्यों हैं? ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने

### बलात्कारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की उठाई मांग

चेतावनी दी कि यदि बलात्कार जैसे गंभीर मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो भविष्य में और भी उग्र आंदोलन किए जाएंगे। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। उन्होंने न केवल विरोध जताया, बल्कि समाज में न्याय और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# फोरलेन संघर्ष समिति ने सड़क की बदहाली पर जताई नाराजगी



**अनंत ज्ञान, नम्होल**

फोरलेन संघर्ष समिति की बैठक सोमवार को नम्होल में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष कुलवीर भडोल ने की। बैठक में एनएचएआई द्वारा फोरलेन कार्य शुरू किए जाने के बाद पुराने सड़क मार्ग की खस्ता हालत पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। कुलवीर ने कहा कि सड़क की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस समस्या को लेकर जल्द ही उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो समिति उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। वहीं, घयाल पंचायत के उपप्रधान देश राज ठाकुर ने कहा कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे पड़ चुके हैं, जिसके कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन गड्ढों को मिट्टी से भर दिया गया है, जिससे बाइक चालकों और छोटे वाहनों को और अधिक दिक्कत झेलनी पड़ रही है।

### ठप्पर में आधी-अधूरी सड़क से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल की ग्राम पंचायत बलघाड़ के ठप्पर गांव में सड़क निर्माण अधर में लटकनेसे स्थानीय लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ग्रामीण गोपाल ने बताया कि सड़क न होने से दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा, 'गांव के लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी संघर्ष करना पड़ता है। पंचायत से अपील है कि जल्द से जल्द पूरी सड़क का निर्माण करवाया जाए।' बलघाड पंचायत के उपप्रधान अजय कुमार ने बताया कि आपस में बैठकर बातचीत कर लें और विवाद सुलझा लें, ताकि सड़क का काम बिना देरी के पूरा हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पूरी होने से न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और आर्थिक गतिविधियां भी सुचारू रूप से चल सकेंगी।

# कोल डैम एरिया में एग्रो टूरिज्म को बढ़ावा देने की कवायद शुरू

## सुंदरनगर से आई टीम ने होम स्टे संचालकों के साथ बैठक कर दी अहम जानकारियां

**अनंत ज्ञान, बरमाणा**

कृषि विभाग से सेवानिवृत्त डिप्टी डायरेक्टर डॉ. प्रकाश चंद्र ठाकुर ने बताया कि कोल डैम क्षेत्र में एग्रो टूरिज्म की संभावनाओं को लेकर सुंदरनगर से आई एक विशेष टीम ने होम स्टे संचालकों से मुलाकात की। इस टीम में एग्रीकल्चर एक्सटेंशन ऑफिसर और एग्रीकल्चर विकास अधिकारी शामिल थे।



टीम ने क्षेत्र के किसानों और होम स्टे संचालकों के साथ एक सार्थक बैठक आयोजित की, जिसमें ग्रामीण पर्यटन और कृषि गतिविधियों को जोड़ने पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के दौरान टीम के सदस्यों ने टूरिज्म वेबसाइट और एग्रो टूरिज्म से संबंधित आधुनिक अवधारणाओं के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि किस तरह कृषि से जुड़ी गतिविधियां, जैविक खेती, पशुपालन और स्थानीय संस्कृति को पर्यटन के साथ जोड़कर किसानों की आय में बढ़ोतरी की जा सकती है। डॉ. प्रकाश चंद्र ठाकुर ने कहा कि एग्रो टूरिज्म एक ऐसा माध्यम है जो कृषि और ग्रामीण जीवन को पर्यटन गतिविधियों के साथ जोड़ता है, जिससे न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति सुधरती है, बल्कि पर्यटकों को ग्रामीण जीवन, खेती बाड़ी और स्थानीय संस्कृति का अनुभव भी प्राप्त होता है। गौरतलब है कि कोल डैम क्षेत्र में फिलहाल पांच होम स्टे संचालित हो रहे हैं, जो एग्रो टूरिज्म की दिशा में एक बहेतरीन पहल मानी जा रही है। बैठक में टीम ने स्थानीय संचालकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह मॉडल भविष्य में रोजगार सृजन और ग्रामीण विकास के नए रास्ते खोलेगा।

# कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में चरमराई कानून-व्यवस्था : गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने क्षेत्र में बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि घुमारवीं थाना के तहत सेऊ गांव में राह चलती महिला की एक व्यक्ति द्वारा सरेआम पिटाई कर दी जाती है, लेकिन पुलिस द्वारा कार्रवाई के नाम पर मात्र औपचारिकता की जा रही है। मंत्री के करीबी द्वारा की गई इस गुंडागर्दी में आरोपी को गिरफ्तार तक नहीं किया गया। वीरवार को पूर्व मंत्री गर्ग पीड़ित महिला व उनके परिजनों से मिले। गर्ग ने कहा कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में कानून व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। एक महिला की निर्मम पिटाई हुई। ग्रामीणों ने हाईवे बंद कर आरोपी को गिरफ्तार करने की आवाज उठाई, मौके पर पहुंची पुलिस दिखावे के लिए आरोपी को ले जाती है और महज एक घंटे बाद आरोपी को छोड़ दिया जाता है। इससे साफ जाहिर है कि मंत्री का करीबी होने के नाते आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं हो पा रही है।



# बस हादसे के पीड़ित परिवारों को मित्रमंडल दमन-दीव ने दी हजारों रुपए की सहायता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर के अंतर्गत भल्लू पुल के पास हुए दर्दनाक निजी बस हादसे के पीड़ित परिवारों को मदद लेकर हिमाचल प्रदेश मित्रमंडल दमन- दीव आगे आया है। हिमाचल प्रदेश मित्रमंडल दमन व दीव के उपाध्यक्ष राजकुमार धीमान की अगुवाई में दीक्षा कुमारी निवासी गांव बरड पंचायत सुनहानी को 41000 रुपए व कांता देवी निवासी भल्लू व मोनू निवासी डोहग को भी 41 हजार रुपए की आर्थिक राशि प्रदान की गई है। इस बारे में हिमाचल प्रदेश मित्रमंडल दमन - दीव के उपाध्यक्ष राजकुमार धीमान ने कहा है कि भल्लू पुल पर हुआ निजी बस हादसा दर्दनाक और दुखद है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों की मदद के लिए हिमाचल प्रदेश मित्रमंडल दमन-दीव की ओर से यह एक छोटा सा प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि आगामी भविष्य में भी जरूरतमंद पीड़ित परिवारों की मदद को लेकर इस तरह के प्रयास जारी रहेंगे।



### कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने की सराहना

**झंडूता** विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव विवेक कुमार ने पीड़ित परिवारों की मदद करने पर हिमाचल प्रदेश मित्रमंडल दमन -दीव का आभार जताया है। उन्होंने कहा है कि मित्रमंडल दमन-दीव की ओर से पीड़ित परिवारों की जो मदद की गई है, वह एक सराहनीय कार्य है।

**विकास** कांग्रेस सरकार ने एक वर्ष में 300 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाएं की मंजूर

# विकास की राह पर दौड़ा जिला बिलासपुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दो वर्षों में बिलासपुर जिला विकास के कई नए आयाम छू रहा है। बिजली, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, जिले में 300 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाएं पिछले एक वर्ष में स्वीकृत या पूरी हो चुकी हैं।

प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने बिलासपुर कॉलेज में डिजिटल स्मार्ट क्लास और विज्ञान प्रयोगशाला की स्थापना की है।

### सड़क-पेयजल परियोजनाओं को मिली गति

**बिलासपुर** जिले में 127 किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण और 56 किलोमीटर सड़कों का डबल लेन विस्तार किया गया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और राज्य निधि दोनों से चल रहे सड़क निर्माण और विस्तारीकरण के कार्यों में 40 गांवों की कनेक्टिविटी सुधरी है। वहीं, हर घर जल योजना के तहत 92 प्रतिशत ग्रामीण घरों तक नल जल पहुंच चुका है, जबकि 2022 में यह आंकड़ा केवल 63 प्रतिशत था।



मुख्यमंत्री स्टार्टअप योजना के तहत जिले के 212 युवाओं को 10 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता दी गई है। आईटीआई घुमारवीं में इलेक्ट्रिक वाहन मेंटेनेंस और सौर तकनीक जैसे नए कोर्स शुरू किए गए हैं।

### जिले में स्वास्थ्य क्षेत्र में किया बड़ा निवेश


**प्रदेश** सरकार की ओर से क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर को 50 करोड़ रुपए की लागत से सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन, 24 घंटे ब्लड बैंक और 10 नई एंबुलेंस सेवाएं शुरू की गई हैं। इसके साथ ही झंडूता और स्वारघाट के सिविल अस्पतालों को अपग्रेड किया गया है। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता कोष के तहत 1,482 मरीजों को मुफ्त इलाज का लाभ मिला है।

### महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई योजनाएं

**इंदिरा** गांधी महिला सुरक्षा योजना के अंतर्गत बिलासपुर की 8,742 महिलाओं को प्रतिमाह 1,500 रुपए की सहायता दी जा रही है। महिला स्वयं सहायता समूहों को 11 करोड़ रुपए का ब्याज मुक्त ऋण भी जारी हुआ है। सरकार का दावा है कि आने वाले एक वर्ष में बिलासपुर को मॉडल जिला बनाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हाल ही में कहा था कि बिलासपुर वह जिला होगा जहां विकास सिर्फ आंकड़ों में नहीं, हर घर में दिखेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज आज चंबा प्रवास पर



**एजेंसी, चंबा।** कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज शुक्रवार, 24 अक्तूबर को चंबा प्रवास पर रहेंगे। जनसेवा के अपने संकल्प को आगे बढ़ाते हुए वे प्रातः 11 बजे बचत भवन, चंबा में दिशा (डीआईएसएचए) बैठक में भाग लेंगे, जिसमें जिले के विकास कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके उपरांत शाम 4 बजकर 30 मिनट पर डॉ. भारद्वाज सरोल में पंचायत भवन (भूतल) का विधिवत उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जनहित के कार्यों को निरंतर गति देना उनकी प्राथमिकता है। डॉ. भारद्वाज के इस दौरे को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोग उम्मीद जता रहे हैं कि सांसद के इस प्रवास से विकास कार्यों को और मजबूती मिलेगी तथा नई परियोजनाओं को भी दिशा मिलेगी।

### चूड़ी-राडी सड़क पर पर लगे मिट्टी के ढेर

**देशराज कश्यप, अनंत ज्ञान, धरवालाहृ।** चूड़ी से राडी रोड पर जगह-जगह लगे पड़े हैं मिट्टी के ढेर जिससे गाड़ी चालकों को करना पड़ रहा भारी दिक्कतों का सामना। बता दें की बरसात के दिनों में जगह-जगह हुए भूस्खलन को लेकर चूड़ी से राडी रोड को फिलहाल छोटी गाड़ी के लिए तो खोल दिया है, लेकिन बड़ी गाड़ियों के लिए इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही अभी भी ठप पड़ी है जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों राम लाल बालकृष्ण अनित शर्मा विक्की ठाकुर अजीत शर्मा दिलीप कुमार इत्यादि लोगों का कहना है कि अभी भी इस रोड पर नालई नाला नामक स्थान पर ब्रैईगा व और भी जगहों पर मिट्टी के ढेर लगे पड़े हैं जिससे छोटे वाहनों को निकालने में भी अच्छी खासी मशक्कत करनी पड़ती है। महज जरा सी चूक भारी साबित हो सकती है, स्थानीय लोगों का कहना है की अतिशीघ्र इस रोड की साफ सफाई की जाए ताकि इस रोड पर यातायात सहज हो सके।

### सुंदरनगर में वाहन की टक्कर से व्यक्ति घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पुलिस थाना सुंदरनगर के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। शिकायतकर्ता राहुल पुत्र शिव कुमार शर्मा निवासी तहसील सदर, जिला बिलासपुर ने बताया कि 22 अक्तूबर की शाम करीब 6 बजे जब वह हराबाग स्थित स्टोर रूम लौटते समय सड़क पार कर रहा था, तभी सुंदरनगर की ओर से एक तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मारी और चालक भवाणा की दिशा में फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मंडी पुलिस ने 296 वाहनों के काटे चालान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला पुलिस मंडी ने यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करते हुए 296 चालान जारी किए हैं। इसके अतिरिक्त कोटपा एक्ट के तहत 10 मामलों में 1,000 रुपए का जुर्माना वसूला गया है। पुलिस ने बताया कि जिले में यातायात अनुशासन बनाए रखने और धूम्रपान निषेध कानून के पालन को लेकर अभियान लगातार जारी रहेगा।

### चैलचौक-बढ़ू रोड पर बाइक-बस से टक्कर, चालक घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला मंडी के गोहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चैलचौक-बढ़ू रोड रथारी में बीती रात सड़क दुर्घटना हुई। मोटरसाइकिल संख्या एसपी 32बी 3602 पर सवार तुषार पुत्र रूप लाल निवासी तहसील चच्योट ने तेज रफ्तार व लापरवाही से बाइक चलाते हुए सड़क किनारे खड़ी निजी बस के पीछे टक्कर मार दी। हादसे में तुषार घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज किया है और जांच जारी है।

# भरमौर में मतदाता सूची में गड़बड़ पर नपे चार पंचायत अधिकारी

## राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनावी प्रक्रिया में पाई गंभीर लापरवाही

**अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट को जांच सौंपने और 6 नवंबर तक रिपोर्ट पेश करने के आदेश**





राहुल कुमार सहगल, अनंत ज्ञान

**भरमौर।** हिमाचल प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी और गंभीर लापरवाही के चलते भरमौर विकास खंड के चार पंचायत अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। आयोग ने इस कार्रवाई को संवैधानिक प्रावधानों और पंचायतीराज अधिनियम, 1994 की धारा 160 व 160(ई) के तहत किया है। वहीं, मंडी जिले में भी पांच अधिकारियों को मतदाता सूची तैयार करने में लापरवाही के आरोप में निलंबित किया गया है।

जांच में सामने आया कि भरमौर के ग्राम पंचायत औरा, होली और बजोल की मतदाता सूची 2025 की बजाय पुरानी 2022 की सूची का ड्राफ्ट तैयार किया गया था। इस गंभीर चूक के कारण ग्राम सभाओं में मतदाता सूची की सही प्रस्तुति प्रभावित हुई और निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए।

राज्य निर्वाचन आयोग ने निलंबन के दौरान अधिकारियों का मुख्यालय उनके संबंधित जिला पंचायत कार्यालय में तय किया है। आयोग ने अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट भरमौर को मामले की गहन और त्वरित जांच का जिम्मा सौंपा है और स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जांच रिपोर्ट 6 नवंबर, 2025 तक आयोग को प्रस्तुत की जाए।

आयोग ने चेतावनी दी है कि मतदाता सूची तैयार करने में किसी भी प्रकार की त्रुटि, लापरवाही या दिए गए निर्देशों की अवहेलना को गंभीर अपराध माना जाएगा। अधिकारियों की इस गड़बड़ी से चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता को खतरा पैदा होने की आशंका जताई गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस कदम से अन्य अधिकारियों के लिए यह संदेश गया है कि चुनावी प्रक्रिया में किसी भी तरह की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**भरमौर के ये अधिकारी निलंबित**

**बलविंदर,** सब-पंचायत निरीक्षक, विकास खंड भरमौर, नीना देवी, पंचायत सचिव, औरा, विकास खंड भरमौर, गौरव कुमार, ग्राम पंचायत बजोल, विकास खंड भरमौर और राकेश कुमार, ग्राम पंचायत होली, विकास खंड भरमौर शामिल हैं।

## चुराह में पिकअप गहरी खाई में गिरी, चालक गंभीर घायल

हाशू शेख, अनंत ज्ञान



चुराह। चुराह उपमंडल में नकरोड़-चांजू मार्ग पर डोडनी के पास गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा पेश आया। पठानकोट से पराली लेकर चांजू की ओर जा रही एक पिकअप अचानक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से खाई से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही वाहन डोडनी की चढ़ाई पर पहुंचा, चालक का वाहन पर नियंत्रण हट गया और पिकअप सीधे नीचे खाई में लुढ़क गई। घटना की आवाज सुनते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर सुरक्षा के कोई भी चेतावनी संकेत नहीं लगे हुए हैं, जिसके कारण यहां पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। लोगों का कहना है कि यह सड़क यात्रियों के लिए लगातार खतरा बनी हुई है, लेकिन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

ग्रामीणों ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि इस मार्ग पर जल्द से जल्द चेतावनी संकेतक लगाए जाएं, सुरक्षा रेलिंग स्थापित की जाए और नियमित निरीक्षण किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसे दोबारा न हों। स्थानीय जनता ने आशा जताई है कि इस दर्दनाक दुर्घटना के बाद विभाग नींद से जागेगा और इस खतरनाक मार्ग को सुरक्षित बनाने के लिए ठोस कार्रवाई करेगा।

## घरेलू पर्यटन व्यय पर सांख्यिकीय सर्वेक्षण शुरू

एजेंसी, चंबा

**उपायुक्त ने किया सहयोग का आग्रह**



उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि राष्ट्रीय सांख्यिकीय सर्वेक्षण के 80वें राउंड के अंतर्गत सांख्यिकीय सर्वेक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सांख्यिकीय सर्वेक्षण के इस राउंड का मुख्य उद्देश्य घरेलू पर्यटन व्यय से संबंधित जानकारी को एकत्र करना है जिसमें यात्रा के उद्देश्य, यात्रा का प्रकार और यात्रा का साधन शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि जिला सांख्यिकी कार्यालय और निदेशालय अर्थ एवं सांख्यिकी से विभिन्न टीमें चयनित गांवों में जाकर घर-घर सर्वेक्षण करेंगी तथा जानकारी ऑनलाइन दर्ज की जाएगी। उपायुक्त ने सभी जिलावासियों से सर्वेक्षण टीमों के साथ सहयोग करने और सटीक जानकारी उपलब्ध करवाने का आग्रह किया है। साथ में उन्होंने यह भी बताया कि उपलब्ध करवाई गई जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए उपयोग होगी।

इस संदर्भ में अधिक जानकारी के लिए जिला सांख्यिकी अधिकारी कार्यालय के दूरभाष 01899-222301 या ईमेल *dso-cha-hp@nic.in* पर संपर्क किया जा सकता है।

## सरकार ने पीडब्ल्यूडी विश्राम गृहों की ऑनलाइन बुकिंग की शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि प्रदेश सरकार ने आम जनता की सुविधा के लिए लोक निर्माण विभाग के सभी विश्राम गृहों की बुकिंग को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। अब लोग न केवल इंटरनेट के माध्यम से आसानी से कमरे बुक कर सकेंगे, बल्कि बुकिंग की पुष्टि के साथ कमरा नम्बर भी तुरंत उनके मोबाइल या ई-मेल पर उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल ''व्यवस्था परिवर्तन'' की दिशा में सरकार का एक बड़ा कदम है, जिससे पारदर्शिता, जवाबदेही और जनता की सुविधा में वृद्धि हुई है। उनके अनुसार जून से 10 अक्तूबर, 2025 तक ऑनलाइन बुकिंग से दो करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। इस अवधि में प्रदेश प्राकृतिक आपदा का सामना कर रहा था, बावजूद इसके विश्राम गृहों की बुकिंग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि अब बुकिंग ''पहले आओ, पहले पाओ'' के आधार पर होती है और हिमाचली नागरिकों से 250 रुपए तथा गैर-हिमाचलियों से 500 रुपए अग्रिम राशि ली जाती है। ऑनलाइन सुविधा से हमीरपुर, तारा देवी, धर्मशाला और घुमारवीं जैसे विश्राम गृहों की ऑक्यूपेंसी औसतन 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ी है।

## चंबा में रियल-टाइम लैंडस्लाइड मॉनिटरिंग सिस्टम की स्थापना को लेकर हुई बैठक

अनंत ज्ञान, चंबा




उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में वीरवार को जिला में रियल-टाइम लैंडस्लाइड मॉनिटरिंग सिस्टम स्थापित करने को लेकर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपायुक्त ने बताया कि मानसून के दौरान भूस्खलन की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन आधुनिक तकनीक का उपयोग कर आपदा प्रबंधन को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अन्य जिलों में स्थापित भू-स्खलन मॉनिटरिंग सिस्टम्स के अनुभवों के आधार पर चम्बा में भी आवश्यक उपकरण चरणबद्ध रूप से लगाए जाएंगे, ताकि उनकी कार्यप्रणाली, विश्वसनीयता और उपयोगिता का आकलन किया जा सके।

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और लोक निर्माण विभाग भूस्खलन-प्रभावित तथा संभावित क्षेत्रों की पहचान कर शीघ्र सूची प्रशासन को उपलब्ध करवाएं। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आधुनिक तकनीक से आपदा जोखिम न्यूनीकरण को प्रभावी बनाया जा सकता है। इस अवसर पर आईआईटी मंडी के प्रतिनिधियों ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से सिस्टम की तकनीकी विशेषताओं, कार्यप्रणाली और इसके सफल संचालन की जानकारी साझा की। बैठक में वरिष्ठ अनुसंधान सहयोगी डॉ. साहिल संख्यान, वरिष्ठ व्यवसाय प्रबंधक चंदन वैद्य, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारी और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चंबा में गोवंश संकट: ग्राम प्रधान ने खोला सनातन परंपरा का सच

अनंत ज्ञान, चंबा



ग्राम पंचायत बलोठ के प्रधान देवराज प्रधान ने गोवंश की सुरक्षा को लेकर गंभीर चेतावनी दी है। उन्होंने बताया कि बुधवार को पूरे चंबा में बड़े श्रद्धा और उल्लास के साथ गोवर्धन पूजा मनाई गई, और लोग व्हाट्सएप व फेसबुक पर बधाई संदेश भेज रहे थे, लेकिन प्रधान का कहना है कि पूजा के ठीक बाद ही लोग अपनी गायों को दूध देना बंद करने के बाद आवारा छोड़ देते हैं, जो हमारी धर्म और संस्कृति के लिए सबसे बड़ा खतरा बनता जा रहा है।

हम भगवान पर विश्वास रखते हैं, माता के रूप में गोवंश की पूजा करते हैं, जब गाय दूध देना बंद कर देती है तो उसे अवारा सड़कों पर छोड़ देते हैं, लेकिन इन्हें बेसहारा छोड़ना सनातन धर्म और हमारी संस्कृति का अपमान है। यह बिल्कुल अस्वीकार्य है।

देवराज ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुखू से अपील की है कि इस दिशा में कड़ा कानून बनाया जाए, ताकि किसी को भी गायों को आवारा छोड़ने की छूट न मिले। प्रधान ने साफ किया कि गोवंश की सुरक्षा केवल धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि समाज की नैतिक जिम्मेदारी भी है। अगर हम समय रहते जागरूक नहीं हुए तो यह संकट और बड़ा होगा। हमें अपने संस्कारों और परंपरा की रक्षा करनी होगी।

संदेश की गंभीरता और बढ़ जाती है क्योंकि जिले की प्रशासनिक टीम अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा पाई है। प्रधान ने स्थानीय प्रशासन और ग्रामीणों से तुरंत कार्रवाई, जागरूकता और सुरक्षित आश्रय प्रदान करने की अपील की है।

प्रधान का संदेश साफ देते हुए कहा कि गोवंश की सुरक्षा हमारी संस्कृति और धर्म की पहचान है। इसे नजरअंदाज करना हम सबके लिए अपमानजनक और घातक होगा।

### मैक्लोडगंज में गाड़ी की टक्कर से मुंबई की लड़की घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** एक कार चालक ने सड़क किनारे स्कूटी में बैठकर मैगी खा रही मुंबई की युवती अक्षा को टक्कर मार दी, जिससे वह 20 फुट गहरी खाई में जा गिरी। इसके बाद युवती को निजी वाहन में ही जोनल अस्पताल धर्मशाला में पहुंचाया गया, जहां से उन्हें टांडा मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए रेफर कर दिया गया है। युवती को सर्जरी के लिए रिकमेंड किया गया था, लेकिन वह खुद ही रैफर लेकर मुंबई अपने घर वाई एयर लौट गई, जहां पर वह अपना उपचार करवाएगी। इस घटना में मैक्लोडगंज के बड़ाकोठा में उक्त कार ने इससे पहले एक कार को भी टक्कर मारी है। हालांकि, पुलिस इस मामले में कार चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस थाना मैक्लोडगंज के बड़ाकोठा में गाड़ी नंबर एचआर 49जी- 6925 के चालक अमित कुमार निवासी बछवाईं, जिला कांगड़ा ने गाड़ी नंबर एचपी 39 एफ 5751 को टक्कर मार दी। साथ ही सड़क किनारे स्कूटी पर बैठी मैगी खा रही लड़की अक्षा निवासी मुंबई को भी टकर मार दी।

## भाजयुमो कोटली मंडलाध्यक्ष गुमरा ने किया युवा मोर्चा की कार्यकारिणी का विस्तार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

भाजयुमो कोटली मंडल अध्यक्ष राहुल गुमरा ने विधानसभा क्षेत्र मंडी विधायक अनिल शर्मा, भाजपा कोटली मंडल अध्यक्ष मेघ सिंह, भाजयुमो जिला मंडी अध्यक्ष योग राज डोगरा, जिला मंडी महामंत्री विशाल मंडोत्रा से विचार विमर्श करने के उपरांत मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों की नियुक्ति की घोषणा कर दी है।

युवा मोर्चा कोटली मंडल अध्यक्ष राहुल गुमरा ने मंडल पदाधिकारियों की नियुक्ति करते हुए अमित (बरयारा), पंकज ठाकुर (डंढाल), दीवान (सक्सवाल) व अजय ठाकुर (कोट) को उपाध्यक्ष व अंकुश ठाकुर (साईगलू) व विशाल (पधियूं) को महामंत्री व राजेश ठाकुर (सदोह) को कोषाध्यक्ष व करण वीर (लागधार), जितेंद्र ठाकुर (डंढाल), भार्गव शर्मा (पधियूं), हितेश (साई) व कुशाल राणा (जनेड) को सचिव व कमल किशोर (खलाणु) व कार्यालय सचिव व पारस (बीर) को कार्यालय सह-सचिव व लोकेश (साई) को प्रवक्ता व विशाल ठाकुर (बग्गी) को सह-प्रवक्ता व शुभम ठाकुर (धनियारा) को मीडिया प्रभारी व मनीष ठाकुर (डवाहण) को सह-मीडिया प्रभारी व अनिकेत ठाकुर (समराहण) को सोशल मीडिया संयोजक व नीतीश ठाकुर (भरगांव) को सोशल मीडिया सह संयोजक व नितिन ठाकुर (बरनोटा) को आईटी संयोजक व बॉबी (कासन) को आईटी सह संयोजक को मंडल का सयोंजक नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त मंडल कार्यकारिणी सदस्यों की नियुक्ति करते हुए कुमारी दीक्षा ठाकुर (बलोह), अभिषेक (अलाथू), तरूण (जनेड), लोकेश कुमार (भरगांव), शुभम शर्मा (बरनोटा), हरीश कुमार (निचला लोट), अंकित कुमार (बग्गी), रोहित (सक्सवाल), विजय कुमार (थनौट) व भूप सिंह (कसान) को को युवा मोर्चा का मंडल कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष राहुल गुमरा ने सभी नवनियुक्त मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को उनके नव दायित्व की बधाई देते हुए कहा कि यह सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी।

## स्वास्थ्य विभाग ने किहार, जवांस और भटौली में तंबाकू मुक्त युवा 3.0' अभियान चलाया

अनंत ज्ञान, किहार



स्वास्थ्य विभाग चंबा ने 'तंबाकू मुक्त युवा 3.0 अभियान के तहत किहार, जवांस और भटौली बाजारों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान विभाग की टीम ने दुकानदारों को तंबाकू उत्पादों की बिक्री संबंधी नियमों की जानकारी दी और खुले पैकेट में बीड़ी, सिगरेट या अन्य तंबाकू उत्पाद बेचने पर सख्त मनाही का संदेश दिया।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अब सभी तंबाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों के लिए पंचायत स्तर पर लाइसेंस अनिवार्य होगा, जिसे पंचायत सचिव द्वारा जारी किया जाएगा। उन्होंने चेताया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का यह अभियान विशेष रूप से युवाओं को नशे की लत से बचाने और समाज में तंबाकू मुक्त वातावरण बनाने के उद्देश्य से चलाया गया। अभियान के दौरान आम जनता से भी अपील की गई कि वे अपने आस-पास के क्षेत्रों को तंबाकू मुक्त बनाने में सहयोग करें।

यह पहल न केवल स्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूत करेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण साबित होगी।

## विधानसभा अध्यक्ष ने गरनोटा स्कूल के मेधावी विद्यार्थी किए पुरस्कृत

अनंत ज्ञान, चंबा, (सिहुंता)



विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गरनोटा का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। पठानिया ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय में सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता को सुनिश्चित बनाने का भरोसा दिया।

उन्होंने विद्यालय द्वारा गुणवत्ता शिक्षा के सभी निर्धारित मापदंडों पर खरा उतरने के लिए विद्यालय प्रबंधन की सराहना भी की। विधानसभा अध्यक्ष ने अपने संबोधन में भटियात विधानसभा क्षेत्र में जारी विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रस्तावित चंबा-चुवाड़ी टनल निर्माण के लिए फीजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार हो चुकी है। टनल निर्माण के लिए केंद्रीय संस्था या आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से वित्त पोषित करवाने की योजना है। विधानसभा अध्यक्ष ने साथ में यह भी कहा कि प्रदेश के प्राकृतिक संसाधनों से राजस्व अर्जित करने वाली केंद्रीय जल विद्युत कंपनियां भारी राजस्व जुटा रही हैं किंतु केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश को उसके अनुरूप हिस्सा प्रदान नहीं किया जा रहा है। पठानिया ने कहा कि भटियात विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ककरौटी घट्टा में विद्युत उपकेंद्र का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा।

विधानसभा क्षेत्र के समस्त गांव को सड़क सुविधा उपलब्ध करवाने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि गत दो वर्षों के दौरान 35 से अधिक शुरू की गई सड़क परियोजनाओं के तहत अधिकांश का कार्य संपूर्ण कर लिया गया है तथा जल्द इन सड़कों का लोकार्पण किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गरनोटा में अन्य विषयों के पाठ्यक्रम भी शुरू किए जाएंगे। इससे पहले कुलदीप सिंह ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। विद्यार्थियों ने इस दौरान आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब समां बांधा। उन्होंने विद्यालय के वरिष्ठ तथा कनिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों की सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए 31 तथा 11 हजार की धनराशि देने की घोषणा की। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए।

### नैहरनपुखर से करियाडा तक उमड़ा भाई दूज का रंग

**सालविया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** उपमंडल देहरा के नैहरनपुखर, गरली, परागपुर, ढलियारा, डाडासीबा, करियाडा और रक्कड़ सहित पूरे क्षेत्र में आज भाई-बहन के अटूट स्नेह का पर्व भाई दूज पूरे हर्षोल्लास और भावनात्मक उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से ही बाजारों में रौनक और घरों में उल्लास देखने लायक था। मनियारी और हलवाई की दुकानों पर महिलाओं की भीड़, मिठाइयों की खुशबू और रंग-बिरंगे तिलकों ने त्योहार को खास बना दिया।

विवाहित बहनें अपने ससुराल का कामकाज जल्दी निपटाकर मायके की राह पर चल पड़ीं, तो भाइयों के चेहरों पर भी प्रतीक्षा की चमक साफ झलक रही थी। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया, आरती उतारी और उनकी दीर्घायु की कामना की। जवाब में भाइयों ने उपहार देकर बहनों के स्नेह का सम्मान किया। पौराणिक मान्यता के अनुसार, भाई दूज के दिन यमराज अपनी बहन यमुना के घर भोजन करने पहुंचे थे। प्रसन्न होकर उन्होंने वर दिया कि जो बहन इस दिन अपने भाई को तिलक लगाएगी, उसे यम का भय नहीं रहेगा। तभी से यह पर्व भाई-बहन के अमर बंधन का प्रतीक बन गया।

**बेबाकी** निगमों को घाटे से उबारने के लिए ठोस नीति की जरूरत

## राजनीतिक लाभ के लिए दी जा रही रियायतें आर्थिक व्यवस्था को कर रही कमजोर : हीरापाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**मुफ्तखोरी की राजनीति से राज्य की अर्थव्यवस्था चरमराई**



राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के राष्ट्रीय महासचिव एवं हरियाणा प्रभारी तथा हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव ठाकुर हीरापाल सिंह ने कहा है कि सरकारों द्वारा मुफ्तखोरी की योजनाएं चलाकर वोट बैंक की राजनीति करना राष्ट्र और राज्य की आर्थिक सेहत के लिए बेहद घातक है।

उन्होंने कहा कि एक ओर हमारे सरकारी निगम और विभाग लगातार घाटे में जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सरकारें बिजली बिल माफी, बसों में मुफ्त यात्रा और अन्य सब्सिडियों के जरिए सस्ती लोकप्रियता हासिल करने में लगी हैं। इससे न केवल निगमों की आय पर असर पड़ता है, बल्कि विकास कार्यों के लिए जरूरी संसाधन भी प्रभावित होते हैं। हीरापाल सिंह ने कहा कि जो पैसा गुणवत्तापूर्ण विकास और बुनियादी ढांचे पर खर्च होना चाहिए। वहीं, धन मुफ्त योजनाओं में झोंक दिया जाता है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था कमजोर होती है।

उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की संस्कृति से परहेज करना चाहिए और ऐसे ठोस विकल्प तलाशने चाहिए जिससे जनता का भी भला हो और आर्थिक संतुलन भी बना रहे। उन्होंने कहा कि किसान हित में केवल 2000 रुपए की राशि देना वोट हासिल करने का माध्यम बन चुका है, जबकि असल जरूरत किसानों को सस्ती खाद, सस्ता बीज और फसलों का वाजिब समर्थन मूल्य देने की है। उन्होंने मांग की कि डॉ. स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को पूर्ण रूप से लागू किया जाए, ताकि खेती को टिकाऊ बनाया जा सके।

हीरापाल सिंह ने यह भी कहा कि बेरोजगारी की समस्या से निपटने के लिए ठोस रोजगार नीति बननी चाहिए और आउटसोर्स व ठेकेदारी प्रथा पर रोक लगाई जानी चाहिए, ताकि युवाओं को स्थायी रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के लिए तात्कालिक लाभ वाली नीतियां नहीं, बल्कि दूरदर्शी विजन और आर्थिक अनुशासन की जरूरत है, जिससे राष्ट्र और राज्य की आर्थिक व्यवस्था मजबूत हो सके।

**IN THE COURT OF KARTAR CHAND, MARRIAGE OFFICER-CUM-SUB SIVISIONAL MAGISTRATE SHAHPUR DISTRICT KANGRA (HP)**

**1.**Sh. Kapil Dev S/o Sh. Gurdev Singh Vpo Rehlu Tehsil Shahpur Distt. Kangra (HP)..
**2.** Smt. Vishakha D/o Rajesh Kumar Vpo Nerti Thesil Shahpur Distt Kangra (H.P). **Applicants...**
***V/S***
**1.** General Public
**2.** Local Registrar, Gram Panchayat Rehlu. **Respondents...**

**Subject:-** Application for the Marriage registration u/s 16 of special Marriage Act, 1954.

**Applicants.** Sh. Kapil Dev S/o Sh. Gurdev Singh Vpo Rehlu Tehsil Shahpur Distt. Kangra HP and Smt. Vishakha D/o Rajesh Kumar Vpo Nerti Tehsil Shahpur Distt Kangra (H.P).has filed an application u/s 16 of special Marriage Act, 1954 along with declaration in which they have stated that they have solemnized their marriage on 07-01-2025 at Shri Mata Mansa Devi Mandir (Chamunda Mandir) Distt Kangra (HP) as per Hindu rites & customs.

Therefore, the general public is hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding the registration of this marriage can file an objection personally or in writing before this Court on or before 17-11-2025. After that no objection will be entertained and marriage will be registered accordingly.

**Kartar Chand)**
**Marriage Officer-Cum-Sub Divisional Magistrate Shahpur, District Kangra**

अनुशासन किसी के ऊपर थोपा नहीं जाता,अपितु आत्म अनुशासन लाया जाता है।
–अटल बिहारी बाजपेयी

## संपादकीय

# डिजिटल सुरक्षा की कवायद

आज की डिजिटल दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ने हमारे जीवन को जितना आसान और सुविधाजनक बनाया है, उतनी ही तेजी से इसने नई चुनौतियों को भी जन्म दिया है। इंटरनेट के इस युग में सूचना का प्रवाह पहले से कहीं अधिक तीव्र हो गया है, लेकिन इसी तेजी के बीच असली और नकली के बीच फर्क करना बेहद कठिन होता जा रहा है। खासकर डीपफेक तकनीक ने सत्य और असत्य की सीमाओं को लगभग मिटा दिया है। डीपफेक तकनीक के माध्यम से किसी व्यक्ति की आवाज, चेहरा या हावभाव को डिजिटल रूप से इस तरह से बदला जा सकता है कि वह पूरी तरह असली लगे। यह तकनीक इतनी उन्नत हो चुकी है कि आम व्यक्ति तो दूर, विशेषज्ञों के लिए भी कभी-कभी असली और नकली में फर्क करना मुश्किल हो जाता है। किसी नेता का झूठा बयान, किसी अभिनेता का फर्जी वीडियो या किसी अधिकारी की काल्पनिक बातचीत-यह सब अब कुछ ही मिनटों में तैयार किया जा सकता है। यही कारण है कि यह तकनीक अब लोकतंत्र, समाज और व्यक्तिगत प्रतिष्ठा के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है।

डीपफेक का सबसे बड़ा खतरा इसकी विश्वसनीयता में निहित है। नकली वीडियो या ऑडियो इतने वास्तविक लगते हैं कि अधिकांश लोग उन्हें सच्चा मान लेते हैं। इनका इस्तेमाल राजनीतिक लाभ, सामाजिक विद्वेष फैलाने, मानहानि करने या वित्तीय धोखाधड़ी जैसे उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। हाल के वर्षों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं जहां डीपफेक वीडियो के कारण किसी व्यक्ति की छवि धूमिल हुई, परिवार टूटे और कई लोग मानसिक तनाव या अवसाद के शिकार बने। कुछ मामलों में तो पीड़ितों ने आत्महत्या जैसे कदम भी उठा लिए। यह केवल तकनीकी नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक संकट है, क्योंकि जब झूठ को असली साबित करने के लिए तकनीक का सहारा लिया जाने लगे तो समाज का भरोसा टूटने लगता है।

इस गंभीर चुनौती से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने हाल ही में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के नेतृत्व में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियम, 2021 में संशोधन का मसौदा प्रस्तुत किया है। इस मसौदे का मुख्य उद्देश्य एआई-निर्मित सामग्री की पहचान सुनिश्चित करना और बड़ी सोशल मीडिया कंपनियों की जवाबदेही तय करना है। जिन डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के 50 लाख या उससे अधिक उपयोगकर्ता हैं, उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके प्लेटफॉर्म पर अपलोड की जाने वाली सामग्री की सत्यता जांची जाए कि वह वास्तविक है या एआई की मदद से कृत्रिम रूप से बनाई गई। ऐसी सामग्री को स्पष्ट रूप से कृत्रिम या एआई-जनित के रूप में चिन्हित करना अनिवार्य होगा। यह चिन्हित करने का काम केवल औपचारिक नहीं होगा, बल्कि इसके लिए तकनीकी उपायों जैसे मेटाडाटा या डिजिटल संकेत का प्रयोग किया जाएगा।

इस मेटाडाटा को हटाना या बदलना दंडनीय अपराध माना जाएगा ताकि कोई व्यक्ति या संस्था नकली सामग्री की पहचान से बच न सके। यह संशोधन डिजिटल स्पेस में एक नई जवाबदेही व्यवस्था तैयार करेगा। जब कोई उपयोगकर्ता किसी वीडियो या ऑडियो को देखेगा तो उसे स्पष्ट रूप से जानकारी मिलेगी कि यह सामग्री वास्तविक है या कृत्रिम रूप से बनाई गई। इससे भ्रम और गलतफहमी की संभावना काफी कम होगी। राजनीतिक या सामाजिक स्तर पर फैलने वाली झूठी खबरों की पहचान आसान होगी, जिससे देश में शांति और स्थिरता बनी रहेगी। किसी व्यक्ति या संस्था की छवि खराब करने के उद्देश्य से बनाई गई नकली सामग्री को रोकने में मदद मिलेगी, जिससे मानहानि से बचाव होगा।

बड़ी टेक कंपनियों को यह समझना होगा कि डिजिटल स्पेस में उनकी भूमिका केवल सुविधा देने तक सीमित नहीं, बल्कि सुरक्षा बनाए रखने की भी है। जब ये कंपनियां जिम्मेदारी के साथ अपने प्लेटफॉर्म पर सामग्री की जांच करेंगी, तो डिजिटल वातावरण अधिक सुरक्षित और स्वस्थ बनेगा। यह भी जरूरी है कि आम उपयोगकर्ता अपनी भूमिका को समझें। किसी भी वीडियो या ऑडियो को आगे साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। यदि किसी को संदेह हो कि कोई वीडियो संदिग्ध है या किसी की छवि खराब करने के लिए बनाया गया है, तो उसे तुरंत संबंधित प्लेटफॉर्म या सरकारी एजेंसी को रिपोर्ट करना चाहिए। ■

## आज की प्रमुख हस्ती

### राजनीति का चमकता सितारा

**कैप्टन** अनुराग सिंह ठाकुर (जन्म 24 अक्तूबर 1974) भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से चार बार के लोकसभा सदस्य हैं। वे प्रधानमंत्री मोदी के दूसरे कार्यकाल में खेल, युवा मामले और सूचना एवं प्रसारण मंत्री रह चुके हैं। उनके पिता प्रेम कुमार धूमल हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री थे। अनुराग ने पंजाब के जालंधर के दोआबा कॉलेज से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने 2008 में हमीरपुर लोकसभा सीट से राजनीति में कदम रखा और तब से लगातार 14वीं से 17वीं लोकसभा तक सांसद रहे। 2010 में उन्हें भारतीय जनता युवा मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया। क्रिकेट में भी उनका योगदान महत्वपूर्ण है। वह हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) के चार बार अध्यक्ष रहे। उन्होंने धर्मशाला सहित कई क्रिकेट स्टेडियम विकसित किए। 2016 में वे बीसीसीआई अध्यक्ष बने, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश से 2017 में पद छोड़ना पड़ा। जुलाई 2016 में अनुराग प्रादेशिक सेना में कमीशन अधिकारी बने और भाजपा के पहले सांसद बने जिन्होंने इस सेवा में पद हासिल किया। उन्होंने राजनीति, खेल और प्रशासन के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाई है। ■


अनुराग सिंह ठाकुर
जन्म : 24 अक्तूबर,1974

## कविता



### जमाना खराब है

रवींद्र कुमार शर्मा, घुमारवीं, जिला बिलासपुर (हि.प्र)

**खुद** को सुधारते नहीं कहते हैं जमाना है खराब
संस्कारों की कमी ने कर दिया सब कुछ बर्बाद
आवोहवा ऐसी बदली की धुआं धुआं हो गया
पंछी उड़ गया जाल से देखता रह गया सैयाद
जुल्फें काली थी अब सफेद हो गई
जिंदगी यूं ही झमेलों में गुजर गई
दिल अभी भी समझता रहता है जवान
बहार आई भी और झट से निकल गई
मौके की तलाश में रहते हैं बनते हैं बहुत स्याने
बढ़ते जा रहे हैं आगे रिश्तों को लगाकर ठिकाने
अपनी अकड़ में रहते हैं लोग आजकल
रूठने पर कौन जाता है किसी को मनाने
विद्यार्थी अध्यापक को आंख है दिखाता
चोरी करता है जो वह पकड़ में नहीं आता
अपना कसूर हो तो चुप हो जाते हैं सारे
हो दूसरे का तो जमाना बहुत शोर है मचाता
जुल्म को देखकर भी सामने से निकल हैं जाते
सच्चाई का साथ नहीं देते हैं डर जाते
जुबान पर जैसे हो ताला लगा हुआ सबके
पूछे भी कोई तो कुछ नहीं हैं बताते
देना पड़ेगा सबको अपने कर्मों का हिसाब
लाना पड़ेगा थोड़ा अपने आप में भी बदलाव
बातें बनाने से ही यह दुनिया नहीं सुधरेगी
एक से एक जब मिलेंगे तभी तो आएगी इंकलाब

# सरक्रीक में पाक की हिमाकत से 'जिन्नालैंड' का भूगोल बदलेगा


प्रताप सिंह पटियाल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत के गुजरात राज्य के रण ऑफ कच्छ के दलदली क्षेत्र में 96 किमी. लंबा ज्वारीय जलमार्ग सरक्रीक दो अक्तूबर 2025 को सुर्खियों में आया जब भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विजयदशमी के अवसर पर भुज एयरबेस से सरक्रीक का जिक्र करके पाकिस्तान को सख्त लहजे में चेतावनी दे डाली। सरक्रीक भारत और पाकिस्तान के दरम्यान कशीदगी बढ़ाने वाली सरहद है।

सरक्रीक के विवादित मुद्दे को समझने के लिए इतिहास कुछ पन्ने खंगालने होंगे तथा तस्लीम करना होगा कि हमारे सियासी रहनुमाओं की गलतियों का खामियाजा भारतीय सशस्त्र बल एक मुद्दत से भुगत रहे हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच विवादित ज्वारीय जलमार्ग सरक्रीक का नाम अंग्रेज अधिकारी सरक्रीक के नाम पर पड़ा है, जबकि इसका मूल नाम बाण गंगा था।

ईस्ट इंडिया कंपनी के सैन्य अधिकारी तथा बाम्बे प्रेजिडेंसी के सिपहसालार चार्ल्स जेम्स नेपियर ने सिंध को फतह करके वहां का प्रशासन बाम्बे रियासत को सौंप दिया था। अंग्रेजों ने सिंध और बाम्बे प्रेजिडिंसी के बीच एक सरहद मुकर्रर की थी जो रण ऑफ कच्छ के मध्य से होकर गुजरती थी, मगर सन् 1908 में कच्छ के हुक्मरान को सरक्रीक नामक सरहद नामंजूर थी। तब से लेकर वर्तमान तक सरक्रीक का विवाद जारी है। तक्सीम-ए-हिंद के बाद मसला सरक्रीक तक ही महदूद नहीं रहा, बल्कि समंदर से सटा गुजरात राज्य हमेशा पाकिस्तान के निशाने पर रहा है। सन् 1947 में पाकिस्तान के वजूद में आने के बाद से कश्मीर, सियाचिन ग्लेशियर, रण ऑफ कच्छ तथा सरक्रीक जैसे क्षेत्रों पर भारत के साथ पाकिस्तान का खतरनाक विवाद चलता आ रहा है। इन क्षेत्रों को हथियाने के लिए पाकिस्तान ने कई मंसूबों तथा चार बड़े युद्धों को अंजाम दिया, मगर भारतीय सैन्य पराक्रम के आगे पाक सेना को हर बार शिकस्त हासिल हुई। सन् 1960 के दशक में अमेरिका ने पाक सेना को हथियारों, तोपों व पैटन टैंकों से लैस कर दिया था।

सन् 1962 में भारत-चीन के दरम्यान हुई शदीद जंग में भारतीय सेना का काफी नुकसान हुआ था। पाक तानाशाह फील्ड मार्शल अयूब खान की सोच थी कि 1962 की जंग में भारतीय सेना का मनोबल कमजोर हो चुका है। नतीजन नौ अप्रैल 1965 को पाक जरनैल टिक्का खान की कयादत में पाक सेना की आठवीं डिवीजन ने गुजरात सरहद पर रण ऑफ कच्छ इलाके में पेशकदमी को अंजाम दे दिया। उस मंसुबाबंदी को पाक सेना ने आपरेशन 'डेजर्ट हॉक' नाम दिया था। कच्छ क्षेत्र में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स की कंजरकोट और सरदार नामक चौकियों पर पाक सेना की 51वीं ब्रिगेड ने हमले को अंजाम दिया था।




सीआरपीएफ की उन चौकियों पर हमले की कमान पाक सेना के ब्रिगेडियर 'इफ्तिखार खान जंजुआ' ने की थी। कच्छ की खाड़ी में तैनात सीआरपीएफ की दूसरी बटालियन के जवानों ने पाक हमले का मुंहतोड़ जवाब देकर 34 पाक सैनिकों को हलाक करके चार को जिंदा हिरासत में ले लिया था। उस हमले में पाक सेना का बहादुरी से सामना करते हुए सीआरपीएफ के छह जवान वीरगति को प्राप्त हुए थे। सन् 1965 के पाक ऑपरेशन डेजर्ट हॉक का मुंहतोड़ जवाब देने वाले जवानों की बहादुरी पर सीआरपीएफ नौ अप्रैल को हर वर्ष 'शौर्य दिवस' मनाती है।

अगस्त 1965 में, 'ऑपरेशन डेजर्ट हॉक' की शिकस्त के बाद पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर, गुजरात और पंजाब की सीमाओं पर हमले शुरू कर दिए। सात सितंबर 1965 की रात को पाक नौसेना ने 'ऑपरेशन द्वारका' के तहत गुजरात के पवित्र स्थल द्वारका पर बमबारी की, जिसका मकसद हिंदू धार्मिक भावनाओं को आहत करना था, लेकिन भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए लाहौर क्षेत्र के चविंडा, बर्की, डोगराई और सियालकोट पर कब्जा कर लिया। इस सफलता ने जनरल अयूब खान की सारी गलतफहमियां दूर कर दीं। नतीजतन, जनवरी 1966 में ताशकंद समझौते के तहत पाकिस्तान को कई इलाके वापस लौटाने पड़े।

तीन दिसंबर 1971 को पाकिस्तान ने फिर से भारत पर हमला किया। चार दिसंबर की रात भारतीय नौसेना ने 'ऑपरेशन ट्राईडेंट' शुरू किया और कराची बंदरगाह पर भयंकर हमला कर दिया। इस हमले में पाक नौसेना के कई युद्धपोत, जैसे खैबर, शाहजहां और मुहाफिज, नष्ट हो गए, और कराची बंदरगाह सात दिन तक जलता रहा। 1971 के युद्ध में भारत ने छंब सेक्टर में पाक सेना के 23वें डिवीजन के कमांडर इफ्तिखार खान जंजुआ को भी उनके हेलिकॉप्टर सहित मार गिराया।

1965 के बाद, रण ऑफ कच्छ और सर,ीक के विवादों को सुलझाने के लिए अंतरराष्ट्रीय ट्रिब्यूनल ने भारत के कच्छ दावों को मान्यता दी, लेकिन सरक्रीक मुद्दे को टाल दिया। भारत का मानना है कि सर,ीक में सीमा खाड़ी के बीच से होनी चाहिए, जबकि पाकिस्तान एक किनारे को मानता है। यह क्षेत्र समुद्री और सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि यदि पाकिस्तान सर,ीक में कोई भी आ,मण करता है, तो भारतीय सेना कड़ी कार्रवाई करेगी, जिससे पाकिस्तान के पूर्व सैनिक नेताओं को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारतीय संविधान का असली निर्माता कौन? अंबेडकर या बीएन राव


डॉ. सत्यवान सौरभ
स्तंभकार, आकाशवाणी एवं टीवी पेनालिस्ट, भिवानी

भारत के इतिहास में 26 नवंबर 1949 का दिन बेहद महत्वपूर्ण है, जब संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकृत किया। यह दस्तावेज केवल एक कानूनी ढांचा नहीं, बल्कि स्वतंत्रता, समानता और न्याय का जीवंत दर्शन है, लेकिन यह प्रश्न सदैव उभरता रहा कि भारत के संविधान का असली निर्माता कौन था?

क्या यह केवल डॉ. भीमराव अंबेडकर की रचना थी या इसके पीछे बीएन राव जैसे मौन, लेकिन निर्णायक व्यक्तित्व की भूमिका ज्यादा महत्वपूर्ण थी? संविधान निर्माण की प्रक्रिया केवल 1947 से शुरू नहीं होती, बल्कि इसकी जड़ें 1919 के मॉन्टेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधारों और 1935 के भारत सरकार अधिनियम तक फैली हुई हैं। इन सुधारों ने भारत में पहली बार संघीय शासन की अवधारणा को जन्म दिया। इसी दौर में एक प्रभावशाली नाम उभरा-सर बिनोद बिहारी नारायण राव, जिन्हें बीएन राव के नाम से जाना गया। ब्रिटिश प्रशासन में उच्च पदों पर कार्यरत राव ने भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था की गहरी समझ विकसित की। 1930 के दशक में द्वितीय गोलमेज सम्मेलन के बाद भारत में स्वशासन की दिशा स्पष्ट हो चुकी थी। 1932 के बाद राव को संविधान निर्माण की प्रारंभिक तैयारियों में शामिल किया गया। उन्होंने दिल्ली में 'संविधान निर्माण कार्यालय' की स्थापना की। 1944 में उन्हें संविधान सलाहकार, और 1946 में मुख्य संवैधानिक सलाहकार नियुक्त किया गया। उनका काम था अब तक बने सभी मसौदों, ब्रिटिश कानूनों, प्रांतीय विधानमंडलों की रिपोर्टों और भारतीय नेताओं के सुझावों को संकलित कर एक आधारभूत प्रारूप तैयार करना। 14 जुलाई 1946 को संविधान सभा के गठन की औपचारिक घोषणा तक राव ने कई मसौदे और कानूनी सुझाव एकत्र कर लिए थे। 30 अक्तूबर 1947 को उन्होंने संविधान का पहला मसौदा तैयार कर दिया, जो आगे चलकर भारतीय संविधान का आधार बना।




इस बीच, राजनीतिक घटनाक्रम तेजी से बदल रहे थे। 1946 में संविधान सभा के चुनाव हुए और डॉ. भीमराव अंबेडकर महाराष्ट्र से चुनाव हार गए। हालांकि, नेहरू और कांग्रेस नेतृत्व ने माना कि अंबेडकर जैसे विद्वान व्यक्ति का संविधान सभा में होना आवश्यक है। बंगाल की मुस्लिम लीग ने अपने कोटे से उन्हें एक सीट दी, जिससे वे जुलाई 1947 में संविधान सभा में प्रवेश कर सके।

संविधान सभा ने 29 अगस्त 1947 को ड्राफ्टिंग कमेटी बनाई, जिसमें अंबेडकर को अध्यक्ष बनाया गया। इस समिति का काम बीएन राव द्वारा तैयार मसौदे का पुनरीक्षण और उसे अंतिम रूप देना था। राव इस समिति के आधिकारिक सलाहकार बने रहे। इस बिंदु से अंबेडकर की भूमिका निर्णायक हुई। डॉ. अंबेडकर का सबसे बड़ा योगदान यह था कि उन्होंने राव के मसौदे को केवल कानूनी दस्तावेज न रहकर सामाजिक न्याय और मानवाधिकारों की भावना से भर दिया। संविधान के अनुच्छेद 12 से 35 तक के मौलिक अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता, समानता और संवैधानिक उपचार जैसे प्रावधान उनकी सामाजिक दृष्टि के परिणाम थे। राव और अंबेडकर की भूमिकाएं परस्पर पूरक थीं। राव ने संविधान की संरचना तैयार की, जबकि अंबेडकर ने उसे सामाजिक न्याय और अधिकारों की आत्मा दी। यही संतुलन भारतीय संविधान को अनूठा बनाता है।

संविधान का उद्देश्य प्रस्ताव जनवरी 1947 में पहले ही पारित हो चुका था, जिसमें भारत को संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न लोकतंत्रात्मक गणराज्य घोषित किया गया था। मौलिक अधिकारों पर चर्चा भी उस समय शुरू हो चुकी थी, परंतु इन्हें व्यावहारिक रूप देने का श्रेय ड्राफ्टिंग कमेटी को जाता है, जिसका नेतृत्व अंबेडकर ने किया।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमालय की सुरक्षा : आज की जरूरत, कल की जिम्मेदारी


वेदिका शर्मा
स्टूडेंट, बीए, एलएलबी (ऑनर्स), 9 th सेमेस्टर यूनिवर्सिटी इंस्टिट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, शिमला

हिमालय न केवल प्रकृति की सबसे अनमोल देन है, बल्कि यह हमारे जीवन की आधारशिला भी है, लेकिन आज हिमालय गंभीर संकट में है। जलवायु परिवर्तन, बढ़ती आबादी, अनियंत्रित विकास और पर्यावरणीय विनाश ने इसे खतरे में डाल दिया है।

हिमालयी क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव तेजी से देखने को मिल रहे हैं। ग्लेशियर पिघल रहे हैं, बादल फटने की घटनाएं बढ़ रही हैं, बार-बार भूस्खलन हो रहे हैं और मिट्टी की उर्वरता घट रही है। इससे न केवल पर्यावरण प्रभावित हो रहा है, बल्कि स्थानीय लोगों के जीवन पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। ये प्राकृतिक आपदाएं एक बार फिर हमें चेतावनी दे रही हैं कि अगर हमने समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया, तो हिमालय का अस्तित्व ही संकट में पड़ सकता है। इस संकट के पीछे का मूल कारण है हमारे विकास की भूख, जो पर्यावरण की कीमत पर मुनाफा कमाने की चाह में बिना नियम और योजना के हो रहा है। जंगलों की कटाई, कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट्स, खासकर टूरिज्म के लिए जो विकास हो रहा है, वह नाजुक इकोसिस्टम को बर्बाद कर रहा है।

बिजली महादेव रोपवे प्रोजेक्ट इसका एक जीवंत उदाहरण है, जहां पर्यावरण और स्थानीय सांस्कृतिक महत्व को दरकिनार करते हुए केवल आर्थिक लाभ को महत्व दिया जा रहा है। इससे जंगल कट रहे हैं, मिट्टी कटाव बढ़ रहा है और मंदिर की पवित्रता पर भी खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोग भी इस बदलाव से प्रभावित हो रहे हैं क्योंकि उनका पारंपरिक रोजगार संकट में पड़ रहा है। ग्लेशियरों का पिघलना हिमालय के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है। हिमाचल प्रदेश का बड़ा शिगरी ग्लेशियर 1965 से 2014 के बीच लगभग 1.1 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र घट चुका है।



इसका मतलब है कि सालाना लगभग 22.5 मीटर की दर से ग्लेशियर पीछे हट रहा है। यह न केवल हिमालय के जल स्त्रोतों को प्रभावित करता है, बल्कि नदियों के बहाव और पानी की उपलब्धता को भी खतरे में डालता है।

इससे बाढ़, सूखा और अन्य पर्यावरणीय आपदाओं की आशंका बढ़ जाती है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस गंभीर स्थिति को समझा है और हिमाचल प्रदेश के इकोलॉजिकल नुकसान को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत पर जोर दिया है। कोर्ट ने चेतावनी दी है कि अगर पर्यावरण संरक्षण के लिए उचित कदम नहीं उठाए गए, तो हिमाचल प्रदेश जैसी सुंदर जगह भी भारत के नक्शे से मिट सकती है।

हिमालय को बचाने के लिए हमें अब सक्रिय और जिम्मेदार कदम उठाने होंगे। सबसे पहले, हमें अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील होना होगा। हमें प्रकृति को माता के समान मानकर उसका सम्मान और संरक्षण करना चाहिए। इसके लिए सबसे प्रभावी उपाय जागरूकता फैलाना है। स्कूलों, कॉलेजों और समाज में पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाने वाले अभियान चलाने चाहिए। दूसरा, हमें सस्टेनेबल डेवलपमेंट यानी टिकाऊ विकास की ओर बढ़ना होगा।

मुनाफे से ऊपर पर्यावरण की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। इसके लिए लोकल कम्युनिटी, पर्यावरणविदों और विशेषज्ञों के साथ मिलकर ठोस योजनाएं बनानी होंगी। पारंपरिक खेती, देसी पौधों और जड़ी-बूटियों को बढ़ावा देना होगा, जिससे पर्यावरण की रक्षा के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। जंगलों की कटाई रोकना और नए पेड़ लगाना भी बेहद आवश्यक है।

इसके लिए ग्रीन टैक्स और अन्य पर्यावरण संरक्षण के नियमों को कड़ाई से लागू करना होगा। खेती में रासायनिक उर्वरकों का कम उपयोग करके ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देना चाहिए। साथ ही, ऐसे ग्रीनहाउस और तकनीकों का इस्तेमाल करना चाहिए जो कार्बन उत्सर्जन कम करें।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# जीवन की कठिनाइयों में भगवान राम को याद करें, सफलता निश्चित


संजय गोस्वामी
स्वतंत्र लेखक, मुंबई

दिवाली के बाद जब पटाखों की गूंज धीरे-धीरे शांत होती है, ऐसा लगता है कि भगवान श्रीराम अपने 14 वर्षों के वनवास से लौटकर अयोध्या में प्रवेश कर रहे हैं।

अयोध्यावासी उनके पराक्रम, धैर्य और मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में गाथाएं गाते हैं। मेरे विचार में, भगवान राम शांति के देवताओं में सबसे श्रेष्ठ हैं, क्योंकि उनकी महानता उनके शांत और स्थिर मन से उत्पन्न हुई। वर्षों की तपस्या और संघर्ष के बाद भी संत महात्मा आज तक राम का गुणगान करते हैं।

भगवान राम ने रावण का संहार कर संसार को आतंक और भय से मुक्त कराया। वे जन्म और मृत्यु से परे हैं। इसी वजह से उनकी अनेक मूर्तियां विभिन्न रूपों में पाई जाती हैं। 14 वर्षों के वनवास में राम ने शांत मन से विपरीत परिस्थितियों का सामना किया और यही उनकी महानता है। गोस्वामी तुलसीदासजी के राम के सामने चंदन लगाने की कथा भी इस शांति और भक्ति को दर्शाती है। राम एक अन्तर्यामी हैं, जो हर स्थिति में सकारात्मक ऊर्जा देते हैं। धैर्य के बिना राम के समान महान कार्य संभव नहीं।

वनवास में राम ने अनेक कष्ट सहन किए और अयोध्या लौटने के बाद भी उन्होंने अपने धर्म और कर्तव्य का पालन किया।

उन्होंने शिवजी के धनुष को उठाकर स्वयंवर में भाग लिया, जिसके कारण भगवान परशुराम से विवाद भी हुआ, परंतु कहा जाता है कि परशुराम भी राम के अवतार थे। इसीलिए यह रहस्य बना रहता है कि आखिर राम की कई मूर्तियां क्यों हैं-कहीं सफेद, कहीं श्याम।

राम ने रावण का संहार इसलिए किया क्योंकि रावण के अहंकार से धरती पर अशांति फैल गई थी। रावण शिवजी का भक्त था, और भगवान शिव अपने भक्त का संहार कैसे करते? इसलिए राम ने स्वयं ही वह जिम्मेदारी ली। यही वजह है कि राम को जगत का स्वामी माना गया।



संत कबीर, गुरु नानक, तुकाराम और अन्य संतों ने राम को जानने की कोशिश की, लेकिन अंत में कबीर दास कहते हैं कि सात समंदर की मसी करो, धरती सब कागज, गुरु गुण लिखा न जाए। इसका अर्थ है कि भगवान के गुणों को लिखना संभव नहीं क्योंकि वे अनंत हैं।

यह संदेश हमें आत्म-परिवर्तन की ओर ले जाता है। जब तक हम अपने मन को शांत नहीं करेंगे, तब तक भगवान राम के गुणों को समझना मुश्किल होगा। विज्ञान के अनुसार, प्रकाश निर्वात में भी चलता है। राम को प्रकाश माना जाता है, जो हर स्थिति में स्थिर और अटल है। भगवान राम सर्वशक्तिमान हैं, और उनके नाम से हनुमान जी को भी शक्ति मिली। राम के नाम का जाप करना मन को शांति देता है। इसलिए राम को समझने के लिए मन का शांत होना आवश्यक है। हाल ही में हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया था जिसमें डॉ. सुभाष दोन्दे जी ने डायबिटीज पर वार्ता दी। वार्ता के दौरान तकनीकी समस्या आई, लेकिन संयम और धैर्य से उसका समाधान हुआ। इसी प्रकार जीवन में संकट आए तो भगवान राम को याद करके शांत और स्थिर मन से समाधान ढूंढना चाहिए। भगवान राम शांति के देवता हैं। उनके गुणों को समझने के लिए धैर्य और शांत मन आवश्यक है। उनके आशीर्वाद से जीवन में सफलता अवश्य मिलती है। अत: जब भी कठिनाई आए, भगवान राम को स्मरण करें,शांति से आगे बढ़ें। यही राम की शिक्षाओं का सार है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# आवेदन नहीं ले रहा था रोजगार सेवक, शिकायत लेकर बीडीओ कार्यालय पहुंचे 35 कामगार

## बीडीओ ने फटकार लगाकर मांगा जवाब, मनरेगा एक्ट के तहत रोजगार सेवक को दिए काम देने के आदेश

नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बालीचौकी।** आपदा की त्रासदी के बाद मनरेगा के तहत भूस्खलन से टूटे रास्तों के मरम्मत कार्य में अपने चहेतों को लगाकर करना सरकार और प्रशासन के दावों की पोल खोल रहा है, जबकि अन्य जॉब कार्डधारक कामगारों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

दरअसल जिला प्रशासन ने भूस्खलन से टूटे रास्तों और संपर्क मार्गों की मरम्मत का कार्य मनरेगा के तहत शुरू करने के आदेश हाल ही में पारित किए हैं, बावजूद अन्य कामगारों को काम नहीं दिया जा रहा है। इसकी शिकायत लेकर माणी पंचायत के 35 कामगार वीरवार को विकास खंड कार्यालय बालीचौकी पहुंच कर बीडीओ से मिले। इस दौरान कामगारों ने रोजगार सेवक और वार्ड सदस्य पर अपने चहेतों को काम देने का आरोप लगाया है। शिकायत पत्र में कामगारों ने आरोप लगाया कि अक्तूबर माह के शुरुआती दौर से उनकी पंचायत में मनरेगा के तहत कार्य शुरू हुआ है, लेकिन उन्हें कार्य से वंचित रखा गया है। आरोप है कि मनरेगा का काम मांगते समय भी उन्हें रसीदें नहीं दी जा रही है। रोजगार सेवक की ओर से मनमानी से काम किया जा रहा है, जिस पर खंड विकास अधिकारी बबनेश चड्ढा ने पत्र जारी कर रोजगार सेवक को फटकार लगाकर लिखित में जवाब मांगा है। इसके साथ ही मनरेगा एक्ट के तहत रोजगार सेवक को जल्द कामगारों को काम देने के आदेश भी जारी किए। वहीं, कामगारों ने खंड विकास अधिकारी से सप्ताह के भीतर काम देना का आग्रह किया। इसके साथ ही रोजगार सेवक और वार्ड सदस्यों की मनमानी पर रोक लगाने की मांग की है।



शिकायत पत्र सौंपते लोग।

मनरेगा मजदूर ग्रामीण कामगार संगठन के प्रदेश संयोजक संत राम की अध्यक्षता में विकास खंड अधिकारी से मिले थे, जिस पर बीडीओ बालीचौकी ने संज्ञान लेते हुए लिखित में ग्राम रोजगार सेवक से न केवल जवाब मांगा है, बल्कि मजदूरों को एक्ट के तहतकाम देने के भी आदेश दिए। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं कामगार संगठन के अध्यक्ष संतराम, पूर्व जिला परिषद सदस्य दिले राम, उप प्रधान ईश्वर दास ग्राम पंचायत माणी भी साथ थे।

# चौहार व छोटा भंगाल घाटी में ओलावृष्टि



चौहार घाटी में जमकर हुई ओलावृष्टि।

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बरोट।** छोटा भंगाल व चौहार घाटी में काफी दिन तक मौसम साफ रहने के बाद बुधवार की रात को कुछ पल तक बारिश होने तथा उसके बाद वीरवार को दोपहर बाद दोनों घाटियों में पहले लगभग आधा घंटे तक जमकर ओलावृष्टि के साथ हल्की बारिश का सिलसिला जारी रहा। दोनों घाटियों के निचले भाग में जमकर ओलावृष्टि व दोनों घाटियों में बर्फबारी का क्रम जारी रहा है, जिस कारण दोनों घाटियां ठंड की चपेट में आ गई हैं।

## आंधी ने की बाजार की रौनक फीकी

**अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन क्षेत्र सहित आसपास अचानक बाद दोपहर आई तेज आंधी ने बाजार की रौनक को घंटों फीका कर दिया। तेज हवाओं के साथ हुई बूंदाबांदी ने जहां मौसम को ठंडा कर दिया। वहीं, खासकर ठेला रेहड़ी-फड़ी लगाने वाले मंझोले आदि कारोबारियों का काम भी प्रभावित किया, जिसका असर उन बहनों पर भी देखने को मिला जो भैयादूज पर्व के अवसर पर अपने भाइयों के लिए उपहार की खरीददारी करने के लिए बाजार में खुशी-खुशी निकली थी।

## स्वयंसेवियों ने घर घर जाकर किया सर्वे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिले के करसोग उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला काओ में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य जय प्रकाश गुप्ता ने बताया कि शिविर में कुल 31 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। स्वयंसेवियों ने प्रभात फेरी, सुबह की असेंबली, योग-ध्यान, परेड, बौद्धिक सत्र, खेल सत्र, आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम और गोद लिए गांव काओ में घर घर जाकर सर्वे भी किया। स्वयंसेवियों ने गांव के घर-घर जाकर स्वच्छता, नशा मुक्त वातावरण आदि के बारे में लोगों को बताया। समापन पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेवियों को समाज सेवा, अनुशासन और निस्वार्थ भावना का महत्व बताया। पाठशाला के प्रधानाचार्य जय प्रकाश गुप्ता ने शिविर के सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम अधिकारी तेजेंद्र शर्मा, सह-कार्यक्रम अधिकारी मुमताज व सभी स्वयंसेवकों को बधाई दी।

## मंडी में माकपा की जिला कमेटी ने की बैठक, फोरलेन निर्माण में हो रहे नुकसान पर जताई चिंता

# केंद्र से 5 हजार करोड़ के विशेष राहत पैकेज की मांग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**माकपा** की मंडी जिला कमेटी की बैठक वीरवार को राज्य सचिवालय सदस्य डॉ. ओंकार शाद की अध्यक्षता में मंडी में हुई। बैठक में प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा से हुए भारी नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की गई।

वक्ताओं ने कहा कि मानसून के दौरान बादल फटने, भारी बारिश, बाढ़, जमीन धंसने और भूस्खलन से सबसे ज्यादा नुकसान मंडी जिले में हुआ है। राज्य सरकार की ओर से राहत पैकेज की घोषणा के बावजूद अधिकांश प्रभावितों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है, जबकि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री की 1500 करोड़ की सहायता घोषणा पर भी कोई कार्रवाई नहीं की है। माकपा ने इस आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने और 5 हजार करोड़ रुपए के विशेष राहत पैकेज की मांग की है। साथ ही आपदा प्रभावितों को जमीन के बदले जमीन देने के लिए वन संरक्षण कानून 1980 में संशोधन करने की मांग की गई। पार्टी ने कहा कि एनएचएआई की ओर से फोरलेन निर्माण में बेतरतीब खुदाई और घटिया कार्य से लोगों की संपत्तियों को भारी नुकसान हो रहा है, लेकिन उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा। डॉ. शाद ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने और जनता पर टैक्स थोपने की नीतियों पर चल रही है, जबकि राज्य सरकार भी उन्हीं जनविरोधी नीतियों का अनुसरण कर रही है। बैठक में निर्णय लिया गया कि आपदा, भूमि अधिग्रहण, दलित उत्पीड़न और मजदूर-किसान मुद्दों पर नवंबर माह में मंडी, सरकाघाट, जोगिंदरनगर आदि स्थानों पर राज्यस्तरीय अधिवेशन और प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे।




बैठक में प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा से हुए भारी नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की गई।

# रामपुर-रिवालसर बस सेवा बंद होने से लोग परेशान

अनंत ज्ञान, रिवालसर

**एचआरटीसी** की रामपुर-रिवालसर बस सेवा गत तीन महीनों से अपने निर्धारित रूट पर नहीं चल रही है। सवारियों से भरपूर और सुचारु रूप पर चल रही इस बस सेवा के अचानक बंद हो जाने से क्षेत्र के लोग स्तब्ध हैं, क्योंकि 20 वर्षों से रिवालसर क्षेत्र लोग इस बस सेवा का लाभ उठा रहे थे।

यह बस सेवा हर रोज प्रातः 5 बजे रिवालसर से वाया मंडी रामपुर के लिए प्रस्थान करती आई है और मंडी, सुंदरनगर, करसोग, रामपुर आदि स्थानों के लिए रिवालसर से प्रातः निकले वाली यह पहली सेवा है। सुबह ड्यूटी टाइम या अन्य कार्यों को लेकर अपने गंतव्य तक जल्दी पहुंचने वाले यात्रियों के लिए यह बड़ी लाभप्रद रही है, लेकिन विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते उक्त बस सेवा गत तीन महीनों से रिवालसर नहीं पहुंच रही है। बस को मंडी बस अड्डे तक सीमित कर दिया गया है। शिमला-रामपुर-किन्नौर और काजा के लोगों को भी अब रिवालसर पहुंचने के लिए कई बसें बदलना पड़ रही हैं। बस सेवा ठप होने से लोगों में विभाग के प्रति गहरा रोष पनप गया है। रिवालसर व्यापार मंडल के प्रधान नरेश शर्मा, नगर पंचायत रिवालसर के उपाध्यक्ष कश्मीर सिंह यादव, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष लाभ सिंह सहित क्षेत्र के जवालु राम, गगन इंदौरिया, मुकेश शर्मा पवन, कमल, करण सिंह आदि ने मुख्यमंत्री व डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री से रामपुर रिवालसर बस सेवा को जनहित में तुरंत बहाल करने की मांग करते हुए विभागीय अधिकारियों को इस संबंध में जरूरी दिशा निर्देश देने की मांग की है। वहीं, आरएम एचआरटीसी कार्यालय रामपुर से संपर्क किया गया तो उन्होंने जल्द बस सेवा बहाल करने की हामी भरी है।

**तीन माह से बस सेवा ठप होने से लोगों में रोष**

## क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण मंडी की बैठक 28 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिले के सभी वाहन स्वामियों, संबंधित व्यक्तियों और आवेदकों को सूचित किया जाता है कि क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण मंडी की बैठक 28 अक्तूबर को दोपहर 12.30 बजे क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंडी के कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंडी नवीन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राप्त या अपूर्ण आवेदन एवं दस्तावेज बैठक में विचारार्थ स्वीकार नहीं किए जाएंगे। जिन वाहन मालिकों ने पूर्व में लंबित मामलों से संबंधित आवेदन पहले ही कार्यालय में जमा करवा दिए हैं, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि बस परमिट एवं अन्य परमिटों के ट्रांसफर से संबंधित मामलों में विक्रेता और क्रेता दोनों पक्षों का क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होना अनिवार्य है। अनुपस्थिति की स्थिति में ऐसे मामलों पर कोई निर्णय नहीं लिया जाएगा।

# देसी गाय की नस्ल में बढ़ोतरी के लिए टीकाकरण की मांग

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बरोट।** चौहार व छोटा भंगाल घाटी में देसी गाय की नस्ल में बढ़ोतरी के लिए पशुपालन विभाग से टीकाकरण की मांग की गई है। दोनों घाटियों में जर्सी गाय की नस्ल देखने को काफी मिल रही है।

छोटा भंगाल तथा चौहारघाटी के बुद्धिजीवियों का मानना है कि देसी नस्ल का पशुपालन ही सबसे उत्तम होता है। छोटा भंगाल घाटी के मुख्य बाजार मुल्थान के निवासी व बजरंग दल इकाई बैजनाथ के सदस्य वीर सिंह ठाकुर ने बताया कि लगभग 30 से 35 वर्ष पूर्व पशुपालन विभाग ने समूचे प्रदेश में तीन से चार पंचायतों को मिलाकर वेटरनरी डिस्पेंसरियों में गाय के गर्भाधान के लिए कृत्रिम टीकाकरण के साथ-साथ देसी नस्ल के लिए एक-एक देसी का प्रावधान भी किया था, मगर अब सभी डिस्पेंसरियों में बैलों को बंद कर रखा है, जो कि सरकार द्वारा बिलकुल गलत ही किया है। वीर सिंह ठाकुर ने घाटियों के समस्त पशुपालकों की ओर से पशुपालन विभाग तथा प्रदेश सरकार से मांग की है कि देसी गाय व बैलों की नस्ल को बरकरार रखने के लिए इन दोनों घाटियों सही समूचे प्रदेश में स्थापित की गई सभी वेटरनरी डिस्पेंसरियों तथा अस्पतालों में एक बार फिर से जर्सी नस्ल के लिए टीकाकरण के साथ एक एक देसी बैल को भी मुहैया करवाया जाए।

## भाई-बहन के स्नेह का पर्व भैयादूज धूमधाम से मनाया

**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक भैयादूज के शुभ अवसर पर बहन ने भाई को मंगल टीका कर उपहार दिए। भाई बहन के अटूट प्रेम और समर्पण के प्रतीक पर्व जिसे भैयादूज के नाम से भी पुकारा जा रहा है, उसको क्षेत्रभर में धूमधाम से मनाया गया, जो किसी भावुक पल से कम नहीं था देखते ही बना।

# कलोगा मंडप रोड और चौकी पुल से अपर चौकी रोड पिछले दो माह से बंद : रजत

## ग्रामीणों ने दी आंदोलन की धमकी, कहा- सड़क दुरुस्त नहीं हुई तो करेंगे घेराव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**कलोगा** मंडप रोड और चौकी पुल से अपर चौकी रोड पिछले दो महीनों से बंद पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद विभागीय अधिकारी कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। दो महीने बीतने के बाद भी न तो मरम्मत कार्य शुरू हुआ और न ही वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की गई है। इससे क्षेत्र के लोगों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी एक सप्ताह के भीतर सड़कें नहीं खोली गईं, तो वे सहायक अभियंता कार्यालय का घेराव करेंगे। इस आंदोलन में भाजपा नेता रजत ठाकुर ने भी ग्रामीणों के साथ उतरने की घोषणा की है। रजत ठाकुर ने कहा कि सरकार और विभाग जनता की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं हैं। यदि ग्रामीणों की आवाज नहीं सुनी गई तो हम सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।



ग्रामीणों ने बताया कि सड़क बंद होने से बच्चों को स्कूल जाने, मरीजों को अस्पताल पहुंचाने और किसानों को अपनी उपज मंडी तक ले जाने में काफी दिक्कतें आ रही हैं। स्थानीय दुकानदारों का व्यापार भी ठप हो गया है। लोक निर्माण विभाग उपमंडल मंडप के सहायक अभियंता ने कहा कि मार्ग पर मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। प्रयास है कि सड़क अगले सप्ताह तक सुचारु हो जाए। उन्होंने कहा कि इस सड़क पर बरसात से टूटे डंगे को ठीक किया जा रहा है, जिससे यह समस्या उत्पन्न हुई है।

### ग्रामीण बोले- आश्वासनों पर नहीं करेंगे भरोसा

**ग्रामीणों** का कहना है कि वे अब विभाग के आश्वासनों पर भरोसा नहीं करेंगे। यदि तय समय सीमा में मार्ग नहीं खोला गया, तो वे सामूहिक रूप से सड़क पर उतरकर जोरदार आंदोलन करेंगे। इस मौके पर मुरारी लाल प्रधान चौकी, सुनील कुमार उपप्रधान, दलीप सिंह, विनोद कुमार, अभिषेक कुमार, संजय कुमार, पवन कुमार, मीना देवी, कल्पना देवी, मोहन लाल, विजय कुमार, लेख राज बीडीसी, सतपाल, जय पाल विस्ट,संजय कुमार, सुशील कुमार, कश्मीर सिंह, हरि चंद, टेकचंद, हंसराज, रूप लाल भी मौजूद रहे।

## दुकान से घर लौट रहे व्यक्ति पर हमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिले के तहत पुलिस थाना बल्ह में मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता कर्म चंद निवासी डाकघर रती तहसील बल्ह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 22 अक्तूबर की रात लगभग 10:15 बजे अपने रिश्तेदारों के साथ दुकान से घर लौट रहा था। इस दौरान दौलत राम, राहुल, लीला देवी और पुष्पा देवी ने उस पर और उसके परिजनों पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें चोटें आईं। पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मंडी में रास्ता रोककर व्यक्ति से मारपीट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पुलिस थाना सदर मंडी में मारपीट का एक और मामला दर्ज हुआ है। शिकायतकर्ता सुनील दत्त पुत्र हेमप्रभु निवासी डाकघर रेहड़ धार, तहसील व थाना सदर जिला मंडी ने बताया कि 22 अक्तूबर को आरोपी नीकू उसके घर आया और उसके साथ गाली-गलौज करने के बाद रास्ता रोककर मारपीट की। उसे चोटें आई हैं। सदर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# 1965 और 1971 युद्ध के जांबाज सैनिक हवलदार संत राम का निधन



95 वर्षीय जांबाज सैनिक की बेटी रीता देवी ने अपने पिता को मुखाग्नि दी।

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**सरकाघाट** की पंचायत बसंतपुर के गांव रसैण के 1965 और 1971 के युद्ध के 95 वर्षीय जांबाज सैनिक व पूर्व ग्राम पंचायत उपप्रधान हवलदार संत राम का वीरवार सुबह 4 बजे निधन हो गया। उन्होंने भारतीय सेना की तोपखाना रेजिमेंट में 24 वर्षों तक देश सेवा दी।

स्टेशन हेडक्वार्टर योल, निदेशक हमीरपुर तथा उपनिदेशक मंडी ने उनके निधन पर गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए परिवार के प्रति सांत्वना प्रकट की। सेवानिवृत्त सैनिक की बेटी रीता देवी ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। श्रद्धांजलि सभा में एक्स सर्विसमैन लीग सरकाघाट के चेयरमैन कैप्टन प्यार चंद, सचिव कैप्टन बलदेव राज, सूबेदार मेजर विजय कुमार, कैप्टन तारा चंद, कैप्टन रघवीर सिंह, सूबेदार मेजर प्रेम सागर, सूबेदार मेजर अरविंद, सूबेदार प्रेमपाल, सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज, हिमाचल पेंशनर्स फेडरेशन जिला मंडी के महासचिव दलीप सिंह ठाकुर, हवलदार हरदेव सिंह ठाकुर, नायब सूबेदार अमृत लाल सहित अनेक सेवानिवृत्त सैनिक और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

**समस्या** एक सप्ताह से पानी न आने से लोगों में जल शक्ति विभाग के खिलाफ भड़का आक्रोश

# सेरली बताही के ग्रामीण पानी को तरसे



पानी की बूंद-बूंद को तरसे पटड़ीघाट पंचायत के सेरली बताही गांव के लोग खाली बाल्टियों के साथ।

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**उपमंडल** सरकाघाट की पटड़ीघाट पंचायत के सेरली बताही गांव के ग्रामीण पिछले एक सप्ताह से पानी की एक बूंद तक को तरस रहे हैं। गांव के नलों में पानी न आने से लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई वर्षों से पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं, लेकिन जल शक्ति विभाग की लापरवाही के कारण स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार कांग्रेस और भाजपा नेताओं तथा विभागीय अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन आज तक समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ।

गांव में लगे नल अब सिर्फ शोपीस बनकर रह गए हैं, जिनसे पिछले एक हफ्ते से पानी की एक बूंद तक नहीं टपकी है। मजबूरन ग्रामीणों को दीपावली के दिन भी रिवालसर से गाड़ियों में पानी लाना पड़ा। स्थानीय लोगों में वार्ड पंच कांता देवी, राकेश आजाद, ललिता देवी, चुनी लाल, मस्त राम, ईश्वर दास, छवि राम, हरी चंद, हुकमी देवी, बद्री राम, चमन लाल, अनु कुमारी आदि ने बताया कि विभागीय कर्मचारियों और अधिकारियों को कई बार शिकायत की गई, लेकिन विभाग गहरी नींद में सोया हुआ है। अब ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल शक्ति विभाग ने उनकी पानी की समस्या को जल्द हल नहीं किया, तो वे कलखर चौक में विभाग के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करेंगे।

ग्रामीणों ने साफ कहा कि इस स्थिति के लिए पूरा जिम्मेदार जल शक्ति विभाग ही होगा। इस बारे में कनिष्ठ अभियंता ढलवान अमित राणा से बात करने पर उन्होंने बताया कि कल वेल्डर भेजकर पाइप लाइन को जोड़कर सेरली बताही गांव में पानी की सप्लाई चलाई जाएगी।

# लोगों की रक्षा के लिए शीघ्र होगा ख्वाजा देवता का धार्मिक उत्सव : चमन राही

## कहा- आपदा के लिए ख्वाजा की मानौती जरूरी, नंगल के कलाकार करेंगे गुणगान



सुरेंद्र शर्मा को सम्मानित करते चमन राही व गणमान्य।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**मंडी** में 74वें वार्षिक विश्वकर्मा दिवस समारोह के मौके पर नंगल सांस्कृतिक ग्रुप के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जसपाल शर्मा, अमृत सहित एक दर्जन कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के प्रदेश महासचिव व प्रदेश प्रवक्ता चमन राही ने कहा कि सुरेंद्र शर्मा हर धर्म के काव्यों ग्रंथों का अध्ययन कर उसको अपनी सुरीली आवाज से आम जनता तक पहुंचाते हैं। हर वर्ष विश्वकर्मा दिवस पर मंडी में यह अपनी प्रस्तुति देकर रामायण, महाभारत, गीता और गुरु ग्रंथ साहिब का बखान करते हुए। इस मौके पर विश्वकर्मा प्रबंधक कमेटी के प्रधान ज्ञान शर्मा, महासचिव पीसी धीमान, कोषाध्यक्ष महेंद्र राणा, सरदार सुखदेव सिंह ने चमन राही के नेतृत्व में सुरेंद्र शर्मा को सम्मानित किया। परिषद के प्रदेश महासचिव व प्रदेश प्रवक्ता चमन राही ने सुरेंद्र शर्मा और उनके साथियों से चर्चा करते हुए कहा कि पंजाब की तर्ज पर हिमाचल के जिला मंडी में शीघ्र ही प्राकृतिक आपदा से बचाने के लिए ख्वाजा देवता की पूजा-अर्चना की जाएगी। चमन राही ने कहा कि मंडी में ख्वाजा की पूजा अर्चना सार्वजनिक तौर पर नहीं पहले कभी नहीं हुई है, जिस कारण आए दिन भूस्खलन और बाढ़ जैसी स्थिति से दो चार होना पड़ता है।

चमन ने कहा कि शीघ्र ही सुरेंद्र शर्मा की टीम को बुलाकर एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, ताकि ख्वाजा देवता की कृपा आम जनमानस पर हो और चल अचल संपत्ति की रक्षा हो सके।

# भैयादूज पर एचआरटीसी की चूक पर जागा प्रशासन, महिलाओं को लौटाया किराया

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**


H.R.T.C
DEPOT :: BILASPUR
o: 037539 23/10/25 06:45:07
RDINARY HP-69-4974
BILASPUR - LATHIYANI
DISTANCE: 67 KMs
PAYMENT TYPE: CASH
FULL : 2 x 173.00 = 346.00
INSURANCE FEE : 8.00 HYGIEN
CHARGES : 2.00 T.Tax : 0.00
HP FARE : 336.00
TOTAL : ₹346.00
C401154 SCHD No:683/

**लठियानी।** भैया दूज जैसे स्नेह और संवेदनशीलता के पर्व पर हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) के बिलासपुर डिपो की एक बस में हुई छोटी-सी लापरवाही ने प्रशासन को सजग कर दिया। बिलासपुर से लुधियाना जा रही निगम की बस में परिचालक ने बिलासपुर से लठियाणी तक यात्रा कर रही दो महिला यात्रियों से पूरा किराया वसूल लिया, जबकि सरकार ने पर्व के अवसर पर महिलाओं के लिए निशुल्क यात्रा की घोषणा की थी।

महिला ने जब परिचालक को इस निर्णय की जानकारी दी, तो उसने कहा कि हमें इस बारे में कोई आधिकारिक आदेश नहीं मिला। यह सुनकर यात्रियों ने आपत्ति जताई, और सोशल मीडिया के माध्यम से मामला बिलासपुर क्षेत्रीय प्रबंधक तक पहुंच गया। इस विषय की जानकारी मिलते ही बिलासपुर डिपो प्रशासन हरकत में आया और सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (एआरएम) विवेक लखनपाल ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पाया गया कि परिचालक को भैया दूज पर निशुल्क यात्रा की घोषणा की जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा भैया दूज की रियायत की जानकारी परिचालक को याद नहीं रहा होगा, जिस कारण टिकट काटा गया। लेकिन बाद में महिला यात्रियों को पूरा किराया वापस कर दिया गया है। विभाग ने तुरंत परिचालक से स्पष्टीकरण मांगा और यह सुनिश्चित किया कि भविष्य में इस तरह की त्रुटि दोबारा न हो। एआरएम लखनपाल ने कहा कि सभी कर्मचारियों को त्योहारों पर सरकार की रियायत संबंधी सूचनाएं समय पर देने की प्रक्रिया और अधिक सुदृढ़ की जाएगी। इस पूरे प्रसंग ने यह दर्शा दिया कि जब जनभावना सामने आती है और प्रशासन संवेदनशीलता दिखाता है, तो पारदर्शिता और जनविश्वास दोनों की मिसाल कायम होती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की जनहित नीतियों को सही ढंग से लागू करना ही सच्चे सुशासन की पहचान है।

# बंगाणा बाजार में लड़ाई : आरोप–पुरानी रंजिश के चलते किया प्रधान ने हमला

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



उपमंडल बंगाणा के तहत दीपावली के दिन बंगाणा बाजार में हुई लड़ाई को लेकर दूसरा पक्ष भी वीरवार को मीडिया के सामने आया।

दूसरे पक्ष संजीव कुमार ने बताया कि वह 2023/24 में पंचायत में वेंडर थे, लेकिन पंचायत निर्माण कार्यों में खड्डु का मैटीरियल लगाया जा रहा था, जिस पर उन्होंने पंचायत प्रधान का साथ नहीं दिया था जिस कारण से प्रधान ने उन्हें उस समय भी धमकी दी थी कि वह उनको देख लेंगे, लेकिन 20 तारीख को मौका देखकर बीच बाजार में प्रधान और अन्य परिवारिक सदस्यों द्वारा उन पर हमला कर दिया गया, जिसमें उन्हें चोटें भी आईं जिसकी शिकायत उन्होंने पुलिस विभाग को भी दी है। संजीव कुमार का कहना है कि पंचायत में गड़बड़ी की पोल खोल के कारण उनको अब निशाना बनाया गया है और उनकी छवि को ठेस पहुंचाने के लिए ऐसा किया गया है। संजीव ने अपनी प्रेस वार्ता में पंचायत के शराब माफिया से जुड़े व्यक्ति पर भी सवालिया निशान खड़े किए हैं। उन्होंने कहा है कि यह मामला माफिया के परिवार से संबंधित है। यह स्वयं शुरू से ही ब्लैक करते आए हैं। इस लिए पुलिस को सभी बातों को ध्यान में रखकर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मैं भारतीय सेना से सेवानिवृत हूं और मेहनत ईमानदारी से काम करता हूं।

## नारी गांव में दो सगे भाइयों में मारपीट, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पुलिस थाना सदर के तहत नारी बसाल क्षेत्र में दो सगे भाइयों के साथ मारपीट का मामला सामने आया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मारपीट के दस आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गणेश कुमार निवासी नारी उपरली जिला ऊना ने शिकायत में बताया कि बुधवार शाम को करीब साढ़े छह बजे उसका लड़का गोविंद, मुनीष, अर्पित व उनके अन्य साथी पैदल बाबा डेरा रुद्रानंद आश्रम की तरफ जा रहे थे। इस दौरान आरोपी युवक अभिषेक के साथ उसके अन्य दो साथी ट्रैक्टर पर वहां पहुंचे। इस दौरान आरोपियों ने पुरानी रंजिश में गोविंद व उसके साथियों के सामने ट्रैक्टर को एकदम ब्रेक लगाया तथा कहा कि ट्रैक्टर ऊपर चढ़ा दूं। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपियों की हरकत देख मुनीष, गोविंद व अर्पित साइड हो गए। इसके बाद अभिषेक ने अर्पित के साथ ट्रैक्टर का टायर टच कर दिया। इसके बाद अर्पित भागकर घर आया व उसने इस घटनाक्रम के बारे में उन्हें बताया। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह और उसका भाई कृष्ण कुमार बातचीत करने के लिए अभिषेक के घर गए। इस दौरान युवक के पिता राजेश कुमार व उसकी पत्नी से उनके बच्चों की शिकायत की थी तो राजेश व अन्य करीब नौ लोगों ने उनके साथ बहसबाजी व हाथापाई की। आरोपियों ने डंडों व लोहे के बर्तनों से उनके साथ मारपीट की। शोर सुनकर मौके पर उसकी पत्नी सोनिया सहित अन्य लोग पहुंचे और बीच बचाव किया। पुलिस अधीक्षक अमित यादव ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# सलोह लगातार तीसरी बार फुटबॉल प्रतियोगिता का विजेता

**अनंत ज्ञान, बड़ूही/ऊना**

उपमंडल अंब की ग्राम पंचायत चुरुडू में 13वां हेडमास्टर राजेंद्र सिंह मेमोरियल फुटबाल टूर्नामेंट वीरवार को संपन्न हो गया। चार दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता में एफसी सलोह की टीम ने लगातार तीसरे साल विजेता का खिताब अपने नाम किया है। फाइनल मुकाबले में सलोह की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए जीडीसी पंजावर को 2-1 से मात दी। इससे पहले दो सेमिफाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों से शानदार खेल दिखाया। वहीं, प्रतियोगिता के अंतिम दिन बच्चों का फाइनल मुकाबला भी हुआ। इस मुकाबले में वाईएफसी खड्डु ने हमीरपुर की टीम को पेनल्टी शूटआउट में मात देकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।

जानकारी के अनुसार चुरुडू स्कूल के खेल मैदान में आयोजित हुई फुटबाल प्रतियोगिता में एफसी सलोह, भंजाल, चुरुडू और पंजावर की टीमें सेमिफाइनल मुकाबले में पहुंची। इस दौरान पहला सेमिफाइनल एफसी सलोह और भंजाल के बीच खेला गया। इस मुकाबले में दोनों टीमें बराबरी पर रहीं। इसरे बाद पेनल्टी शूटआउट में सलोह की टीम बाजी मार गई। दूसरा सेमिफाइनल मुकाबला एफसी मुरुडू और जीडीसी पंजावर के बीच खेला गया। इसमें पंजावर की टीम ने 2-0 से मुकाबला अपने नाम किया। दोनों सेमिफाइनल के बाद अंडर-16 श्रेणी का फाइनल मुकाबला वाईएफसी खड्डु और हमीरपुर के बीच खेला गया। इस मुकाबले में दोनों टीमें शानदार तरीके से खेलीं और मैच बराबरी पर छूटा। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट में वाईएफसी खड्डु की टीम विजयी रही। शाम करीब चार बजे प्रतियोगिता की सीनियर श्रेणी का अंतिम मैच खेला गया। इसमें एफसी सलोह और जीडीसी पंजावर में भिड़ंत हुई। मैच काफी रोचक रहा।

मैच में एक समय ऐसा भी आया कि दोनों टीमें 1-1 गोल की बराबरी पर पहुंचीं। इस बीच सलोह की टीम ने खेल में बढ़त लेते हुए दूसरा गोल दागा। यही गोल उनकी विजय के लिए निर्णायक साबित हुआ। एफसी सलोह टीम के खिलाड़ी साहिल राणा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगातार तीसरे साल उनकी टीम ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में भी उनकी टीम शानदार प्रदर्शन जारी रखेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध माइनिंग मामले में करोड़ों की संपत्तियां अटैच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** हिमाचल के ऊना जिला के साथ लगते नंगल क्षेत्र से संबंधित कुछ लोगों पर ईडी ने कार्रवाई की है। माइनिंग माफिया पर शिकंजा कसते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नसीब चंद, पंकज और बलविंदर सिंह उर्फ अमन की करोड़ों की संपत्तियों को अटैच करने के आदेश जारी किए हैं। ईडी ने निशाने पर आए लोगों की संपत्तियों को जब्त करने संबंधी आदेश उपमंडल रजिस्ट्रार को भेजे थे। सूत्रों के अनुसार इन तीनों के छह मोबाइल फोन और दो कंप्यूटर पहले ही ईडी की ओर से जब्त किए जा चुके हैं। इस कार्रवाई के बाद हिमाचल के माइनिंग माफिया में भी हड़कंप मचा है। जानकारी के मुताबिक अटैच की गई जमीन खेड़ा कल्मोट, भलाण, हर्षा बेला, नानग्रां, भलड़ी, नूरपुर बेदी और प्लासा सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित है। एसडीएम नंगल सचिन पाठक ने बताया कि डिप्टी डायरेक्टर इंफोर्समेंट जालंधर की ओर से 17 अक्टूबर को उपमंडल रजिस्ट्रार नंगल, गढ़शंकर और नूरपुर बेदी को पत्र भेजा गया था, जिसकी एक प्रति उन्हें भी प्राप्त हुई थी। पत्र में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि मनी लॉन्ड्रिंग अधिनियम की धारा 5(1) के तहत नसीब चंद, पंकज और बलविंदर सिंह उर्फ अमन की लगभग 4 करोड़ 10 लाख रुपये मूल्य की संपत्तियां जिनमें कृषि योग्य भूमि, माइनिंग क्षेत्र और कुछ निर्मित संपत्तियां शामिल हैं, को अटैच किया जाए ताकि इन्हें बेचा न जा सके। एसडीएम पाठक ने बताया कि आदेशानुसार संबंधित संपत्तियों को अटैच कर दिया गया है, जिसकी जानकारी ईडी को भेज दी गई है। यह कार्रवाई राजस्व अभिलेख (जमाबंदी) में भी दर्ज कर ली गई है।

### तीखे मोड़ पर अनियंत्रित हुई गाड़ी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** रामलीला मैदान अंब के समीप वीरवार सुबह 4:30 बजे एक महिंद्रा गाड़ी तीखे मोड़ पर अनियंत्रित होकर खड्ड के किनारे लटक गई। गाड़ी अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन की तरफ से आ रही थी। गाड़ी को रौंणखर गांव का युवक कुमार चला रहा था। उसके साथ एक अन्य सवार था। गनीमत रही कि वाहन की रफ्तार अधिक नहीं थी अन्यथा गाड़ी गहरी खाई में गिर सकती थी। इससे जानमाल का भी नुकसान हो सकता था। हादसे में किसी को चोट नहीं लगी है। चालक ने बताया कि मोड़ पर किसी प्रकार का दिशा-निर्देश बोर्ड या पैरापिट न होने के चलते वह गलती से गलत दिशा की तरफ मुड़ गया। उधर, मौके पर प्रत्यक्षदर्शी दीपक कुमार ने बताया कि गाड़ी खड्ड में गिरने से कुछ इंच की दूरी पर ही थी। रफ्तार होती तो हादसा हो सकता था। वहीं, स्थानीय निवासी प्रशांत, कार्तिक और आशुतोष ने बताया कि यहां पहले भी हादसे होते रहते हैं। कई बार प्रशासन से यहां पर पैरापिट लगाने की मांग की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि यहां हादसों के खतरे को देखते हुए जल्द पैरापिट या सूचना बोर्ड लगाया जाए ताकि हादसों में कमी आ सके। हादसे के बाद करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जेसीबी की मदद से गाड़ी को बाहर निकाला गया।

### त्योहारों के बाद कामकाज पर लौटने लगे लोग

**अनंत ज्ञान, ऊना।** त्योहारों के सीजन के समाप्त होने के बाद लोग अपने-अपने कामकाज पर लौटने लगे हैं। इसी के चलते ऊना स्थित आईएसबीटी में लगातार दूसरे दिन यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही बस अड्डे पर विभिन्न रूटों के लिए टिकट लेने वालों की लंबी कतारें लगी रहीं, जिससे प्रशासन के लिए चुनौती बनी हुई थी। भीड़ बढ़ने पर परिवहन निगम ने यात्रियों की सुविधा के लिए तुरंत कई अतिरिक्त बसें विभिन्न प्रमुख रूटों पर भेजीं। इससे यात्रियों को टिकट लेने और यात्रा करने में सुविधा हुई और असुविधा से बचा गया। निगम अधिकारियों ने बताया कि विशेष रूप से चंडीगढ़, बद्दी, होशियापुर और दिल्ली रूट पर अतिरिक्त बसें चलाई गई हैं। परिवहन विभाग ने यात्रियों से भी अपील की है कि वे समय पर आईएसबीटी पहुंचकर अपनी टिकट प्राप्त करें ताकि भीड़ से बचा जा सके और सभी को आरामदायक यात्रा का अनुभव हो। इस कदम से त्योहारों के बाद यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद मिली है।

# उपमुख्यमंत्री अग्निहोत्री का प्रेस क्लब हरोली ने किया सम्मान



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को शाल व टोपी पहनाकर सम्मान करते हुए।

**अनंत ज्ञान, हरोली**

वीरवार को प्रेस क्लब हरोली के पदाधिकारियों ने वीरवार को हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का आस्था कुंज जयचंद गोंदपुर में पहुंचने पर शाल व टोपी पहनाकर सम्मान किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अग्निहोत्री ने प्रेस क्लब हरोली के पत्रकारों से लंबी बातचीत की और क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। प्रेस क्लब हरोली के अध्यक्ष नारायण प्रभाकर ने सभी पत्रकारों का उपमुख्यमंत्री से परिचय करवाया। इस अवसर पर क्लब के मुख्य संरक्षक दिनेश गौतम, अध्यक्ष नारायण प्रभाकर, महासचिव नवीन महे, मुख्य सलाहकार राजन चब्बा, सलाहकार एम.आर. पाठक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्वनी प्रभाकर, उपाध्यक्ष नीतीश शर्मा, संगठन सचिव नरेश सिंघा, कार्यालय सचिव सुलिंदर चोपड़ा तथा प्रेस सचिव पंकज चोपड़ा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने पत्रकारों की भूमिका की सराहना की और कहा कि प्रेस लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, जो समाज के हित में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है।

# भवन निर्माण संबंधी तकनीकों से करवाया अवगत

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला आपदा प्रबंधन एवं प्राधिकारण ऊना के समर्थ 2025 कार्यक्रम के तहत वीरवार को आरके कलामंच चिंतपूर्णी के कलाकारों ने बस अड्डा चिंतपूर्णी और भंजाल में लोगों को भूकंप सुरिक्षत भवन निर्माण को लेकर जागरूक किया।

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को भूकंप के दौरान जान-माल की क्षति के नुकसान को कम के लिए भूकंपरोधी मकान बनाने की विभिन्न तकनीकों बारे अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि आपदा से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक है। ऐसे सुरक्षित भवनों का निर्माण करना बेहतद जरूरी है जोकि आपदा के दौरान सुरक्षित रहें और नुकसान को कम किया जा सके। उन्होंने बताया कि आपदाओं से सुरक्षित रहने के लिए तकनीक का इस्तेमाल बेहद आवश्यक है। भवनों में किसी भी प्रकार का संरचनात्मक बदलाव करने से पहले अभियंता से परामर्श अवश्य लें ताकि भूकम्प से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। सुरक्षित भवन निर्माण में उत्तम सीमेंट मोर्टार, क्षैतिज भूकंपरोधी बैंड, इंट की दीवारों का सुदृढ़ीकरण, उद्धघाटनों के जांब्स में खड़ी सुदृढ़ीकरण, पिलर निर्माण, पायलिंग के तरीके, कंक्रीट के मानक और नींव बनाने में प्रयोग होने वाले आवश्यक तत्वों बारे जागरूक किया। इसी कड़ी में समर्थ 2025 कार्यक्रम के तहत 24 अक्तूबर को अंब और नैहरियां, 25 को गगरेट और शिवबाड़ी, 26 अक्तूबर को कुनेरन और ओईल में आरके कलामंच चिंतपूर्णी के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटकों के जरिए लोगों को भूकपं सुरक्षित भवन निर्माण के साथ-साथ आपदा जोखिमों और उपायों बारे जागरूक किया जाएगा।




फोक मीडिया दलों ने सुरक्षित भवन निर्माण पर ग्रामीण किए जागरूक।

# भरवाई में कल से एनएसएस शिविर लगाया जाएगा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरवाई में 25 अक्तूबर से 31 अक्तूबर तक राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय आवासीय शिविर आयोजित होगा। भरवाई स्कूल के प्रधानाचार्य निर्मल कुमार और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार व महिला कार्यक्रम अधिकारी रेनू सरोच ने बताया कि सात दिवसीय आवासीय शिविर में स्वंयसेवी स्कूल में ही रुककर सेवा कार्य करेंगे। इस शिविर के लिए रूपरेखा तैयार कर दी गई है जिसमें स्वयंसेवियों की ओर से विद्यालय परिसर की सफाई के साथ गोद लिए हुए गांव की सफाई, विद्यालय के जल स्रोतों की सफाई आदि का काम रहेगा व शिविर के दौरान विभिन्न स्रोत वक्ता भी स्वयंसेवियों को जागरूक करेंगे। इस शिविर की सूचना उच्च शिक्षा विभाग शिमला और उच्च शिक्षा उपनिदेशक ऊना को दे दी गई है।

# बसाल पुली से मनोहर मार्केट रोड भारी वाहनों के लिए बंद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** बसाल पुली से मनोहर मार्केट सड़क (0/000 से 3/750 किलोमीटर) 24 अक्तूबर से 7 नवंबर तक भारी वाहनों के लिए पूर्णत: बंद रहेगी। इस दौरान यातायात को वैकल्पिक सड़क मार्ग ऊना-टक्का-धमांदरी( 0/000 से 9/225) और कुरयाला-झलेड़ा-डंगेहड़ा रोड़ पर मोड़ा गया है। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने इस संबंध में मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 115 व 116 के तहत आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि यह आदेश सड़क के अपग्रडेशन सहित अन्य निर्माण कार्यों को त्वरित व सुचारू रूप से करने को लेकर जारी किए गए हैं। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को सड़क बंद करने को लेकर जनता को सूचित करने और मार्ग परिवर्तन की जानकारी देने के लिए अग्रिम बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं।

# लड़ोली पंचायत में बढ़ी चोरी की वारदातें प्रधान ने की लोगों से सतर्क रहने की अपील

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

उपमंडल अंब के तहत आने वाली पंचायत पंजोआ-लड़ोली और आसपास के क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों से चोरी की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। पंचायत प्रधान बलविंद सिंह ने इन बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए ग्रामीणों से सतर्क रहने और सहयोग बनाए रखने की अपील की है।

प्रधान बलविंदर सिंह ने बताया कि पिछले कल पंचायत के दो घरों में चोरी की वारदात हुई, जबकि चार दिन पहले भी एक घर में चोरी की घटना सामने आई थी। उन्होंने कहा कि इलाके में अपरिचित व्यक्ति घूमते देखे जा रहे हैं, ऐसे में यदि किसी को कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत पंचायत प्रधान या स्थानीय प्रशासन को सूचित करें। प्रधान ने ग्रामीणों को सलाह दी कि वे रात को सोने से पहले अपने घरों के दरवाजे और खिड़कियाँ अच्छी तरह बंद करें, तथा रात में देर तक सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि पहले के समय में जब गांवों में चोरी की घटनाएं होती थीं तो गांव के बुजुर्ग लोग मिलकर 'ठीकरी पहरा' लगाया करते थे, जिससे चोरी जैसी घटनाओं पर काफी हद तक रोक लग जाती थी। उन्होंने सुझाव दिया कि अब भी उसी परंपरा को दोबारा शुरू करने की जरूरत है, ताकि गाँव में सामूहिक रूप से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जा सके। प्रधान बलविंदर सिंह ने कहा आओ मिलकर रात के समय ठीकरी पहरे की व्यवस्था करें, ताकि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। स्थानीय लोगों ने भी पंचायत प्रधान के इस कदम का स्वागत किया है और सामूहिक जागरूकता के माध्यम से गांव की सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प लिया है।

# एनएसएस स्वयंसेवियों को अनुशासन और नेतृत्व की दी प्रेरणा




राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बंगाणा में एनएसएस शिविर के शुभारंभ पर मौजूद स्वयंसेवी।

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बंगाणा में वीरवार को एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हो गया।

इस शिविर के शुभारंभ के अवसर पर राज पाल कुटलैहडिया समन्वयक एनएसएस बंगाणा खंड ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना विश्व का सबसे बड़ा समाज सेवा को समर्पित निष्काम भाव से काम करने वाला संगठन है, जो कि भारत सरकार के युवा व खेल सेवाएं मंत्रालय द्वारा संचालित है । एनएसएस न केवल स्वयंसेवियों को परहित में कार्य करने के लिए प्रेरित करता है, बल्कि उनमें अनुशासन, नेतृत्व की क्षमता व संस्कार पोषित करता है। उन्होंने एनएसएस युनिट को समय सारिणी का अनुसरण करने की सलाह दी एवं स्वयंसेवियों से उम्मीद जताई कि वे अनुशासन में रहते हुए अच्छा अनुभव प्राप्त करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता जितेंद्र कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य (कार्यकारी) ने की। उन्होंनें स्वयंसेवियों को समर्पित भाव से सीखते हुए शिविर को सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी बलदेव कलसी ने सात दिवसीय विशेष शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर महिला कार्यक्रम अधिकारी सलोचना देवी, पूर्व कार्यक्रम अधिकारी विवेक शर्मा, सुनील कुमार प्रवक्ता गणित, राममूर्ति शर्मा प्रवक्ता भौतिक शास्त्र, नितिन कुमार आदि सम्मिलित रहे। इस शिविर में पचास स्वयंसेवी हिस्सा ले रहे हैं।

# माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव 14 से 16 नवंबर तक होगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

## आस्था, संस्कृति और पर्यटन का संगम बनेगा आयोजन

धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव इस वर्ष 14 से 16 नवंबर तक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने दी।

पिछले वर्ष 26 से 28 सितंबर तक अंब मैदान में आयोजित महोत्सव का प्रथम संस्करण अत्यंत सफल रहा था। इस आयोजन ने न केवल श्रद्धालुओं और पर्यटकों का मन मोहा, बल्कि इसे प्रदेश के धार्मिक एवं सांस्कृतिक कैलेंडर में एक विशिष्ट पहचान भी दिलाई। महोत्सव ने आस्था और लोक-संस्कृति के समन्वय से एक प्रेरणादायक सांस्कृतिक पहल के रूप में अपनी छाप छोड़ी। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव आस्था, संस्कृति और समृद्धि का अद्वितीय संगम बनकर उभरा है। इस दौरान आयोजित की जाने वाली सांस्कृतिक संध्याएं, लोक-कलाओं की प्रस्तुतियां, खेल प्रतियोगिताएं और जनसहभागिता कार्यक्रम हिमाचल की जीवंत लोक-संस्कृति को सशक्त रूप से प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि ऊना जिला प्रशासन महोत्सव की तैयारियों में पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ जुटा हुआ है। सभी विभागों की टीमें गठित की जा चुकी हैं और आवश्यक कार्यों को तीव्र गति से आगे बढ़ाया जा रहा है, ताकि आयोजन न केवल सुव्यवस्थित हो, बल्कि प्रत्येक आगंतुक के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव सिद्ध हो। वहीं, श्री चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी उद्देश्य से पिछले वर्ष माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव की शुरुआत की गई थी, जो अत्यंत सफल रही। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी यह महोत्सव श्रद्धा और संस्कृति का पर्व होने के साथ-साथ क्षेत्र की आर्थिक, सामाजिक और पर्यटनगत प्रगति को नई गति और दिशा प्रदान करेगा।

**आयोजन** आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा में खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन

# कबड्डी व बैडमिंटन में सदोह की टीम रही विजेता

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

स्थानीय आर्य पब्लिक स्कूल, बंगाणा में वीरवार को वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह, जोश और खेल भावना का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं कबड्डी, बैडमिंटन, थ्रो बॉल और हैमर बॉल का आयोजन किया गया।

इस खेल महोत्सव में हमीरपुर जिला के प्रसिद्ध सेंट सोल्जर कॉन्वेंट स्कूल, सदोह की टीमों ने भी भाग लिया। दोनों विद्यालयों के खिलाड़ियों ने अनुशासन, टीम भावना और उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित कर दिया। आयोजन में चार प्रमुख खेल प्रतियोगिताएं हुईं। कबड्डी और बैडमिंटन मुकाबलों में सेंट सोल्जर कॉन्वेंट स्कूल, सदोह की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की। वहीं, थ्रो बॉल और हैमर बॉल प्रतियोगिताओं में आर्य पब्लिक स्कूल, बंगाणा के खिलाड़ियों ने उम्दा खेल कौशल दिखाते हुए जीत दर्ज की। सभी खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, तालमेल और खेल भावना से उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के समापन पर विजेता और उपविजेता टीमों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग हैं, जो न केवल शारीरिक फिटनेस बढ़ाते हैं, बल्कि मानसिक दृढ़ता, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करते हैं। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे सेंट सोल्जर स्कूल, सदोह के प्रबंधक सुशील धीमान, हैमर बॉल महासचिव जगदीश सहोता, हैमर बॉल कोच विनोद शर्मा, तथा आर्य पब्लिक स्कूल के शिक्षकगण सीमा, नरेश, यशवीर और सुमित। सभी अतिथियों ने विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

विद्यालय प्रबंधन समिति ने कहा कि भविष्य में ऐसे खेल आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा, अनुशासन, सहयोग और भाईचारे की भावना को और प्रबल किया जा सके। आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा का यह खेल दिवस विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।



निजी स्कूलों की खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी।

# दुलैहड़ में हरे कृष्णा हरे रामा के भजनों के साथ निकाली शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, हरोली**

हरोली क्षेत्र के गांव दुलैहड़ के गोविंद धाम गोशाला में स्थापित श्री राधे कृष्ण मंदिर में शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

कथा आचार्य तरुण डोगरा व संगतों ने शोभायात्रा में भाग लिया। गोशाला गोविंद धाम से लेकर ठाकुर द्वारा मंदिर तक श्रद्धालुओं ने श्री राधे-कृष्ण के भजन व जयकारे लगाकर माहौल भक्तिमय बना दिया। धार्मिक समागम 24 अक्तूबर से 30 अक्तूबर तक सप्ताह भर चलेगा। गोशाला के सेवादार पंडित किशोरी लाल ने बताया समागम में मद्भागवत कथा सप्ताह के शुभारंभ पर को हरे कृष्णा की महिमा का गुणगान करते हुए शोभा यात्रा निकाली गई । धार्मिक समागम की कलश यात्रा गोविंद धाम गौशाला स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर दुलैहड़ से शुरू हुई। यात्रा दोरान भगवान की महिमा का गुणगान गांव क्षेत्र में किया गया। पंडित किशोरी लाल ने बताया कि श्री राधे कृष्ण मंदिर दुलैहड़ में 24 अक्तूबर से 30 अक्तूबर तक आचार्य तरुण डोगरा श्रीमद् भागवत साप्ताहिक कथा का गुणगान करेंगे। कथा रोजाना समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2:30 बजे दोपहर तक होगी। कथा उपरांत हर रोज लंगर की व्यवस्था होगी। 30 अक्तूबर को कथा सप्ताह समाप्ति पर विशाल भंडारे का अयोजन भी होगा।



गोविंद धाम गोशाला में स्थापित राधे-कृष्ण मंदिर में शोभायात्रा का किया आयोजन।

# बहनों ने भाई को तिलक लगाकर मनाया भैयादूज का त्योहार

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** भाई-बहन के मधुर मिलन का त्योहार भैयादूज जिला कुल्लू में धूमधाम से मनाया गया। वीरवार को भैयादूज के पर्व पर कई मीलों दूर से बहनें अपने भाई से मिलने पहुंची।

भैया दूज पर बहनों ने अपने भाई के माथे पर कुमकुम का तिलक लगाकर उसकी लंबी आयु के लिए भगवान से प्रार्थना की। इस दौरान भाई और बहनों में एक-दूसरे को गिफ्ट देने का भी खूब दौर चला। कहीं किसी बहन ने अपने भाई को कोई प्यारा सा उपहार दिया तो कहीं पर किसी भाई ने अपनी बहन को उपहार दिया। इसके अलावा भैया दूज पर भाई-बहनों ने एक दूसरे को मोबाइल समेत अन्य दूसरे गिफ्ट भी दिए। कुल्ल्ज़ू की सुनीता, सपना, मोनिका, रमा, ऊष्मज व रोहिणी ने बताया कि वे भैया दूज पर अपने भाई को तिलक लगाने के लिए गई थीं। इस दौरान उन्होंने अपने भाइयों को उपहार भी दिए। उन्होंने बताया कि उनके भाइयों ने भी उन्हें बड़े सुंदर उपहार भेंट किए। वहीं, मौहल की इशिता, ऋषिता ने कहा कि उन्हें हर साल भाई दूज के त्योहार का इंतजार रहता है और हर साल वे अपने भाई को तिलक लगाती हैं। वहीं, इशिता और ऋषिता की माता सुनीता ने बताया कि भाई दूज के रूप में मनाए जाने वाले त्योहार के लिए ऐसा माना जाता है कि दीपावली के बाद भाई दूज के दिन ही यमराज ने अपने बहन यमी के घर का रुख किया था। यमराज की बहन यमी ने उनके माथे पर तिलक लगाकर सलामती की दुआ मांगी थी। इस पर यमराज ने अपनी बहन को हमेशा इस दिन उसके पास आने का वचन दिया। मान्यता है कि इस दिन जो भी भाई अपनी बहन से माथे पर तिलक लगाता है, उसकी लंबी आयु होती है। एक अन्य कथा के अनुसार भगवान कृष्ण ने नरकासुर का वध करने के बाद अपनी बहन सुभद्रा के घर का रुख किया था। कृष्ण की बहन सुभद्रा ने दीये जलाकर भाई का स्वागत किया था और तिलक लगाकर लंबी उम्र की कामना की थी। लिहाजा, कुल्लू जिला में भाई बहन के आपसी प्रेम के पर्व भैयादूज का पर्व धूमधाम से मनाया गया।



# कुल्लू में मौसम ने बदली करवट

## भुंतर-मणिकर्ण सड़क पर जछनी के पास नाले में आया मलबा



भुंतर- मणिकर्ण सड़क पर एक कार भी सड़क के बीच मलबा आने से फंस गई।

**अनंत ज्ञान, कुल्लू/केलांग**

जिला कुल्लू में वीरवार को मौसम ने करवट बदली। दोपहर बाद कुल्लू में हल्की बूंदाबांदी हुई। जिला के नरोगी में बारिश के बाद जच्छणी नाला में मलबा आने से जहां भुंतर- मणिकर्ण सड़क मार्ग पर एक कार भी सड़क के बीच मलबा आने से फंस गई।

वहीं, उसके बाद अन्य वाहन भी फंसे जिन्हें रस्सी से खींचकर लोग निकालने की कोशिश में जुटे रहे। इस कारण सड़क घंटों बंद रहने से अपने घरों को लौट रहे पार्वती घाटी के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं, कुल्लू की गड़सा घाटी में ओलावृष्टि हुई है।

उधर, लाहौल घाटी के कोकसर में बर्फ देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे। वीरवार को रोहतांग में सैलानियों ने बर्फ के फाहों का आनंद लिया। रोहतांग दर्रा सैलानियों के लिए खुल गया है। पर्यटन स्थलों में हुई बर्फबारी से पर्यटन कारोबार को पंख लगेंगे। लाहौल घाटी के कोकसर में बर्फ देखने के लिए पर्यटक उमड़ रहे हैं। पर्यटकों ने बर्फ के गोलों को एक-दूसरे पर फेंककर वादियों के मौसम का आनंद लिया। वहीं बुधवार को हुई ताजा बर्फबारी के बाद वीरवार को रोहतांग दर्रा सैलानियों के लिए खुल गया है। पर्यटन स्थलों में हुई बर्फबारी से पर्यटन कारोबार को पंख लगेंगे।

# पांव फिसलने से जोगनी वाटरफॉल में जा गिरा युवक

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पांव फिसलने के चलते मंडी जिला के राहला का युवक हरीश जोगनी वाटरफॉल में जा गिरा। खाई में गिरने से युवक के शरीर में गंभीर चोटे आई है।

युवक ने खाई में गिरने की जानकारी अपने गोशाल गांव के दोस्त को दी। दोस्त ने एडवेंचर टूअर ऑपरेटर से संपर्क किया। एडवेंचर टूअर ऑपरेटर की रेस्क्यू टीम के सदस्यों ने गौतम युवक मंडल गोशाल के सदस्यों के साथ मिलकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। लगभग दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद एडवेंचर टूअर ऑपरेटर की टीम के अनुभवी सदस्यों ने घायल को बाहर निकाला।

उन्होंने उसका मौके पर ही प्राथमिक उपचार किया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे सिविल अस्पताल मनाली पहुंचाया। एडवेंचर टूअर ऑपरेटर कुल्लू मनाली की रेस्क्यू टीम के सदस्य जोगिंद्र ने बताया कि युवक को गंभीर चोटे आई थी। उन्होंने बताया कि युवक को प्राथमिक उपचार के बाद सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया है।



एडवेंचर टूअर ऑपरेटर की टीम युवक का रेस्क्यू करते हुए।

# मनाली मैराथन में दौड़ेंगे देश-विदेश के 600 धावक

**अनंत ज्ञान मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली में तीसरी मैराथन 26 अक्तूबर को आयोजित होने जा रही है। इसमें देश-विदेश के लगभग 600 धावक भाग लेंगे और मनाली व गुलाबा की बर्फीली वादियों में अपना दम दिखाएंगे। इस मैराथन का आयोजन पांच कैटेगरी में किया जा रहा है।

एक किलोमीटर की दौड़ छोटे बच्चों को होगी। पांच किलोमीटर, 10 किलोमीटर, हाफ मैराथन (21किलोमीटर), फुल मैराथन (42किलोमीटर) होगी। फुल मैराथन मनाली से शुरू होगी और गुलाबा तक जाएगी। गुलाबा से वापस मनाली खत्म होगी। मनाली मैराथन के मुख्य आयोजक प्रवीण सूद ने बताया कि मैराथन का मकसद क्लीन मनाली ग्रीन मनाली व पर्यावरण स्वच्छता का संदेश देना है। इसी तरह टूरिस्ट को यह बताना भी मकसद है कि मनाली अब आपदा से निकलकर पर्यटन के लिए सुरक्षित है। प्रवीण सूद ने बताया कि मैराथन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण जारी है। स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों को पंजीकरण शुल्क में 30 से 40 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। अब तक लगभग 450 लोग पंजीकरण करवा चुके हैं। उन्होंने बताया कि 25 अक्तूबर को सभी प्रतिभागियों को दौड़ के नियम और रूट के बारे में जानकारी दी जाएगी, जबकि 26 अक्तूबर की सुबह 6:30 बजे मनाली मैराथन का फ्लैग ऑफ किया जाएगा। प्रवीण सूद ने कहा- छोटे बच्चों के लिए होने वाली एक किमी की दौड़ में बच्चों के साथ उनके अभिभावक और सीनियर सिटिजन दौड़ेंगे। यही सबसे बड़ा आकर्षण होता है जिसमें छोटे से छोटे बच्चे से लेकर किसी भी बड़ी उम्र के लोग मनाली की ठंड में सुबह साढ़े छह बजे सड़कों पर दौड़ेंगे। इस मैराथन का आयोजन हिमालयन एक्सट्रीम के बैनर तले तीसरी बार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने में मनाली विधायक भुवनेश्वर गौड सहित जिला प्रशासन व पर्यटन विभाग का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने बताया कि आयोजन की सारी तैयारी कर ली गई है।



## सैंज स्कूल के एनएसएस स्वयंसेवियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान, सैंज।** पीएमश्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक सैंज के एनएसएस स्वयंसेवियों ने विभिन्न ऐतिहासिक स्थान का दौरा किया । एनएसएस कैंप प्रभारी मीना ठाकुर ने बताया कि सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन स्वयंसेवियों को कार्यक्रम अधिकारी जनक सिंह की अगुवाई में शाढ़ावाई स्थित बौद्ध गोंपा, ज्वालामाता मंदिर शमशी तथा नेचर पार्क माहौल में भ्रमण करवाया गया । उन्होंने बताया कि शिविर का समापन 24 तारीख को किया जाएगा ।

# मनाली के महिला मंडलों को सरकार 27 को करेगी सम्मानित

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान, मनाली।** राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल की शोभा बढ़ाने वाली महिला मंडलों को सरकार सम्मानित करने जा रही है। महिलाओं के लिए 27 अक्टूबर को खास तौर पर आभार समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में विंटर कार्निवल में भाग लेने वाली महिला मंडलों को 30-30 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी बांटी जाएगी। सनद रहे कि जनवरी महीने में हर साल विंटर कार्निवल का आयोजन किया जाता है। इस उत्सव में महिला मंडलों की अहम भूमिका रहती है। महिला मंडलों की झांकी, फैशन शो और महानाटी आकर्षण का केंद्र रहती है। इस साल जनवरी में हुए कार्निवल मे 200 से अधिक महिला मंडलों ने भाग लिया था। सभी को प्रोत्साहन राशि के रूप में 30-30 हजार रुपये दिए जाएंगे। इसके लिए अक्टूबर को मनुरंगशाला में आभार समारोह का आयोजन किया जा रहा है। विधायक भुवनेश्वर गौड़ समारोह में मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। एसडीएम रमण कुमार शर्मा ने बताया कि समारोह की तैयारियां जोरों पर चली है। उन्होंने कहा कि कार्निवल में स्थानीय महिला मंडलों की अहम भूमिका रहती है। महिला मंडलों के बिना कार्निवल अधूरा है। आभार समारोह में महिला. मंडलों का विंटर कार्निवल को जानदार बनाने के लिए आभार जताया जाएगा। साथ ही प्रोत्साहन राशि भी आवंटित होगी। आपदा की वजह से यह राशि अभी तक नहीं बांटी जा सकी थी।

# गड़सा घाटी में आपदा प्रभावितों को बांटी राहत सामग्री

## विधायक शौरी ने सरकार से की प्रभावितों के लिए विशेष राहत पैकेज की मांग

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने वीरवार को गड़सा घाटी के केंद्र गड़सा में आपदा प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और राहत सामग्री वितरित की।

इस दौरान ग्रामीणों ने सरकार की सुस्त कार्यप्रणाली पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अब तक मकानों को हुए नुकसान का सही आकलन नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने विधायक से आग्रह किया कि वे सरकार से विशेष आपदा राहत पैकेज के तहत उचित मुआवज़ा दिलाने के लिए ठोस पहल करें।विधायक शौरी ने कहा कि अब भी कई गांवों में आपदा से क्षतिग्रस्त मकानों का सही मूल्यांकन नहीं हुआ है। कई ऐसे घर, जो पूरी तरह रहने योग्य नहीं हैं, उन्हें आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त घोषित कर दिया गया है, जबकि ग्रामीण सुरक्षा कारणों से उन मकानों को पहले ही खाली कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि कुल्लू ज़िला के लिए विशेष आपदा राहत पैकेज की अधिसूचना न होने से प्रभावित परिवार असमंजस की स्थिति में हैं। राहत मुआवज़े को लेकर सरकार ने अब तक स्थिति स्पष्ट नहीं की है, जिससे जनता में असंतोष व्याप्त है। विधायक ने मांग की कि सरकार को राहत वितरण के मापदंडों और प्रक्रिया पर स्पष्ट नीति बनाकर अधिसूचना जारी करनी चाहिए, ताकि प्रभावित परिवार अपने पुनर्वास की दिशा में ठोस कदम उठा सकें। उन्होंने कहा कि केवल औपचारिक राहत पर्याप्त नहीं, बल्कि वास्तविक क्षति के आधार पर न्यायसंगत मुआवज़ा दिया जाना आवश्यक है।



आपदा प्रभावितों से बातचीत करते हुए विधायक सुरेंद्र शौरी।

## ढालपुर में सर्वसम्मति से हुआ नई कार्यकारिणी का गठन

# रमन ठाकुर बने वॉलीबाल संघ के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू वॉलीबॉल संघ की बैठक वीरवार को ढालपुर में आयोजित हुई। इस दौरान संघ के आगामी 4 वर्षों के लिए चुनाव भी करवाए गए।

चुनाव अधिकारी नीतीश नेगी की अध्यक्षता में सर्वसम्मति कुल्लू वॉलीबाल संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें मनाली से रमन ठाकुर को प्रधान, ढालपुर की अर्चना ठाकुर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आनी से नवल ठाकुर, अलेउ से लुदर चंद वर्मा, और छियाल के लुदर चंद को उप प्रधान तो वही जरी के मतेउडा से सचिव के पद पर लुदर चंद ठाकुर और रविन्द्र कुमार कोषाध्यक्ष, बड़ाग्रां के अमित कटोच, मोडल टाउन मनाली के अक्षय कुमार, जगतसुख से विशाल को सहायक सचिव चुना गया। तो वही रीना देवी, जय सिंह, रिंकू वर्मा, माया देवी, हीरालाल राणा, संजय ठाकुर, चेतराम नेगी, चेतना शर्मा, सुरेंद्र पाल, श्रवण ठाकुर, विजय ठाकुर, को सदस्य चुना गया।

वहीं नवीन शर्मा को मुख्य संरक्षक का पदभार सौंपा गया। नव नियुक्त अध्यक्ष रमन ठाकुर ने कहा कि वॉलीबॉल संघ को आ रही समस्याओं का समाधान करने के लिए उनकी ओर से प्रयास किए जाएंगे। साथ ही विभिन्न मुद्दों पर बैठक भी समय समय पर आयोजित की जाएगी। कुल्लू घाटी में वॉलीबॉल को और अधिक ऊंचाइयों पर किस तरीके से पहुंचाया जाए संघ के साथ मिलकर इसको लेकर भी कार्य किया जाएगा।



वॉलीबॉल संघ जिला कुल्लू की नव नियुक्त कार्यकारिणी।

# कोर्ट रोड की बदहाली पर जनता त्रस्त, वीआईपी सड़क होकर भी नहीं मिली राहत

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** उपमंडल मुख्यालय आनी के हर विभाग को जाने वाली आनी की जीवन रेखा कही जाने वाली कोर्ट रोड वर्षों से बदहाली के आंसू बहा रही है। कस्बे के बीचों बीच स्थित लगभग 300 मीटर लंबी यह सड़क आज भी जगह-जगह बड़े बड़े और गहरे गड्डों से भरी पड़ी है। हालात इतने खस्ता हैं कि गड्डों को भरने के बजाय उन पर बड़े-बड़े पत्थर डाल दिए गए हैं, जो वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं।

इन पत्थरों के कारण जहां चढ़ाई में वाहनों को खींचना मुश्किल हो जाता है, वहीं कई वाहनों के गियर चैंबर तक फट चुके हैं। स्थिति यह है कि सिविल अस्पताल आनी, आनी-बश्ता सड़क मार्ग और सरकारी आवासों का वर्षा जल और ओवरफ्लो का पानी खुले में इसी सड़क से होकर बहता है, जिससे सड़क की दुर्दशा और बढ़ जाती है।

यह सड़क मार्ग प्रशासनिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी से होकर एसडीएम, फर्स्ट क्लास ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट, जलशक्ति एवं विद्युत विभाग के एक्सईएन, बीडीओ, डीएसपी, सिविल अस्पताल के चिकित्सक, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षक सहित कई विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों का रोजाना आना-जाना रहता है। यही नहीं, आसपास की पंचायतों के प्रधान और आम लोग भी इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं। ऐसे में इस सड़क मार्ग की बदहाली यहां से गुजरने वाले प्रशासन के आला विभागाध्यक्षों की उदासीनता को भी दर्शाता है। जनता का कहना है कि यह सड़क मार्ग वीआईपी रोड कहलाने के बावजूद वर्षों से उपेक्षा का शिकार है। जब भी इसकी खराब हालत पर समाचार प्रकाशित होते हैं, तो प्रशासन अस्थायी रूप से मिट्टी बिछाकर गड्डों को भर देता है, परंतु कुछ ही दिनों में सड़क फिर से उसी हालत में लौट आती है। स्थानीय वाहन चालकों ने कई बार स्वयं गड्ढे भरने का प्रयास किया, लेकिन इससे भी कोई स्थायी सुधार नहीं हो पाया।सामाजिक सुधार और आरटीआई एक्टिविस्ट सचेत संस्था, व्यापार मंडल आनी, इस रास्ते होकर गुजरने वाली आनी उपमंडल की जनता ने प्रशासन से आग्रह किया है कि इस भीड़भाड़ और प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सड़क की मरम्मत शीघ्र करवाई जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके। ग्राम पंचायत आनी के प्रधान लाल सिंह ने बताया कि सड़क की जर्जर स्थिति पर फर्स्ट क्लास ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ने भी कुछ दिनों पूर्व उन्हें मिलकर फटकार लगाई थी।



आनी कोर्ट रोड की खस्ताहालत, जिससे लोगों को मुश्किलों का करना पड़ रहा सामना।

**बीडीओ** आनी विद्या चौहान ने बताया कि पदभार संभालने के बाद उन्होंने स्वयं इस सड़क की बदहाली देखी है। उन्होंने कहा कि पंचायत को निर्देश दिए गए हैं कि इसे आपदा मद के तहत प्रस्ताव बनाकर बजट की मांग की जाए। जैसे ही बजट स्वीकृत होगा, इस सड़क का स्थायी रूप से सुधार कार्य करवाया जाएगा।

# आनी में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी अमर सिंह कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल



कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए अमर सिंह अरोड़ा के साथ आनी के विधायक।

**अनंत ज्ञान, आनी**

हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग के हिमाचल प्रदेश राज्य सतर्कता और भ्रष्टाचार-निरोधक ब्यूरो से बतौर उपनिरीक्षक सेवानिवृत्त हुए अमर सिंह अरोड़ा ने वीरवार को कांग्रेस का हाथ छोड़ भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है।

इस आशय की जानकारी देते हुए भाजपा मण्डल आनी के अध्यक्ष वेद ठाकुर ने कहा कि अमर सिंह अरोड़ा के भाजपा में शामिल होने से संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनका अनुभव और सेवा भावना पार्टी के कार्यों को नई दिशा देगी। वेद ठाकुर ने बताया कि अमर सिंह अरोड़ा ने आनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक लोकेंद्र कुमार, भाजपा किसान मोर्चा के कुल्लू जिला के जिलाध्यक्ष दूनी चन्द ठाकुर, अनुसूचित जाति मोर्चा के आनी मण्डल के अध्यक्ष अंनत राम आजाद सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**आयोजन** धूमधाम से मनाई रूस के महान कलाकार निकोलस रौरिक के छोटे बेटे की 121वीं जन्म शताब्दी

# भारतीय व रशियन चित्रकारों की प्रदर्शनी ने मोहा मन

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

मनाली के ऐतिहासिक गांव नग्गर में स्थित अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर में वीरवार को रूस के महान कलाकार पुराविद् निकोलस रौरिक के छोटे बेटे की 121वीं जन्म शताब्दी धूमधाम के साथ मनाई गई।

इस दौरान जिला कुल्लू के स्कूली बच्चों और रशिया के कलाकारों द्वारा कई कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि वलादिमीर ओकोलोटिन और परभिन्दर लाल रहे। नग्गर के अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर में आयोजित किए गए कार्यक्रम का शुभारंभ रौरिक आर्ट गैलरी के प्रांगण में कृष्ण मंदिर ठावा के पुजारी जयदेव आचार्य द्वारा पूजा-अर्चना के साथ किया गया। आईसीआर मास्को की ओर से तमारा मरज विशेषातिथि रहे। इस दौरान ध्वजारोहण भी किया गया। इसमें भारत के ध्वज को सुरेश कुमार नड्डा और रशिया के ध्वज को वलादिमीर ओकोलोटिन और बैनर ऑफ पीस के ध्वज को रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना और तमारा मरज ने फहराया। इस दौरान इसके बाद प्रदर्शनी कक्ष में चित्रकार अतुल भारद्वाज की फोटो प्रदर्शनी और सेमिनार हॉल में राशियन चित्रकार एलीना याकोवलोवा की प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्यातिथि वलादिमीर ओकोलोटिन और परभिंद्र लाल ने किया। प्रदर्शनी कक्ष में नग्गर की धरोहरों और नग्गर में प्राकृतिक नजारों के दृश्य प्रमुख रहे। सेमिनार हॉल में राशियन चित्रकार ने बैंगलोर स्थित तातागुणी रौरिक एस्टेट की ऐतिहासिक इमारतों और वहां के प्राकृतिक नजारों को अपनी चित्रकला के माध्यम से चित्रों द्वारा दिखाया।

इस दौरान राशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से दो देशों के संबंध मजबूत होते हैं और दो देशों की संस्कृतियों का आदान-प्रदान होता है। उन्होंने कहा कि रूस के महान कलाकार पुराविद निकोलस रौरिक के छोटे बेटे स्वेतोस्लोव रोरिक की 121वीं वर्षगांठ एवं रौरीक पैक्ट बैनर ऑफ पीस कि 90 वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर इसका आयोजन किया गया है। जिसमें जिला कुल्लू के विभिन्न स्कूलों सहित रशिया के अंतर्राष्ट्रीय सेंटर ऑफ़ रौरिक मोस्को के सदस्यों ने शिरकत की और कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गए। वहीं इस दौरान इस कार्यक्रम में बाहर से आए पर्यटकों के साथ साथ स्थानीय लोगों ने भी भाग लिया।




जन्म शताब्दी के दौरान आयोजित कार्यक्रमों के दौरान छोटी बच्चियां प्रस्तुति देते हुए।

# 3 माह से बंद पड़ी है काइस धार ईको ट्रेल, ग्रामीण परेशान



काइसधार में सैलानी न आने से कारोबारी भी परेशान।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश में बरसात के मौसम के चलते जहां कई सड़कें प्रभावित हुईं। वहीं, मौसम साफ होने के बाद भी अभी तक सड़कों के हालात में सुधार नहीं आया है।

जिला कुल्लू के मुख्यालय के साथ लगते काइस धार की बात करें, तो यहां पर भी सैलानियों को आकर्षित करने के लिए वन विभाग के द्वारा ईको ट्रेल का निर्माण किया गया और यहां पर सैलानियों की आवाजाही भी बढ़ी, लेकिन बीते तीन माह से ईको ट्रेल बंद पड़ी हुई है। इसके अलावा सड़क खराब होने के चलते साथ लगती दो पंचायत बाराहार व बुआई के हजारों ग्रामीणों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

काइस धार में सैलानी न आने के चलते स्थानीय पर्यटन कारोबारी भी अब परेशान हो गए हैं। पर्यटन कारोबारी जयराम ने बताया कि उन्होंने इस बारे स्थानीय विधायक से भी बात की और उन्होंने आश्वासन दिया कि 15 दिनों के भीतर इसे ठीक किया जाएगा। इसके लिए ठेकेदार को भी निर्देश दिए गए हैं। जयराम ने बताया कि जब उन्होंने इस बारे ठेकेदार से संपर्क किया तो वह अभी तक मौके पर भी नहीं पहुंचे हैं। इस कारण यहां लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## ठोडो ग्राउंड में फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन जिले के ठोडो ग्राउंड में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दूर-दूर से टीमें भाग लेने पहुंच रही हैं। आयोजक सुनील ने बताया कि यह प्रतियोगिता हर वर्ष आयोजित की जाएगी ताकि मैदान की पहचान और सुंदरता में लगातार वृद्धि हो सके। युवा से लेकर बुजुर्ग भाई तक खेल भावना के साथ इसमें भाग ले रहे हैं। सभी आने वाली टीमों का स्वागत आयोजन समिति की ओर से गर्मजोशी के साथ किया जाएगा।टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए प्रति टीम 551 रुपये का प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया है, जबकि कुल 30 टीमों के भाग लेने की अनुमति दी गई है। प्रतियोगिता का उद्देश्य स्थानीय युवाओं में खेल के प्रति रुचि और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना है।विजेताओं के लिए इस बार विशेष इनाम रखे गए हैं। प्रथम स्थान प्राप्त टीम को विशाल खासी, द्वितीय स्थान को बड़ी खासी और तृतीय स्थान को सुंदर खासी पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (बेस्ट प्लेयर), मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज़ और बेस्ट गोलकीपर के लिए भी व्यक्तिगत पुरस्कार रखे गए हैं।

# बघाट बैंक के ऋण न चुकाने पर एक डिफॉल्टर काबू

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** कलेक्टर-सह-सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सोलन न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने बघाट बैंक के डिफॉल्टरों पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

इस मामले में एक डिफाल्टर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। ऐसे में अब अन्य डिफॉल्टरों में भी हड़कंप है। जानकारी के मुताबिक कलेक्टर-सह-सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सोलन का न्यायालय द्वारा खेम लाल पुत्र कमान लाल निवासी सपरून गुरुद्वारा पॉवर हाउस रोड सोलन तहसील व जिला सोलन हिमाचल प्रदेश पार्टनर एमएस रॉयल एसोसिएटस के विरूद्ध लैंड रेवेन्यू एक्ट 1954 के तहत गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था, जिसके अनुसार खेम लाल द्वारा बघाट बैंक सोलन से व्यापारिक उदेश्य के लिए ऋण लिया था, परंतु वह उक्त ऋण को तय सीमा के भीतर वापस करने में नाकाम रहा जिस पर उसे बघाट बैंक सोलन द्वारा डिफॉल्टर घोषित कर दिया गया था जिसकी ब्याज सहित कुल देनदारी 2,10,65,893/ रुपए बनती है। उक्त देनदारी को न



गिरफ्तार किया गया डिफाल्टर।

चुकाने पर खेम लाल के खिलाफ सह सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सोलन कोर्ट में लोन रिकवरी का मामला में चल रहा है तथा खेम लाल को उक्त कोर्ट द्वारा बार-2 नोटिस दिए जा रहे थे, लेकिन यह कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था जिस पर कोर्ट ऑफ कलेक्टर-सह-सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सोलन का न्यायालय द्वारा इसके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था, जिसकी अनुपालना करते हुए उक्त मामले में संलिप्त आरोपी/ डिफॉल्टर खेम लाल पुत्र कमन लाल निवासी सपरून गुरुद्वारा पॉवर हाउस रोड सोलन को पुलिस चौकी सपरून सोलन की टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया, जिसे सहायक पंजीयक सभायें सोलन के कोर्ट में पेश किया जा रहा है। कोर्ट ने बैंक के 12 बड़े डिफॉल्टरों को गिरफ्तार करने के आदेश दिए थे। रजिस्ट्रार को-ऑपरेटिव सोसायटी (एआरसीएस) सोलन ने इन डिफॉल्टरों के खिलाफ लैंड रेवेन्यू एक्ट 1954 की धारा 75-ए के तहत जारी किए हैं। इस संबंध में बाकायदा सोलन एसपी को चिट्ठी लिखकर इन डिफॉल्टरों को गिरफ्तार करने की अपील की गई है। बैंक की तरफ से चार गाड़ियों को भी जब्त करने के निर्देश जारी किए हैं। साथ ही डिफाल्टरों की गिरफ्तारी किसी भी समय हो सकती है।

इस कार्रवाई से खाताधारकों को कुछ बेहतर होने उम्मीद जगी है। यह भी सामने आया है की ये 12 डिफॉल्टर करीब 33 करोड़ रुपये की रकम बैंक को दबाए बैठे हैं। ये वो डिफाल्टर हैं, जो काफी समय से बार-बार बैंक के बोलने के बाद भी यह पैसा जमा नहीं करवा रहे। लिहाजा आरसीएस का यह फैसला बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके अलावा एआरसीएस ने चार अन्य डिफॉल्टरों की गाड़ियों को जब्त करने के इन किए हैं। डिफॉल्टरों ने कार लोन लिया था, लेकिन समय पर बैंक का पैसा वापस नहीं किया। यह पहला मौका है, जब बघाट बैंक ने डिफॉल्टरों के खिलाफ इतनी बड़ी कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि 2022 से लेकर अब तक आंकड़ों के मुताबिक 322 करोड़ एनपीए था। जो अब 138 करोड़ रह गया है। बैंक ने 184 करोड़ रिकवर कर लिए है। खाताधारकों के 470 करोड़ बैंक में जमा है, जबकि 22 करोड़ 11 हजार शेयर होल्डरों के अलग से जमा है।

बैंक गड़बड़झालों को लेकर पिछले कुछ वर्षों से चर्चाओं में है। लेकिन अब जब यहां कैपिंग हुई तो चर्चा तनाव में बदल गई। शहर के बुद्धिजीवी तबके का कहना है कि त्यौहारी सीजन में से 10 हजार रुपए निकलना कहां तक मुनासिब है। वहीं दूसरी तरफ फोरम शेयरहोल्डर ने भी इस मामले को लेकर मोर्चा खोला हुआ है। उन्होंने एसआईटी की मांग की है। साथ ही इस मामले में सरकार का हस्तक्षेप भी मांगा है। करोड़ रुपये का एनपीए में फंसा हुआ है, जिसे लेकर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने अगले 6 महीनों के लिए बैंक खाता धारकों को सिर्फ 10 हजार तक की निकासी की अनुमति दी है।

## कंडाघाट उपमंडल में पिकअप दुर्घटनाग्रस्त, 2 की मौत, 3 घायल

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट**

कंडाघाट उपमंडल के तहत चायल-गौड़ा सड़क मार्ग पर चायल से 19 किलोमीटर दूर हिंनर गांव को जाने वाली संपर्क सड़क पर बुधवार रात एक पिकअप दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें दो लोगों की मौत और तीन घायल हो गए। प्राप्त जानकारी अनुसार दुर्घटना उस समय हुई जब पिकअप एचपी 09 ए 5425 गौड़ा गिरिपुल की तरफ सीमेंट, सरिए से लेकर चगांव जा रही थी। यह पिकअप चायल गौड़ा सड़क से हिंनर चगांव जाने वाले लिंक रोड पर करीब डेढ़ किलोमीटर दूर पहुंची की बुधवार रात करीब आठ बजे दुर्घटनाग्रस्त होकर करीब 100 मीटर नीचे गिर गई। जैसे ही ग्रामीणों को दुर्घटना का पता चला वह बचाव के लिए दुर्घटना स्थल पर पहुंचे।



उन्होंने 108 और पुलिस को इसकी सूचना दी। दुर्घटना के समय पिकअप में पांच लोग सवार थे, जिनमें से दो लोगों की मौके पर मृत्यु हो गई। मृतकों का नाम चौपाल निवासी चालक अमन और नेपाली पूर्ण सिंह बताया गया है। इस घटना में तीन अन्य लोग घायल हो गए हैं। सभी घायल मजदूर थे, जो नेपाली मूल के बताए जा रहे हैं। घायलों को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल सोलन ले जाया गया। चायल चौकी पुलिस घटना की जांच कर रही है और मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल सोलन ले जाया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### मांस व मछली की बिक्री पर रहेगा प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला दंडाधिकारी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने आदेश जारी करते हुए बताया है कि 31 अक्तूबर से 5 नवंबर तक चलने वाले अंतरराष्ट्रीय मेला श्री रेणुका जी के दौरान संपूर्ण मेला क्षेत्र में किसी भी प्रकार की मांस व मछली विक्रय की दुकानें नहीं लगेंगी तथा संपूर्ण मेला क्षेत्र में मांस व मछली की बिक्री पर मेला अवधि के दौरान पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अतिरिक्त इस अवधि के दौरान मांस/मछली आदि की बिक्री के लिए स्थान जलाल पुल के अंतिम छोर तिरमली दयाड रोड के बाई ओर अस्थायी रूप से चिन्हित करने के आदेश जारी किए हैं।

### रोहित 27 अक्तूबर को सोलन के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 27 अक्तूबर, 2025 को सोलन जिले के प्रवास पर होंगे। रोहित ठाकुर 27 अक्तूबर, 2025 को प्रातः 10.30 बजे राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, सोलन में आयोजित होने वाली हिमाचल अंडर-19 स्कूल स्टेट माइनर गेम्स-2025 (कुराश, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो और ठोडा) के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यातिथि होंगे।

### शांडिल आज सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 24 अक्तूबर, 2025 को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। डॉ. शांडिल 24 अक्तूबर, 2025 को प्रातः 11.30 बजे सायरी व ममलीग में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित प्रवास के विषय में ज़िला प्रशासन के अधिकारियों व स्थानीय लोगों के साथ व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे।

## रानी झांसी पार्क में घूमने आए पिता व पुत्र को कुत्ते ने काटा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

नाहन में अपने घर दीपावली मनाने आए एक पिता-पुत्र पर उस वक्त रानी झांसी पार्क में फिडिंग के लिए लाए गए कुत्तों ने अचानक हमला कर दिया, जब दोनों पार्क में घूमने आए थे।

हादसे के बाद शिकायत कर्ता ने सुंदर बाग निवासी मनीषा अग्रवाल के खिलाफ पुलिस चौकी गुंनुघाट में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने कुतों के हमले से घायल अक्षत पांडये का मेडिकल कालेज अस्पताल में मेडिकल करवा लिया है। कुत्ते के काटने से घायल हुए अक्षत पांडये के पिता पवन पांडये रिटायर वैटनरी डाक्टर निवासी हरीपुर मुहल्ला नजदीक पक्का टैंक ने बताया कि उनका बेटा अक्षत अपने 3 साल के बेटे के साथ घर से निकला और नीचे प्रमुख सड़क पर बने रानी झांसी पार्क में घूमने



चला गया। इसी बीच पार्क में फिडिंग के लिए लाए गए कुतों ने अचानक दोनों पर हमला कर दिया। अक्षत अचानक गिर पड़ा, छोटे बच्चे को तो कुत्तों के हमले से कवर कर लिया, लेकिन एक कुत्ते ने अक्षत की टांग पर काट डाला। पांडेय ने बताया कि इस मामले की पुलिस चौकी गुंनुघाट में न्यू कालोनी पक्का टैंक निवासी मनीषा अग्रवाल पार्क में पहले से ही मौजूदा थी, उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस में उनके बेटे का मेडिकल कराया है।

## सोलन में श्रद्धा व स्नेह के साथ मनाया भैयादूज का पर्व

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भाई दूज का पर्व सोलन में श्रद्धा व स्नेह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में प्रियंका जैन, मृदुला शर्मा, आरुही, नंदिता वर्मा और आरव ठाकुर सहित कई लोगों ने पारंपरिक विधि से पूजा-अर्चना कर इस पवित्र दिन को मनाया। सभी ने एक-दूसरे को भाई दूज की शुभकामनाएं दीं और भाई-बहन के अटूट रिश्ते का सम्मान किया।प्रियंका जैन ने बताया कि भाई दूज का यह पर्व कार्तिक शुक्ल द्वितीया तिथि को मनाया जाता है और यह भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बहनें अपने भाइयों के कल्याण और दीर्घायु के लिए तिलक करती हैं और रक्षा सूत्र बांधती हैं। मृदुला शर्मा ने बताया कि यह परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है और इसका संबंध यमराज और यमुना की पौराणिक कथा से है।आरुही और नंदिता वर्मा ने भी अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। आरव ठाकुर ने कहा कि जैसे बहनें भाइयों की सुरक्षा और सुख की प्रार्थना करती हैं, वैसे ही भाई भी अपनी बहनों के जीवन में खुशियों और समृद्धि की कामना करते हैं। मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्तिमय माहौल बना रहा और भाई-बहन के प्रेम का यह अनोखा उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया।



### भैयादूज का त्योहार बड़ी धूमधाम से नाहन शहर में मनाया

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हर वर्ष की तरह इस साल भी आज नाहन शहर में भैयादूज का त्योहार बड़े धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगा त्योहार मनाया और उन्हें मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया तथा उनका आशीर्वाद लिया। भाईयों ने इस अवसर पर अपनी हैसियत के अनुसार भेंट प्रदान की और सप्रेम मिलन किया। परिवार के सभी सदस्यों ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि भाई-बहन का प्रेम सदा ऐसे ही बना रहे।

# शिक्षकों की डिमोशन को लेकर मचा बवाल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शिक्षा विभाग के एक निर्णय से शिक्षकों में भारी असंतोष और चिंता है। मामला उन शिक्षकों से जुड़ा है जिन्हें टीजीटी से पदोन्नत कर प्रवक्ता बनाया गया था, लेकिन अब विभाग ने हाईकोर्ट में यह जानकारी दी है कि इन शिक्षकों की पदोन्नति वापिस ली जाएगी। ऐसे में शिक्षा विभाग की नीति पर सवाल उठे हैं। मतलब स्पष्ट है कि उन्हें फिर से डिमोट कर टीजीटी पद पर ही भेजा जाएगा। बतां दे कि यह जानकारी प्रदेश शिक्षा विभाग ने पूर्णिमा बनाम शिक्षा सचिव नामक केस की सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय को दी है।

इस निर्णय को लेकर प्रदेश के शिक्षकों विशेषकर टीजीटी वर्ग में गहरा असंतोष व्याप्त है। इस पर राजकीय टीजीटी कला संघ ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है और राज्य सरकार व शिक्षा विभाग से इस फैसले की तत्काल समीक्षा की मांग की है। संघ का कहना है कि यह निर्णय न केवल शिक्षकों के मनोबल को गिराने वाला है, बल्कि यह विभागीय स्तर पर व्याप्त नीति अस्पष्टता को भी उजागर करता है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल और महासचिव विजय हीर ने संयुक्त बयान में बताया कि वर्तमान में प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग में प्रवक्ता के 962 पद रिक्त हैं।

संघ का कहना है कि ये वे पद हैं, जिन्हें टीजीटी से पदोन्नति के माध्यम से भरा जाना है। ऐसे में जिन शिक्षकों को पहले ही इस प्रक्रिया के तहत पदोन्नत किया गया था, उनकी पदावनति किसी भी दृष्टिकोण से न्यायसंगत नहीं है। संघ ने यह भी स्पष्ट किया कि वर्ष 2022 से 2025 के बीच 338 टीजीटी शिक्षक सेवानिवृत्त हो चुके हैं, जिससे यह साबित होता है कि पदोन्नति की प्रक्रिया को विस्तार देना न केवल आवश्यक है, बल्कि युक्तिसंगत भी है। यदि रिक्त पद और सेवानिवृत्त शिक्षक संख्या को देखा जाए, तो वर्तमान समय में प्रवक्ता के 962 पदों पर टीजीटी शिक्षकों की पदोन्नति पदोन्न पूरी तरह संभव है।

### भविष्य में पदोन्नति की प्रक्रिया नियमित हो

**संघ** ने मांग की है कि राज्य सरकार और शिक्षा विभाग इस डिमोशन के निर्णय की उच्चस्तरीय समीक्षा कराएं तथा रिक्त पदों को भरने के लिए जल्द से जल्द स्पष्ट और पारदर्शी नीति घोषित करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में पदोन्नति की प्रक्रिया नियमित हो, ताकि पात्रता के आधार पर सभी शिक्षकों को समय पर उनका अधिकार मिल सके। इसे घटनाक्रम ने प्रदेश शिक्षा विभा के तंत्र में प्रशासनिक निर्णयों की पारदर्शिता पर प्रश्न चिह्न खड़े कर दिए हैं। यदि सरकार और विभाग समय रहते इस पर ध्यान नहीं देते, तो इससे न केवल शिक्षकों में असंतोष बढ़ेगा, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

टीजीटी से प्रवक्ता और हेडमास्टर के रूप में की गई पदोन्नतियों की स्थिति भी इसी ओर इशारा करती है। संघ द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2019 से 2025 के बीच कुल 2951 टीजीटी शिक्षकों को प्रवक्ता के पद पर पदोन्नति मिली, जबकि टीजीटी से हेडमास्टर बनने वालों की संख्या इसी अवधि में 988 रही। इस प्रकार, इन दोनों श्रेणियों को मिलाकर कुल 3939 पदोन्नतियां की गईं, जो औसतन प्रति वर्ष लगभग 563 पदोन्नति बनती है। संघ का कहना है कि पिछले सात वर्षों में कई बार शिक्षकों ने विभाग से प्रमोशन प्रक्रिया को नियमित करने की मांग की, लेकिन कोई स्थायी नीति सामने नहीं आ सकी।

शिक्षकों का आरोप है कि विभाग की पदोन्नति नीतियों में पारदर्शिता की कमी है, जिससे योग्य शिक्षक वर्षों तक पदोन्नति से वंचित रहते हैं। संघ नेताओं ने यह भी कहा कि यदि किसी पदोन्नति में तकनीकी या प्रक्रिया संबंधी त्रुटि हुई हो, तो उसका समाधान निष्पक्ष जांच के माध्यम से किया जाना चाहिए, न कि शिक्षकों को डिमोट कर उनके करियर पर आघात पहुंचाया जाए।

## अश्विनी चौधरी की हृदयगति रुकने से मृत्यु

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शहर के समाज सेवी लोगों के दुख सुख में साथ देने में सदैव तत्पर रहे 51 वर्षीय अश्विनी चौधरी का बीती रत अचानक हार्ट अटैक के कारण निधन हो गया। अचानक हुए निधन से उनके परिजनों व मित्र गहरे सदमे में हैं। पेशे से व्यापारी स्वर्गीय अश्विनी चौधरी ने हमेशा सामाजिक व धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उनके भाई मनोज चौधरी ने बताया कि बीती रात तबियत खराब होने पर अश्विनी चौधरी खुद स्कूटी चला कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल गए, लेकिन हार्ट अटैक के कारण उनका निधन हो गया। शहर की कई सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं ने गहरा शोक जताया है और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है।

## अंडर-19 कबड्डी में हिम अकादमी बिलासपुर विजेता



ग्राम पंचायत हनुमान बड़ोग के गांव कोटला में जागृति युवक मंडल द्वारा दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी।

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**

**अर्की।** ग्राम पंचायत हनुमान बड़ोग के गांव कोटला में जागृति युवक मंडल द्वारा प्रतिवर्ष की भांति होने वाले दीपावली के दौरान दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य रूप से अंडर-17 वी अंडर-19 कबड्डी व ओपन वॉलीबाल के मैच करवाए गए।

इसमें लगभग 15-15 टीमों ने भाग लिया। अंडर 17 कबड्डी में हरोली की टीम विजेता रही व शीतला माता क्लब बिलासपुर उपविजेता रही। अंडर-19 कबड्डी में विजेता हिम अकादमी बिलासपुर रही व उपविजेता बसला की टीम रही।

वॉलीबाल प्रतियोगिता में विजेता दाड़ला की टीम रही व उपविजेता स्थानीय ढूंढन की टीम रही। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में नया सवेरा जन कल्याण समिति अर्की के अध्यक्ष अधिवक्ता भीम सिंह ठाकुर व विशेषातिथि के तौर पर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सतीश कुमार शामिल हुए ,उन्होंने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व सम्मान राशि के साथ सम्मानित किया। भीम सिंह ठाकुर ने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं व युवाओं को स्थानीय लोगों द्वारा की गई पहल में सहयोग के लिए धन्यवाद किया व कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में एकता व भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। साथ ही सतीश कुमार ने सभी खिलाड़ियों व युवाओं को शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद गतिविधियों में भाग लेने की सलाह दी। इस मौके पर जागृति युवक मंडल पदाधिकारी, पंचायत समिति के सदस्य, पंचायत सदस्य, अधिवक्ता रजत कुमार आदि शामिल रहे।

## हिन्नर के वार्ड चार टकरयाना के लिए मतदान केंद्र कुरगल स्कूल को बनाया

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने विकास खंड सोलन के मतदान केंद्रों में आंशिक संशोधन किया है। यह संशोधन खंड विकास अधिकारी सोलन से प्राप्त प्रस्तावना के आधार पर किया गया है। संशोधन के अनुसार, विकास खंड सोलन की ग्राम पंचायत भोजनगर के वार्ड एक तड़ोल के लिए मतदान केंद्र अब राजकीय उच्च माध्यमिक पाठशाला भोजनगर होगा। इससे पहले यह मतदान केंद्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला तड़ोल था। इस बदलाव से मतदान प्रक्रिया में सुधार और सुविधा मिलने की उम्मीद है। इसी प्रकार, विकास खंड कंडाघाट की ग्राम पंचायत हिन्नर के वार्ड चार टकरयाना के मतदान केंद्र को भी बदल दिया गया है। अब यह मतदान केंद्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुरगल होगा, जो पहले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गौड़ा था। यह संशोधन मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों को और अधिक सुलभ बनाने के उद्देश्य से किया गया है। प्रशासन ने मतदाताओं को इस बदलाव की जानकारी देने और चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं।

**परेशानी** महीनों से मरम्मत का इंतजार, टूटी हुई जगहों पर सरिया निकला बाहर

# मशरूम चौक सोलन में टूटा फुटपाथ बना खतरा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शहर के मशरूम चौक क्षेत्र में टूटा हुआ फुटपाथ लोगों के लिए खतरा बन गया है। स्थानीय निवासी साहिल ने बताया कि यह समस्या पिछले दो महीनों से बनी हुई है।

प्रारंभिक तौर पर अस्थायी तौर पर कच्चा-पक्का काम किया गया था, लेकिन मजदूरों ने आश्वासन दिया था कि जल्द ही पक्का काम किया जाएगा। भारी पैदल आवाजाही के चलते यह अस्थायी मरम्मत जल्दी ही टूट गई और अब हालत और भी खराब हो चुकी है। टूटी हुई जगहों पर सरिया बाहर निकल आई है, जिससे पैदल चलने वालों के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है।

करीब एक सप्ताह पहले एक स्कूली बच्ची का पैर फिसलने से गिरकर सिर फट गया, जिसे तुरंत डॉक्टर के पास ले जाया गया। लोगों का कहना है कि अब फुटपाथ की हालत इतनी खराब है कि पैदल यात्री मजबूर होकर सड़क पर चलने लगे हैं। मशरूम चौक की यह



शहर के मशरूम चौक क्षेत्र में टूटा हुआ फुटपाथ लोगों के लिए खतरा बन गया है।

सड़क एक तरफा (वन साइड) होने के कारण गाड़ियों की आवाजाही ज्यादा रहती है, जिससे हादसों का डर बढ़ गया है। बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने निगम अधिकारियों को इस बारे में लगभग दस बार शिकायत की है। कई बार निरीक्षण भी हुआ, लेकिन अभी तक कोई ठोस मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया है। लोगों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

## सुआ गांव में सड़क की हालत खस्ता होने से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, कसौली।** जिला सोलन के उपमंडल कसौली की ढकरियाणा पंचायत के सुआ गांव से खाली हरिजन बस्ती को जोड़ने वाली सड़क गड्ढों और उपेक्षा के कारण बदहाल हो चुकी है। इस सड़क की खराब स्थिति से नौकरीपेशा लोग, स्कूली बच्चे और मरीज विशेष रूप से परेशान हैं। बीते शनिवार को एक 85 वर्षीय बुजुर्ग को पालकी पर बिठाकर सड़क तक पहुंचाना पड़ा क्योंकि करीब एक किलोमीटर लंबा रास्ता इतना खराब था कि वाहन वहां तक नहीं पहुंच पाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क लंबे समय से जगह-जगह टूटी हुई है और बारिश के मौसम में कीचड़ के कारण हालात और खराब हो जाते हैं। अब सड़क पर वाहनों का चलना लगभग नामुमकिन हो गया है। ग्रामीणों ने कई बार लोक निर्माण विभाग और स्थानीय विधायक से मरम्मत की मांग की, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस क्षेत्र में करीब 100 से 120 लोग रहते हैं जो रोजाना इस समस्या का सामना कर रहे हैं। स्थानीय निवासी प्रशासन और विधायक से शीघ्र समस्या का समाधान करने की अपील कर रहे हैं और चेतावनी दी है कि यदि ध्यान नहीं दिया गया, तो पंचायत चुनावों में इस मुद्दे को उठाएंगे।

## एनसीसी कैंप में अनुशासन और एकता पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, सोलन**

फर्स्ट एचपी एनसीसी ब्वॉयज बटालियन सोलन की ओर से बद्दी स्थित चिटकारा यूनिवर्सिटी में 10 दिवसीय एनसीसी कैंप चल रहा है।

फर्स्ट एचपी एनसीसी बॉयज बटालियन सोलन कर्नल राजीव थॉमस के नेतृत्व मैं चल रहे कैंप में कुल 400 कैडेट्स, 5 जेसीओ, 13 एनसीओ, 3 ईएसएम, 7 सिविल स्टाफ, 4 एएनओ, तथा 3 आरडीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं। अपने संबोधन में कर्नल राजीव थॉमस ने कैडेट्स का स्वागत करते हुए उन्हें एकता, अनुशासन और देशभक्ति के मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि एनसीसी न केवल युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करती है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की भावना भी उत्पन्न करती है। यह 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर विभिन्न गतिविधियों, परेड अभ्यास, व्यक्तित्व विकास सत्रों और देशभक्ति से जुड़ी कार्यशालाओं के माध्यम से कैडेट्स के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित रहेगा। कैंप के एडम एडमिन ऑफिसर एएस सिद्धू (एसएम) और सुबेदार मेजर सुनील कुमार भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।



बद्दी स्थित चिटकारा यूनिवर्सिटी में मौजूद एनसीसी कैडेट्स।

## न्यूज ब्रीफ

### सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा उपकरणों की कोई कमी नहीं: राव

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा है कि राज्य सरकार सभी सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा उपकरणों और मशीनों की कमी नहीं रहने देगी। बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए नए उपकरणों की खरीद और वितरण जारी है। हाल ही में पंचकूला, नारनौल, पानीपत, रेवाड़ी, सोनीपत और गुरुग्राम के अस्पतालों में नई अल्ट्रासाउंड मशीनें भेजी गई हैं, जिनका इंस्टॉलेशन जल्द पूरा कर मरीजों की जांच शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के तहत आवश्यक दवाओं और उपकरणों की खरीद के लिए दरें निर्धारित कर राज्य के विभिन्न अस्पतालों में समय पर आपूर्ति की जा रही है। आरती सिंह राव ने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर नागरिक को सस्ती, सुलभ और गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। नई मशीनों से जांच प्रक्रिया और तेज, सटीक होगी, जिससे उपचार में भी तेजी आएगी। उन्होंने आगे बताया कि स्वास्थ्य अवसंरचना को मजबूत बनाने के लिए अन्य जिलों के अस्पतालों में भी आधुनिक उपकरण भेजे जाएंगे, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोगों को समान चिकित्सा सुविधा मिल सके।

### हरियाणा में अब एक दिन में होगा दुकान का पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा में अब दुकान का पंजीकरण एक दिन के अंदर हो सकेगा। राज्य सरकार ने कारोबारी सुगमता और नागरिक सेवाओं में दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, हरियाणा दुकान एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठान अधिनियम, 1958 (1958 का पंजाब अधिनियम 15) के अंतर्गत दुकान पंजीकरण की समय-सीमा को घटाकर एक दिन कर दिया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस सेवा को हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के दायरे में लाते हुए एक अधिसूचना जारी की गई है।

### हरियाणा में पूरी तरह ऑनलाइन डीड पंजीकरण एक नवंबर से

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार 1 नवंबर 2025 से राज्य के सभी 22 जिलों में डीड पंजीकरण को 100 प्रतिशत पेपरलेस और ऑनलाइन करेगी। यह कदम हरियाणा को देश का पहला ऐसा राज्य बनाएगा, जहां सम्पत्ति पंजीकरण पूरी तरह डिजिटल, पारदर्शी और सरल होगा। वित्तीय आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि डिजिटल पोर्टल के माध्यम से नागरिक ओटीपी सत्यापन, ऑनलाइन फॉर्म भरने, दस्तावेज अपलोडिंग, अपॉइंटमेंट बुकिंग और रीयल-टाइम स्थिति ट्रैकिंग कर सकेंगे। पंजीकरण प्रक्रिया तीन स्तरों पर सत्यापन के बाद पूरी होगी, जिससे भ्रष्टाचार और देरी दोनों खत्म होगी। राजस्व विभाग ने चरणबद्ध तरीके से इस प्रणाली को लागू किया है, और पुरानी प्रणाली को स्थायी रूप से बंद किया जाएगा। नागरिकों और डीलरों को सलाह दी गई है कि वे अब नए स्टाम्प पेपर न खरीदें क्योंकि डिजिटल प्रक्रिया स्टाम्प पेपर की आवश्यकता समाप्त कर देगी। डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह प्रणाली हरियाणा के डिजिटल शासन और नागरिक-केंद्रित प्रशासन की दिशा में बड़ा कदम है, जो समय और संसाधन दोनों की बचत करेगी। इसके लिए जिला स्तर पर भी हेल्पडेस्क और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई गई है। नागरिक सहायता के लिए हेल्पलाइन 1800-180-2137 पर संपर्क किया जा सकता है।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में किसानों के हित में हो रहा निरंतर काम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि गन्ने का एमएसपी दीपावली से पहले बढ़ाना किसानों के लिए एक बड़ा तोहफा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगेती गन्ने का समर्थन मूल्य 400 से बढ़ाकर 415 रुपये प्रति क्विंटल और पछेती गन्ने का 393 से बढ़ाकर 408 रुपए किया गया है, जिससे किसानों की आय मजबूत होगी। उन्होंने यह भी बताया कि हरियाणा देश का पहला राज्य है जहां 24 फसलों की खरीद एमएसपी पर की जाती है और 48 घंटे के अंदर भुगतान भी कर दिया जाता है। सैनी ने कहा कि 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल के जरिए पिछले 11 सीजन में 12 लाख किसानों के खाते में 1.58 लाख करोड़ रुपए जमा किए गए हैं। उन्होंने भावान्तर भरपाई योजना, फसल बीमा और आपदा मुआवजे की भी जानकारी दी। उन्होंने किसानों से मंडी व्यवस्था पर फीडबैक लेकर कहा कि सरकार हर समस्या का समाधान करेगी। मौके पर कई किसान और मंडी अधिकारी मौजूद थे।

# हरियाणा में स्कॉलरशिप वितरण प्रणाली होगी सख्त और पारदर्शी : सीएम सैनी

## स्कॉलरशिप योजनाओं की समय पर जानकारी और ऑनलाइन फॉर्म भरवाने पर जोर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एससी व बीसी विद्यार्थियों के लिए प्री मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी छात्र की स्कॉलरशिप राशि न छूटे। उन्होंने कहा कि हरियाणा भवन स्थित आवासीय आयुक्त संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों के अधिकारियों से निरंतर संपर्क बनाए रखें और प्रदेश सरकार के विभागों को नियमित अपडेट देते रहें। साथ ही, स्कूल और कॉलेज के प्रिंसिपलों को भी आवश्यक जानकारी देकर विद्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर, मेधावी छात्रों को पढ़ाई बीच में छोड़ने न दिया जाए। उन्होंने स्कूल और कॉलेजों में छात्रवृत्ति योजनाओं की पूरी जानकारी वाले सूचना बोर्ड लगाने को कहा, जिससे छात्र आवेदन प्रक्रिया में किसी भी कठिनाई से बच सकें। दाखिले के समय काउंसलिंग के दौरान छात्रों और अभिभावकों को स्कॉलरशिप योजनाओं के बारे में जागरूक करना भी जरूरी है।

उन्होंने अधिकारियों को ग्राउंड स्तर पर योजनाओं की मॉनिटरिंग करने और समय-समय पर समीक्षा रिपोर्ट सरकार को सौंपने का निर्देश दिया। राज्य सरकार 40 प्रतिशत हिस्सेदारी सीधे खातों में ट्रांसफर करेगी, जबकि केंद्र की 60 प्रतिशत हिस्सेदारी नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल के जरिए पहुंचेगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कौशल विकास मिशन को सहराहते हुए कहा कि हरियाणा सरकार भी अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार योग्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में उच्चतर शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, सामाजिक न्याय सहित अन्य विभागों के शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे।

# हरियाणा की मंडियों से 48,44,073 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा में खरीफ खरीद सीजन 2025-26 के दौरान किसानों के खातों में अब तक 9029.39 करोड़ रुपए की अदायगी उनके बैंक खातों में सीधे स्थानांतरित की जा चुकी है। इस तरह सरकार ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान सुनिश्चित किया है।

हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हितों को देखते हुए सभी निर्धारित अनाज मंडियों में धान की खरीद का कार्य सुचारु रूप से जारी है। उन्होंने कहा कि जिले में हैफेड, वेयर हाउस और फूड एंड सप्लाई एजेंसियों द्वारा धान की खरीद की जा रही है। संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि धान की फसल बेचने में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकृत किसानों से धान की खरीद की जा रही है। राज्य में अब तक 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकृत 2,52,693 किसानों से धान की खरीद की गई है। प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए कहा कि अब तक राज्य भर की मंडियों में कुल 49,94,349 लाख मीट्रिक टन धान की आवक हुई है। उन्होंने बताया कि विभिन्न जिलों की मंडियों से अब तक 40,22,926 लाख मीट्रिक टन धान का उठान हो चुका है। अब तक मंडियों से 48,44,073 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है।

उल्लेखनीय है कि राज्य में धान की खरीद भारत सरकार द्वारा धान की खरीद न्यूनतम समर्थन में करती हुए फसल का भुगतान किसानों के बैंक खातों में सीधे तौर पर स्थानांतरित किया जाता है। सरकार द्वारा किसान भाइयों से बार-बार अपील की जा रही है कि वे अपनी फसल की मंडी में अच्छी तरह सुखाकर भारत सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों (जैसे कि नमी 17 प्रतिशत) की सीमा अनुसार लेकर आएं।

राज्य की खरीद संस्थाओं द्वारा धान की खरीद के लिए पुख्ता प्रबंध किए हुए हैं और धान के उठान कार्य में भी तेजी लाई जा रही है। राज्य की खरीद संस्थाओं द्वारा खरीद किये गए धान के भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य की अदायगी किसानों के बैंक खातों में सीधे तौर पर स्थानांतरित की जाती है। भारत सरकार द्वारा धान के लिए निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2389 रुपये प्रति क्विंटल में कोई कटौती नहीं की गई है।

# बाढ़ पीड़ितों को भूमि आवंटित करे सरकार : मिसल सतलुज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



पंजाब में अगस्त में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की आवाज उठाते हुए सामाजिक-राजनीतिक संगठन मिसल सतलुज ने सरकार से बेहतर मुआवजे और भूमि आवंटन की मांग की है। संगठन के अध्यक्ष अजयपाल सिंह बराड़ ने कहा कि हजारों परिवारों ने अपने घर, ज़मीन और आजीविका खो दी है। लगभग 2500 गांव प्रभावित हुए हैं और 4 लाख एकड़ फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी है।

बराड़ ने कहा कि कच्ची जमीनों पर खेती करने वाले किसानों को सबसे अधिक नुकसान हुआ है। उनकी जमीन की कोई गिरदावरी नहीं होती, इसलिए उन्हें मुआवजा भी नहीं मिलता। उन्होंने नदी में समा चुकी जमीनों के लिए मुआवजा और पुनर्वास के तहत भूमि आवंटन की मांग की। मिसल सतलुज ने बताया कि बाढ़ से 7,000 से अधिक स्कूल क्षतिग्रस्त हुए हैं। संगठन ने कई छात्रों की प्रवेश फीस जमा करवाई है और सरकार से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में शुल्क माफ करने की अपील की है। बराड़ ने कहा कि कुछ गांवों को गोद लेने वाले संगठनों की मदद सीमित है और प्रशासन को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। राहत दलों का नेतृत्व मान सिंह किल्ली, रोमन बराड़ और सुखविंदर सिंह भगता भाई ने किया।

# डब्ल्यूडब्ल्यूआईसीएस ने 32 वर्षों का सफल सफर किया पूरा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** वर्ल्डवाइन इमिग्रेशन कंसलटेंसी सर्विस (डब्ल्यूडब्ल्यूआईसीएस) ने 32 वर्षों की सफल यात्रा पूरी कर ली है। मोहाली के मुख्य कार्यालय में सुखमनी साहिब पाठ के साथ इस उपलब्धि का जश्न मनाया गया। कंपनी ने इस मौके पर ईश्वर का आभार व्यक्त करते हुए ग्राहकों, कर्मचारियों और शुभचिंतकों का धन्यवाद किया। डब्ल्यूडब्ल्यूआईसीएस पिछले तीन दशकों से विदेश में पढ़ाई, करियर और सेटलमेंट के लिए लाखों लोगों का भरोसेमंद मार्गदर्शन कर रहा है। यह कंपनी कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, यूके, नीदरलैंड्स और न्यूज़ीलैंड जैसे देशों में सेवा प्रदान करती है। कनाडा में वर्तमान में ट्रक ड्राइवर, किसान और नर्सों की भारी मांग है, जिनके लिए डब्ल्यूडब्ल्यूआईसीएस विशेष सहायता दे रहा है। भारत में कंपनी की शाखाएं मोहाली, चंडीगढ़, लुधियाना, अमृतसर, दिल्ली और जालंधर में हैं, जबकि विदेशों में दुबई, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और कतर में भी कार्यालय मौजूद हैं। डब्ल्यूडब्ल्यूआईसीएस अब अपने 33वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है और नए उत्साह के साथ विदेश जाने वाले लोगों के सपनों को साकार करने की प्रतिबद्धता दोहराता है। कंपनी का लक्ष्य है हर व्यक्ति को उत्कृष्ट और भरोसेमंद सेवा प्रदान करना।

# नेक्सस एलांटे मॉल बना ट्राइसिटी का नया ज्वेलरी डेस्टिनेशन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



ट्राइसिटी का प्रमुख शॉपिंग और लाइफस्टाइल सेंटर 'नेक्सस एलांटे मॉल' अब अपने नए 'ज्वेलरी जोन' के साथ और भी आकर्षक बन गया है। यह पंजाब और उत्तर भारत का पहला ऐसा क्षेत्र है जहां देश के प्रमुख ज्वेलरी ब्रांड एक ही स्थान पर मौजूद हैं। यह सेक्शन भारतीय कारीगरी, परंपरा और आधुनिक डिज़ाइन का शानदार संगम प्रस्तुत करता है।

इस प्रीमियम ज़ोन में हाउस ऑफ सेनको, ब्लूस्टोन, मिया बाय तनिष्क, इंड्रिया (आदित्य बिड़ला ज्वेलरी), ज़ेन डायमंड और गिवा जैसे ब्रांड शामिल हैं। जल्द ही तनिष्क, कैरटलैन, ओरिजेम और फॉरएवरमार्क जैसे नाम भी जुड़ेंगे, जिससे यह उत्तर भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी डेस्टिनेशन बन जाएगा। सेंटर डायरेक्टर अमित शिव ने कहा कि यह जोन रिटेल क्षेत्र में एलांटे की नई उपलब्धि है, जो परंपरा और आधुनिकता का संतुलित अनुभव प्रदान करेगा। इंड्रिया के सीईओ संदीप कोहली ने कहा कि उनका नया स्टोर पारंपरिक कारीगरी और आधुनिक डिज़ाइन का संगम है, जिसमें 'कारीगरी रूम' जैसी विशेष जगहें ग्राहकों को ज्वेलरी निर्माण की कला से जोड़ती हैं। इस लॉन्च के साथ एलांटे ने एक बार फिर खुद को ट्राइसिटी का सबसे प्रमुख फैशन और लाइफस्टाइल हब साबित किया है।

## देश-विदेश

# ट्रंप बोले- भारत रूसी तेल खरीदना दिसंबर तक बंद करेगा

**एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर से कहा है कि भारत अब रूस से तेल की खरीद धीरे-धीरे कम कर रहा है और साल के आखिर तक इसे लगभग खत्म कर देगा। उन्होंने कहा कि खुद पीएम मोदी ने उन्हें यह भरोसा दिया है। व्हाइट हाउस में बुधवार को पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि तेल खरीदना एक ऐसी प्रक्रिया है जिसे तुरंत रोकना संभव नहीं है, लेकिन साल के अंत तक वे इसे जीरो कर देंगे।

मेरी प्रधानमंत्री मोदी से इस बारे में बातचीत हुई है। यह एक बड़ी बात है, यह लगभग 40 प्रतिशत तेल है। पिछले एक हफ्ते में यह पांचवी बार है जब अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूसी तेल खरीद का मुद्दा उठाया है। ट्रंप ने आगे चीन का जिक्र करते हुए कहा कि रूस और चीन के रिश्ते ऐतिहासिक रूप से कभी बहुत अच्छे नहीं रहे, लेकिन बाइडेन और ओबामा की नीतियों की वजह से दोनों देश अब एक-दूसरे के करीब आ गए हैं। उन्हें इतना करीब नहीं आना चाहिए था। गौर रहे कि अमेरिका ने रूस पर दबाव बनाने के लिए भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। ट्रम्प कई बार यह दावा कर चुके हैं कि, भारत के तेल खरीद से मिलने वाले पैसे से रूस, यूक्रेन में जंग को बढ़ावा देता है। ट्रम्प प्रशासन रूस से तेल लेने पर भारत के खिलाफ की गई आर्थिक कार्रवाई को पैनल्टी या टैरिफ बताता रहा है। (अनंत ज्ञान)

# आसियान शिखर सम्मेलन को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे पीएम मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आसियान-भारत शिखर सम्मेलन को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे। 26 से 28 अक्तूबर के बीच आयोजित इस दक्षिणी पूर्वी एशियाई देशों के समूह के शिखर सम्मेलन में इस बार प्रधानमंत्री के स्थान पर विदेश मंत्री भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने वीरवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी साझा की। उन्होंने आगामी शिखर सम्मेलनों की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

# वांगचुक की पत्नी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा पुलिस और आईबी उनका पीछा कर रही

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सोनम** वांगचुक की पत्नी गीतांजलि ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर कहा कि राजस्थान पुलिस और आईबी ने उनका पीछा किया। गीतांजलि ने कहा कि उनपर दिल्ली में भी नजर रखी गई। गीतांजलि ने कहा कि जब वह जोधपुर जेल में अपने पति से मिलने गई थीं तो उन पर नजदीक से नजर रखी जा रही थी।

उनका कहना है कि जब वह पति से मिलने के लिए 17 और 11 अक्तूबर को जोधपुर पहुंचीं तो एयरपोर्ट पर उतरते ही उन्हें पुलिस के वाहन पर बैठा लिया गया। उनसे हर बार अपनी यात्रा से पहले यात्रा का पूरा विवरण अधिकारियों से साझा करने को कहा गया। जब वह अपने पति से मुलाकात कर रही थीं, उस समय भी मंगलेश नामक डीसीपी और एक महिला कांस्टेबल उनकी बातें सुन कर उन्हें नोट कर रहे थे। हलफनामे में कहा कि जोधपुर में गीतांजलि को किसी से मिलने की अनुमति नहीं दी गई। ऐसा करना संविधान में प्रदत्त अधिकारों का खुला उल्लंघन है। केंद्र सरकार ने 15 अक्तूबर को कहा था कि सोनम वांगचुक को उनकी गिरफ्तारी की वजह बता दी गई है। पेश कपिल सिब्बल ने कहा था कि गिरफ्तारी की वजह बताने वाले बिंदुओं को चुनौती देने के लिए याचिका में संशोधन करने की जरूरत है। सिब्बल ने कहा था कि सोनम वांगचुक ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने के लिए कुछ नोट्स तैयार किए हैं, लेकिन वो नोट्स सोनम वांगचुक की पत्नी को शेयर नहीं करने दिया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# अब वेस्ट बैंक पर कब्जा करेगा इसराइल

**एजेंसी, वेस्ट बैंक।** इसराइल गाजा के बाद अब वेस्ट बैंक पर कब्जा करेगा। इसराइली संसद ने इस पर कब्जे के लिए एक विधेयक को मंजूरी दे दी है। इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी लिकुड पार्टी के विरोध के बावजूद, नेसेट के 120 सांसदों में से 25-24 के अंतर से इस विधेयक को आगे बढ़ाने का फैसला लिया गया। यह विधेयक दक्षिणपंथी नोआम पार्टी के नेता अवी माओज द्वारा पेश किया गया। नेतन्याहू के गठबंधन के कुछ सदस्य, जैसे कि राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्वीर और वित्त मंत्री बेजालेल स्मोट्रिच ने विधेयक के पक्ष में वोट दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू इस फैसले के विरोध में थे, क्योंकि उन्हें डर था कि अगर यह विधेयक अभी पास हो गया तो राष्ट्रपति ट्रंप से रिश्ते बिगड़ सकते हैं। ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि इसराइल को वेस्ट बैंक पर कब्जा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली में बिहार के 3 बदमाशों का एनकाउंटर

**एजेंसी, पटना।** दिल्ली में 4 बदमाशों का एनकाउंटर हुआ है। इसमें 3 बिहार के सीतामढ़ी के रहने वाले हैं। यह ऑपरेशन दिल्ली क्राइम ब्रांच और बिहार पुलिस की ज्वॉइंट टीम ने मिलकर किया। खबर है कि मारे गए कुख्यात बिहार विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में दहशत फैलान की साजिश रच रहे थे। बुधवार की देर रात करीब 2.20 बजे ये एनकाउंटर हुआ है। यह मुठभेड़ बहादुर शाह मार्ग पर डॉक्टर अंबेडकर चौक से लेकर पंसाली चौक तक चला। खबर के मुताबिक बदमाशों और पुलिस के बीच जमकर गोलीबारी हुई। एनकाउंटर में रंजन पाठक (25), बिमलेश महतो उर्फ बिमलेश साहनी (25), मनीष पाठक (33) और अमन ठाकुर (21) को गोलियां लगीं। सभी को रोहिणी स्थित डॉ. बीएसए अस्पताल लाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। (अनंत ज्ञान)

# रील बनाते समय युवक ट्रेन से टकराया, मौत

**एजेंसी, भुवनेश्वर।** ओडिशा के पुरी जिले के जनकदेईपुर रेलवे स्टेशन पर इंस्टाग्राम रील बनाते समय एक नाबालिग ट्रेन की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय मंगलाघाट निवासी यह लड़का अपनी मां के साथ दक्षिण काली मंदिर में दर्शन करके लौट रहा था। लौटते समय उसने रेलवे ट्रैक के पास मोबाइल से वीडियो बनाने की कोशिश की। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वह ट्रैक के बहुत करीब खड़ा था, तभी तेजी से आ रही ट्रेन ने उसे टक्कर मार दी, हादसे के बाद रेलवे कर्मचारी और स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। सरकारी रेलवे पुलिस (त्र क्क) ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। (अनंत ज्ञान)

# तेजस्वी यादव महागठबंधन के सीएम फेस

## मुकेश सहनी समेत 2 डिप्टी सीएम कैंडिडेट, अशोक गहलोत बोले- अब एनडीए बताए उनका नेता कौन?

**एजेंसी नई दिल्ली**




कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने महागठबंधन की ज्वॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीएम फेस के नाम का ऐलान किया।

बिहार चुनाव के लिए महागठबंधन का सीएम चेहरा आरजेडी प्रमुख तेजस्वी यादव होंगे। कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने महागठबंधन की ज्वॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अगर हमारी सरकार बनी तो उपमुख्यमंत्री मुकेश सहनी होंगे।

उपमुख्यमंत्री और भी लोग बनाए जाएंगे, जो पिछड़े समुदाय से होंगे। गहलोत ने कहा कि हमारा नेता तो तेजस्वी यादव हैं। एनडीए बताए कि उनका सीएम फेस कौन होगा। सिर्फ नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे, कहने से नहीं चलेगा। ऐलान के बाद तेजस्वी यादव ने कहा कि मुझ पर फिर से भरोसा जताया है। सभी का दिल से धन्यवाद है। सबसे कहना चाहता हूं कि जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरेंगे। 20 साल पुरानी निकम्मी सरकार को उखाड़कर फेंकेंगे। महागठबंधन की ज्वॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस 50 मिनट चली। इसमें आरजेडी, कांग्रेस, वीआईपी समेत 7 दलों के 14 नेता शामिल हुए। (अनंत ज्ञान)

# खुलासा: कर्नाटक में डेटा सेंटर ऑपरेटर ने वोटरों के नाम हटाए

**एजेंसी, बेंगलुरु**

**कर्नाटक** की आलंद विधानसभा सीट पर कांग्रेस के वोट चोरी के आरोपों पर बड़ा खुलासा हुआ है। इंडिया एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने वोटर्स लिस्ट में अनियमितताओं की जांच के दौरान पाया कि एक डेटा सेंटर ऑपरेटर को प्रत्येक मतदाता के नाम फर्जी तरीके से हटाने के लिए पैसे रुपए मिले थे। एसआईटी के अनुसार, दिसंबर 2022 और फरवरी 2023 के बीच आलंद सीट पर 6,018 वोटरों के नाम हटाने के आवेदन आए थे यानी डेटा सेंटर ऑपरेटर को कुल मिलाकर 4.8 लाख का भुगतान किया गया। एसआईटी ने कलबुर्गी जिला मुख्यालय में एक डेटा सेंटर की पहचान भी की है, जहां से वोटरों के नाम हटाने के एप्लिकेशन भेजे गए थे। जांच में यह भी पता चला कि जो 6,018 एप्लिकेशन आए थे, उनमें केवल 24 ही सही थे, क्योंकि वे आलंद में अब नहीं रहते। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 18 सितंबर को कहा था कि मुख्य चुनाव आयुक्त वोट चोरी और वोट डिलीट करा रहे हैं। उन्होंने आरोपों के समर्थन में आलंद के उन वोटरों को भी पेश किया, जिनके नाम हटाने की कोशिश की गई थी। (अनंत ज्ञान)

# सिद्धारमैया के बेटे बोले- पिता 2028 चुनाव नहीं लड़ेंगे

**एजेंसी, बेंगलुरु।** कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच सीएम सिद्धारमैया के बेटे और विधान परिषद के सदस्य यथींद्र सिद्धारमैया ने कहा कि उनके पिता अपने राजनीतिक जीवन के अंतिम चरण में हैं। उन्हें अपने कैबिनेट सहयोगी सतीश जारकीहोली तो जिम्मेदारी सौंपनी चाहिए। बेलगावी में एक कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य (रूस्ष्ट) यथींद्र ने कहा, 'मेरे पिता को एक मजबूत विचारधारा और प्रगतिशील मानसिकता वाले नेता की जरूरत है, जिसके वे मार्गदर्शक बन सकें। जारकीहोली एक ऐसे व्यक्ति हैं जो कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को कायम रख सकते हैं और पार्टी का प्रभावी ढंग से नेतृत्व कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका ने पूर्वी प्रशांत महासागर में तीन नार्को आतंकी मार गिराए

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**अमेरिका** ने संदिग्ध ड्रग तस्करों के खिलाफ अपना अभियान और तेज कर दिया। पूर्वी प्रशांत महासागर में लगातार दूसरे दिन एक जहाज पर घातक हमला कर उस पर मौजूद तीन नार्को आतंकियों को मार गिराया। ट्रंप प्रशासन ने कहा कि इस अभियान में कोई ढील नहीं दी जाएगी।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने 'एक्स' पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा कि अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में किए गए इस हमले के दौरान जहाज पर तीन पुरुष नार्को आतंकवादी सवार थे। उन्होंने कहा कि अमेरिका में ड्रग पहुंचाने वालों को खोज-खोजकर मारा जाएगा। हेगसेथ ने कहा कि दो दिन में दूसरी बार ट्रंप प्रशासन ने पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में ड्रग्स की तस्करी करने वाले संदिग्ध जहाज पर घातक हमले किए। अब अभियान कैरेबियन सागर से आगे बढ़ गया है। सितंबर में शुरू किए इस अभियान के दौरान अमेरिकी विशेष अभियान बलों ने नौ घटनाओं में 37 ड्रग तस्करों को मार गिराया। एक अमेरिकी अधिकारी के अनुसार, पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में पहला हमला कोलंबिया के तट के पास हुआ था। हेगसेथ की एक्स पोस्ट के अनुसार, मंगलवार देर रात हुए हमले में नाव पर सवार दो लोग मारे गए। दूसरे हमले में तीन लोग मारे गए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में इस अभियान पर पत्रकारों से बात की। उन्होंने संकेत दिया कि भविष्य में हमले समुद्र में लक्ष्यों से आगे भी जा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली में एयर क्वालिटी और खराब

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**दिल्ली** में दिवाली के बाद एयर क्वालिटी में तेजी से गिरावट आई है। दिल्ली की हवा की गुणवत्ता वीरवार को भी 'बेहद खराब' बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वेबसाइट के अनुसार, सुबह 6 बजे दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स 353 दर्ज किया गया। कई इलाके 'रेड जोन' में हैं। अक्षरधाम मंदिर के पास सड़कों पर विजिबिलिटी कम थी। यहां ज्यादातर इलाकों में सुबह के समय स्मॉग छाया रहा। दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में एक्यूआई 300 से 400 के बीच रहा। यानी हवा की क्वालिटी 'बहुत खराब' से 'गंभीर' स्तर पर है। सबसे खराब स्थिति आनंद विहार में थी, जहां सुबह 5:30 बजे एक्यूआई 511 तक पहुंच गया। हेल्थ एक्सपर्ट ने सलाह दी है कि जब तक एक्यूआई मीडियम लेवल पर न आए, दिल्ली-एनसीआर में बाहर की गतिविधियां सीमित रखें। आठ महानगरों में दिल्ली का एक्यूआई सबसे खराब रहा। बेंगलुरु और चेन्नई में एक्यूआई 70 से नीचे रहा, जबकि अहमदाबाद और मुंबई में सुबह एक्यूआई 110 दर्ज किया गया। (अनंत ज्ञान)

# डेलॉइट इंडिया का अनुमान, वित्त वर्ष 2026 में भारत की जीडीपी 6.7-6.9 प्रतिशत बढ़ेगी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**बढ़ती** मांग और नीतिगत सुधारों के बीच चालू वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था 6.7-6.9 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। डेलॉयट इंडिया ने वीरवार को यह अनुमान जताया।

चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.8 प्रतिशत बढ़ी है। डेलॉइट इंडिया की 'भारत का आर्थिक परिदृश्य' रिपोर्ट में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.7 से 6.9 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान लगाया गया है। इस वित्त वर्ष में इसका औसत 6.8 प्रतिशत है। यह डेलॉइट के पिछले अनुमान से 0.3 प्रतिशत अंक अधिक है। भारतीय अर्थव्यवस्था का यह प्रदर्शन न केवल लचीलेपन का संकेत देता है, बल्कि यह भी बताता है कि भारत अधिकांश देशों की तुलना में अधिक मजबूती से उभर रहा है। अगले वर्ष भी इसी तरह की वृद्धि दर की उम्मीद है, लेकिन व्यापार और निवेश से जुड़ी अनिश्चितताओं के कारण विविधता का दायरा व्यापक बना हुआ है। डेलॉयट जीडीपी वृद्धि का पूर्वानुमान आरबीआई के अनुमान के अनुरूप है। इसने वित्त वर्ष 2026 में आर्थिक वृद्धि 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। घरेलू मांग में तेजी, उदार मौद्रिक नीति और जीएसटी 2.0 जैसे संरचनात्मक सुधारों से विकास को बल मिलने की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### लिवरपूल ने चैंपियंस लीग फुटबॉल में एंट्रेक्ट फ्रेंकफर्ट को हराया

**एजेंसी, मिलान।** लिवरपूल ने चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में एंट्रेक्ट फ्रेंकफर्ट को एकतरफा मुकाबले में 5-1 से हराकर प्रतियोगिता में वापसी की। चेल्सी और बायर्न म्यूनिख ने भी आसान जीत दर्ज की जबकि रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन रीयाल मैड्रिड ने यूवेंटस को 1-0 से हराकर मौजूदा सत्र का अपना परफेक्ट रिकॉर्ड बरकरार रखा।लिवरपूल ने इस जीत के साथ लगातार चार हार के क्रम को तोड़ दिया। रासमस क्रिस्टेनसन ने 26वें मिनट में फ्रेंकफर्ट को बढ़त दिलाई, लेकिन नौ मिनट बाद फ्रेंकफर्ट के पूर्व खिलाड़ी ह्यूगो एकिटिके ने लिवरपूल को बराबरी दिला दी।लिवरपूल के कप्तान वर्जिल वान डिक और इब्राहिमा कोनात के इसके बाद पांच मिनट के भीतर दो गोल दागकर अपनी टीम को मध्यांतर तक 3-1 से आगे कर दिया। कोडी गैप्को और डोमीनिक सोबोसलाई ने दूसरे हाफ में गोल दागकर लिवरपूल की बड़ी जीत सुनिश्चित की। दूसरी तरफ रीयाल मैड्रिड ने 57वें मिनट में ज्यूड बेलिंघम के चैंपियन्स लीग में पहले गोल की बदौलत लगातार तीसरी जीत दर्ज की। मैड्रिड और बायर्न सहित पांच क्लब अधिकतम नौ अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर हैं। चेल्सी ने अजैक्स को 5-1 से हराया, जबकि बायर्न म्यूनिख ने क्लब ब्रूग को 4-0 से शिकस्त दी। एथलेटिक बिलबाओ ने काराबेग को 3-1 से हराकर मौजूदा चैंपियन्स लीग में अपने शुरुआती अंक जुटाए। गैलाटेसराय ने बोडो ग्लिम्ट को 3-1 से हराया, जबकि स्पोर्टिंग लिस्बन ने मार्सिले को 2-1 से शिकस्त दी। टोटेनहैम और अटलांटा ने क्रमशः मोनाको और स्लाविया प्राग से गोल रहित ड्रॉ खेला। (अनंत ज्ञान)

### फीफा टूर्नामेंट संयुक्त अरब अमीरात से मोरक्को स्थानांतरित

**एजेंसी, मोरक्को।** विश्व फुटबॉल की नियामक संस्था फीफा द्वारा आयोजित एक टूर्नामेंट को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से मोरक्को स्थानांतरित कर दिया गया है। फीफा ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह चार टीमों का मैत्री टूर्नामेंट रविवार से मोरक्को में शुरू होगा। 'फीफा यूनाइट्स: वुमंस सीरीज' नामक यह प्रतियोगिता मूल रूप से 23 से 29 अक्टूबर तक दुबई में आयोजित की जानी थी। इसमें यूएई, चाड, लीबिया और अफगानिस्तान की महिला शरणार्थी टीम भाग ले रही हैं। अफगानिस्तान महिला शरणार्थी टीम का गठन 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद महिलाओं के खेल पर लगाए गए प्रतिबंध के कारण हुआ था। उस समय कई खिलाड़ियों को उत्पीड़न के डर से देश छोड़ना पड़ा था। फीफा ने एक आधिकारिक बयान में कहा, 'फीफा रॉयल मोरक्कन फुटबॉल फेडरेशन का धन्यवाद करता है और सफल टूर्नामेंट के आयोजन की उम्मीद रखता है।' संगठन ने यह पुष्टि की कि अफगान महिला शरणार्थी टीम ने परामर्श के बाद अपना आधिकारिक नाम 'अफगान वुमन यूनाइटेड' रखा है। तालिबान शासन से पहले अफगानिस्तान की महिला टीम में 25 अनुबंधित खिलाड़ी थीं, जिनमें से अधिकांश अब ऑस्ट्रेलिया में बस चुकी हैं। वहीं, अफगानिस्तान की पुरुष फुटबॉल टीम सामान्य रूप से खेलना जारी रखे हुए है। (अनंत ज्ञान)

### अन्ना रुडोल्फ का खूबसूरत अंदाज

**अन्ना** रुडोल्फ एक ओलंपिक शतरंज खिलाड़ी हैं जो हंगरी चैंपियनशिप में तीन बार चैंपियन बन चुकी हैं। वह अंतरराष्ट्रीय और महिला दोनों स्तरों पर ग्रैंडमास्टर हैं। शतरंज के लिए एक रिपोर्टर, स्ट्रीमर और कमेंटेटर के रूप में प्रसिद्ध हैं और 24 साल की उम्र में एक वीडियो सीरीज के जरिए उन्होंने खुद को स्थापित किया।



## मैथ्यू शॉर्ट ने बनाए 74 रन, कोहली फिर जीरो पर आउट

# ऑस्ट्रेलिया से वनडे सीरीज हारा भारत

**एजेंसी, एडिलेड**

ऑस्ट्रेलिया ने भारत से वनडे सीरीज एक मैच बाकी रहते ही जीत ली है। एडिलेड में वीरवार को खेले गए दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने 2 विकेट से जीत हासिल की। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 264 रन बनाए। रोहित शर्मा ने सबसे ज्यादा 73 रन बनाए। श्रेयस अय्यर ने 61 रन की पारी खेली। एडम जम्पा ने चार विकेट लिए।

जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 46.2 ओवर में 8 विकेट खोकर टारगेट चेज कर लिया। मैथ्यू शॉर्ट ने सबसे ज्यादा 74 रन बनाए। कूपर कोनोली 61 रन बनाकर नाबाद लौटे। भारत से अर्शदीप सिंह, वाशिंगटन सुंदर और हर्षित राणा ने 2-2 विकेट लिए। तीसरा वनडे 25 अक्तूबर को सिडनी में खेला जाएगा। टॉस हारकर बैटिंग कर रही भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 2 विकेट 17 रन के स्कोर तक पहुंचने में गिर गए। कप्तान शुभमन गिल 9 और विराट कोहली खाता खोले बिना आउट हुए। दोनों का विकेट जेवियर बार्टलेट ने लिया। इसके बाद रोहित और अय्यर ने तीसरे विकेट की साझेदारी में 118 रन जोड़े।

भारत ने 29.2 ओवर में 2 विकेट खोकर 135 रन रन बना लिए थे। शुरुआत में काफी धीमा खेलने वाले रोहित और अय्यर दोनों ने तेजी से रन बनाना शुरू कर दिया था। रोहित मिचेल स्टार्क गेंद पर बड़ा शॉट जमाने की कोशिश में हेजलवुड के हाथों कैच आउट हुए। इसके कुछ देर बाद अय्यर भी पवेलियन लौट गए। उनका विकेट एडम जम्पा ने लिया। (अनंत ज्ञान)



शॉट खेलता ऑस्ट्रेलिया बल्लेबाज मैथ्यू शॉट।

### अब गांगुली से ज्यादा रन रोहित के नाम

**रोहित** शर्मा अब वनडे क्रिकेट में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ गए हैं। उन्होंने सौरव गांगुली को पीछे छोड़ा है। रोहित ने भारत के लिए 275 मैचों में 11,249 रन बनाए हैं। वहीं, गांगुली ने भारत के लिए 308 मैचों में 11,221 रन बनाए थे। गांगुली ने वनडे इंटरनेशनल में वैसे 311 मैचों में 11,363 रन बनाए हैं। इनमें एशिया 11 की ओर से तीन मैचों में बनाए 142 रन भी शामिल हैं। वनडे में भारत की ओर से रोहित से ज्यादा रन सिर्फ सचिन तेंदुलकर (463 मैचों में 18,426 रन) और विराट कोहली (304 मैचों में 14,181 रन) ही बना सके हैं।

### कोहली ने एडिलेड को कहा गुडबाय

**विराट** कोहली लगातार दूसरे वनडे में जीरो पर आउट हुए। जब वे पवेलिटन लौट रहे थे तो एडिलेड में मौजूद दर्शकों ने उनके सम्मान में खड़े होकर तालियां बजाई। कोहली ने इस पर रिस्पॉन्स दिया और हाथ उठाकर तालियों का शुक्रिया कहा।

## वुमंस वर्ल्ड कप : स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल ने लगाए शतक



शतक लगाने के बाद खुशी मनाती मंधाना और रावल।

**एजेंसी, नवी मुंबई**

वुमंस वनडे वर्ल्ड कप के करो या मरो मैच में इंडिया वुमंस टीम ने अपना हाईएस्ट स्कोर बना दिया। टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 340 रन बना दिए। नवी मुंबई के डीवाय पाटिल स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने बॉलिंग चुनी। भारत ने 48 ओवर में 2 विकेट खोकर 329 रन बना लिए थे। फिर बारिश होने लगी और दोनों पारियों में 1-1 ओवर कम कर दिया गया।

भारत ने 3 विकेट खोकर 340 रन के स्कोर पर पारी खत्म की। न्यूजीलैंड की बैटिंग शुरू होने से पहले बारिश फिर शुरू हो गई, इस कारण टीम को टारगेट नहीं मिल सका है। भारत से स्मृति मंधाना ने 109 रन और प्रतिका रावल ने 122 रन बनाए। जेमिमा रोड्रिग्ज ने 76 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए अमीलिया केर, रोजमेरी मेयर और सूजी बेट्स ने 1-1 विकेट लिया।

प्रतिका रावल ने वनडे में अपने एक हजार रन पूरे कर लिए। इसके लिए उन्होंने 23 पारियां लीं। वुमंस वनडे में सबसे तेज हजार रन बनाने के मामले में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की लिंडसे रीलर की बराबरी की। बारिश के बाद शाम 7.50 बजे बारिश शुरू हुई। इंडिया वुमंस ने बचे हुए एक ओवर की बैटिंग की और स्कोर 340 रन तक पहुंचा दिया। यह महिला वर्ल्ड कप में भारत का बेस्ट स्कोर रहा, इससे पहले इसी वर्ल्ड कप में टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 330 रन बनाए थे।

भारत ने 48 ओवर में 2 विकेट खोकर 329 रन बना लिए थे। फिर बारिश होने लगी और दोनों पारियों में 1-1 ओवर कम कर दिया गया। भारत ने 3 विकेट खोकर 340 रन के स्कोर पर पारी खत्म की। डीएलएस मेथड के कारण न्यूजीलैंड को 49 ओवर में 341 रन का टारगेट मिला। न्यूजीलैंड के लिए अमीलिया केर, रोजमेरी मेयर और सूजी बेट्स ने 1-1 विकेट लिया। समाचार लिखे जाने तक ऑस्ट्रेलिया ने 2 ओवर में 1 विकेट गंवाकर 4 रन बना लिए थे। सूजी बेट्स मात्र एक रन बनाकर आउट हो गई। जार्जिया प्लिमर और अमीलिया केर क्रीज पर डटी हुई थीं। (अनंत ज्ञान)

## पंजाब किंग्स ने बहुतुले को स्पिन गेंदबाजी कोच किया नियुक्त

**एजेंसी, चंडीगढ़।** इंडियन प्रीमियर लीग टीम पंजाब किंग्स ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर साईराज बहुतुले को लीग के अगले सत्र के लिए अपना नया स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। भारत के लिए दो टेस्ट और आठ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले 52 साल के बहुतुले सुनील जोशी की जगह लेंगे जो 2023 से यह भूमिका निभा रहे थे। बहुतुले प्रथम श्रेणी के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी और बेहद सम्मानित कोच हैं। इससे पहले बहुतुले केरल, गुजरात, विदर्भ और बंगाल जैसी घरेलू टीम के अलावा आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के साथ कोचिंग की भूमिका निभा चुके हैं। पंजाब किंग्स के सीईओ सतीश मेनन ने बहुतुले का स्वागत करते हुए कहा, ''हम वर्षों से पंजाब किंग्स के प्रति समर्पित सेवा और योगदान के लिए सुनील जोशी का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। आगे बढ़ते हुए हम अपने कोचिंग स्टाफ में साईराज बहुतुले का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं।'' पंजाब किंग्स की टीम पिछले सत्र में उप विजेता रही थी। (अनंत ज्ञान)

## खेल संचालन अधिनियम के मसौदा नियमों पर ली जाएगी जनता की राय

**एजेंसी, नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल संचालन अधिनियम के मसौदा नियमों पर आम जनता के लिए प्रतिक्रिया देने की अंतिम तिथि 14 नवंबर तय की है। इस अधिनियम का उद्देश्य देश के खेल प्रशासन और विवाद समाधान व्यवस्था में सुधार लाना है। मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल बोर्ड (एनएसबी), राष्ट्रीय खेल पंचाट (एनएसटी) और राष्ट्रीय खेल चुनाव पैनल (एनएसईपी) के मसौदा नियमों को अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किया है और जनता से प्रतिक्रिया मांगी है।मंत्रालय ने कहा, ''ये नियम राष्ट्रीय खेल संचालन अधिनियम 2025 के कार्यान्वयन को सुगम बनाने के लिए तैयार किए गए हैं।'' इसमें आगे कहा गया है, ''यह अधिनियम खेल के सभी स्तरों पर नैतिक प्रथाओं और निष्पक्ष खेल को सुनिश्चित करने, प्राथमिक हितधारकों के रूप में खिलाड़ियों के हितों की रक्षा करने और देश में खेलों के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बनाना सुनिश्चित करने का प्रयास करता है।'' यह प्रतिक्रिया मंत्रालय को डाक द्वारा या 'रूल्स-एनएसजीए2025@स्पोर्ट्स.जीओवी.इन' पर ईमेल द्वारा भेजी जा सकती है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया इस वर्ष के अंत तक एनएसबी को अंतिम रूप देकर 2026 की पहली छमाही में इस अधिनियम को लागू करने के इच्छुक हैं। मंत्रालय ने कहा, ''टिप्पणियां/प्रतिक्रिया प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 14 नवंबर 2025 है।'' (अनंत ज्ञान)

## बाबर आजम की 10 महीने बाद टी-20 टीम में वापसी

### नसीम शाह 11 महीने बाद लौटे, टी-20 सीरीज 28 अक्तूबर से, त्रिकोणीय सीरीज 17 नवंबर से

**एजेंसी, लाहौर**

पूर्व कप्तान बाबर आजम की करीब 10 महीने बाद पाकिस्तान की टी-20 टीम में वापसी हो गई है। उन्होंने अपना आखिरी टी-20 मैच 13 दिसंबर 2024 को साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेला था। बाबर के साथ तेज गेंदबाज नसीम शाह की भी लगभग 11 महीने बाद टी-20 टीम में वापसी हुई है। नसीम ने अपना पिछला टी-20 मुकाबला 16 नवंबर 2024 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में खेला था।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज और अगले महीने होने वाली त्रिकोणीय सीरीज (ट्राई सीरीज) के लिए भी टीम का ऐलान किया है। इस त्रिकोणीय सीरीज में श्रीलंका और जिम्बाब्वे भी हिस्सा लेंगे। पाकिस्तान



और साउथ अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज 28 अक्तूबर से 1 नवंबर तक खेले जाएगी। मैच रावलपिंडी और लाहौर में होंगे। इसके बाद दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज भी 4 से 8 नवंबर तक फैसलाबाद के इकबाल स्टेडियम में खेली जाएगी। फिर 11 से 15 नवंबर तक श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज होगी, जबकि त्रिकोणीय टी-20 सीरीज 17 से 29 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### फखर जमान और सुफियान मुकीम हुए बाहर

**अनुभवी** ओपनर फखर जमान और रिस्ट स्पिनर सुफियान मुकीम को इस बार टीम से बाहर कर दिया गया है। वहीं, विकेटकीपर बल्लेबाज उस्मान खान को शामिल किया गया है, जबकि मुहम्मद हारिस को टीम से बाहर कर दिया गया है।

### अनकैप्ड खिलाड़ी उस्मान तारिक को भी टीम में जगह

**टी-20** टीम में एकमात्र अनकैप्ड खिलाड़ी (नया चेहरा) मिस्ट्री स्पिनर उस्मान तारिक को चुना गया है। वनडे टीम में फैसल अकराम, हरिस रऊफ और हसीबुल्लाह की वापसी हुई है।

## आईओसी ने की इंडोनेशिया में खेल प्रतियोगिता नहीं कराने की सिफारिश

**एजेंसी, लुसाने (स्विट्जरलैंड)**

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने वैश्विक खेल महासंघों को इंडोनेशिया में प्रतियोगिताओं का आयोजन बंद करने की अनुशंसा की है क्योंकि देश ने जकार्ता में चल रही जिम्नास्टिक विश्व चैंपियनशिप में इजराइली खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। आईओसी के कार्यकारी बोर्ड ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि वह भविष्य की ओलंपिक प्रतियोगिताओं की मेजबानी के बारे में इंडोनेशिया के साथ 'किसी भी प्रकार की बातचीत' भी समाप्त कर रहा है। इंडोनेशिया के एक सरकारी अधिकारी ने इस महीने की शुरुआत में घोषणा की थी कि इजराइली खिलाड़ियों को विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए वीजा नहीं दिया जाएगा। यह प्रतियोगिता पिछले रविवार से शुरू हुई और इस सप्ताहांत तक चलेगी। इजराइल प्रतियोगिता के लिए पंजीकृत 86 टीम में से एक था और उसकी टीम में 2020 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और पुरुषों की फ्लोर एक्सरसाइज स्पर्धा के गत विश्व चैंपियन आर्टेम डोल्गोप्यात भी शामिल थे। आईओसी के कार्यकारी बोर्ड ने कहा, ''ये कार्रवाई खिलाड़ियों को शांतिपूर्वक प्रतिस्पर्धा करने के उनके अधिकार से वंचित करती है और ओलंपिक आंदोलन को खेल की शक्ति दिखाने से रोकती है।'' इंडोनेशिया दुनिया का सबसे अधिक मुस्लिम आबादी वाला देश है और लंबे समय से फलस्तीनियों का कट्टर समर्थक रहा है। इजराइली खिलाड़ियों की संभावित भागीदारी ने देश के भीतर तीव्र विरोध को जन्म दिया था। (अनंत ज्ञान)

## लक्ष्य, दीक्षा, जगशेर बैडमिंटन एशिया अंडर 17 और अंडर 15 में चमके

**एजेंसी, चेंगडू**



लक्ष्य राजेश और दीक्षा सुधाकर ने बैडमिंटन एशिया अंडर 17 और अंडर 15 चैंपियनशिप के दूसरे दिन लड़कियों के एकल प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि जगशेर सिंह लड़कों के वर्ग में अंतिम 16 में पहुंच गए ।

अंडर 17 लड़कियों के वर्ग में लक्ष्य ने चीनी ताइपै के कुआन यि लिन को 21-17, 21-11 से हराया जबकि दीक्षा ने चीन की लुओ या रू को 17-21, 21-16, 21-11 से मात दी । लड़कों के वर्ग में जगशेर ने चीन के झांग यू फेंग को 21-14, 21-17 से मात दी। लड़कियों के युगल वर्ग में दीपक राज अदिति और पी वृद्धि ने मलेशिया की सुइ मेइ तियोह और जि किंग वान को 22-20, 21-12 से हराया, जबकि अंडर 15 मिश्रित युगल में हेमंत श्री एस और शरायु रंजाने ने पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंगापुर के एंग यू जि और लू किट रेइ चारा को 21-9, 21-11 से मात दी। (अनंत ज्ञान)

## भारत को सीओपी (एशिया प्रशांत) का उपाध्यक्ष चुना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत को पेरिस में आयोजित खेल में डोपिंग के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (सीओपी एशिया-प्रशांत) की 20वीं वर्षगांठ बैठक में पुन: उपाध्यक्ष चुना गया। इसमें अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) और विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के प्रतिनिधियों के अलावा अन्य लोग भी शामिल हुए। यह सम्मेलन 20 से 22 अक्तूबर तक फ्रांस की राजधानी स्थित यूनेस्को मुख्यालय में आयोजित किया गया।

खेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''यह बैठक सम्मेलन की 20वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया जो विश्व स्तर पर खेलों में अखंडता को बढ़ावा देने और डोपिंग को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध एकमात्र कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतरराष्ट्रीय साधन है।'' सचिव (खेल) हरि रंजन राव और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के महानिदेशक अनंत कुमार की मौजूदगी वाले भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने 190 से अधिक सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की।

मंत्रालय ने कहा, ''कार्यवाही के दौरान भारत को 2025-2027 के कार्यकाल के लिए एशिया-प्रशांत (समूह चार) ब्यूरो का फिर से उपाध्यक्ष चुना गया। अजरबेजान को सीओपी 10 ब्यूरो का अध्यक्ष चुना गया। ब्राजील, जाम्बिया और सऊदी अरब को भी अपने क्षेत्रीय समूहों का उपाध्यक्ष चुना गया।'' (अनंत ज्ञान)

## महिला विश्व कप

## श्रीलंका की नजरें पाकिस्तान के खिलाफ बड़ी जीत पर

**एजेंसी, कोलंबो**



सेमीफाइनल में जगह बनाने की मामूली उम्मीदों के बीच श्रीलंका शुक्रवार को यहां महिला एकदिवसीय विश्व कप मुकाबले में नॉकआउट में जगह बनाने की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुके पाकिस्तान पर बड़ी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा और बाकी बचे लीग मैच में भी अनुकूल नतीजों की उम्मीद करेगा। श्रीलंका फिलहाल चार अंकों और माइनस 1.035 के नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर है।

टूर्नामेंट में बने रहने के लिए चामरी अटापट्टू की अगुवाई वाली टीम को पाकिस्तान को बड़े अंतर से हराना होगा और लगातार अनुकूल नतीजों की उम्मीद करनी होगी जिसमें न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के खिलाफ भारत की उसके दोनों बचे हुए मुकाबलों में हार भी शामिल है। इसके अलावा श्रीलंका को उम्मीद करनी होगी कि इंग्लैंड रविवार को पांचवें स्थान पर काबिज न्यूजीलैंड (जिसके भी चार अंक हैं) को हरा देगा।

श्रीलंका के लिए टूर्नामेंट मिला-जुला रहा है। टीम ने एक मैच जीता, तीन गंवाए और दो मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहे। टीम को उम्मीद होगी कि शुक्रवार को बारिश मैच में खलल नहीं डाले। श्रीलंका ने एकमात्र जीत बांग्लादेश के खिलाफ पिछले मैच में सात रन से दर्ज की। कप्तान चामरी बल्ले से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं।

शुक्रवार के मैच से पहले श्रीलंका के लिए मुख्य चिंता मौसम की होगी, क्योंकि यहां बारिश ने लगातार मुकाबलों में खलल डाला है। दूसरी ओर पाकिस्तान की प्रतिष्ठा बचाने के लिए खेलेगी। पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुका पाकिस्तान आठ टीम की प्रतियोगिता में केवल दो अंक के साथ सबसे निचले स्थान पर हैं। उसे दो अंक बारिश के कारण रद्द हुए दो मैच से मिले हैं। पाकिस्तान का अभियान निराशाजनक रहा है क्योंकि छह मैच में टीम एक भी जीत दर्ज नहीं कर पाई। टीम को चार मैच में हार का सामना करना पड़ा, जबकि दो मैच बेनतीजा रहे। (अनंत ज्ञान)

**मैच : दोपहर 3:00 बजे से**

### संभावित टीमें

**श्रीलंका:** चामरी अटापट्टू (कप्तान), अनुष्का संजीवनी (उपकप्तान और विकेटकीपर), इमेशा दुलानी, विशमी गुणरत्ने, हसिनी परेरा, हर्षिता समरविक्रम, नीलाक्षिका सिल्वा, कविशा दिलहारी, पिउमी वाथसाला, देवमी विहंगा, अचिनी कुलसूर्या, सुगंधिका कुमारी, मल्की मदारा, उदेशिका प्रबोधनी और इनोका रणवीरा।

**पाकिस्तान:** फातिमा सना (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, एमान फातिमा, मुनीबा अली, नाशरा संधू, नतालिया परवेज, ओमाइमा सोहेल, रमीन शमीम, सदफ शमस, सादिया इकबाल, शवाल जुल्फिकार, सिदरा अमीन, सिदरा नवाज और सैयदा अरूब शाह।

## क्रिकेट

### दो मैच की टेस्ट सीरीज की बराबर, पाक ने लाहौर में जीता था पहला टेस्ट

# द. अफ्रीका ने पाकिस्तान को आठ विकेट से हराया

**एजेंसी, रावलपिंडी**

ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर के छह विकेट की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन वीरवार को यहां पाकिस्तान को आठ विकेट से हराकर सीरीज 1-1 से बराबर कर दी।

पाकिस्तान ने लाहौर में पहला टेस्ट चार दिन के भीतर 93 रन से जीता था, जबकि रावलपिंडी में हार्मर ने 50 रन पर छह विकेट चटकाकर पाकिस्तान को दूसरी पारी में 138 रन पर ढेर करके दक्षिण अफ्रीका की जीत की नींव रखी। दक्षिण अफ्रीका को 68 रन का लक्ष्य मिला और विश्व टेस्ट चैंपियन टीम ने 12.3 ओवर में दो विकेट पर 73 रन बनाकर जीत दर्ज की। हार्मर और चोट के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहे बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज ने मैच में मिलकर 17 विकेट चटकाकर दक्षिण अफ्रीका की जीत की राह बनाई।



लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान ऐडन मार्करम ने 45 गेंद में आठ चौकों की मदद से 42 रन की पारी खेलकर टीम को आसान जीत दिलाई। जब टीम को सिर्फ चार रन की जरूरत थी तब नोमान अली ने उन्हें पगबाधा किया। दक्षिण अफ्रीका की 404 रन की पहली पारी में अर्द्धशतक जड़ने वाले चार खिलाड़ियों में से एक ट्रिस्टन स्टब्स खाता खोले बिना नोमान की गेंद पर स्लिप में कैच दे बैठे जिसके बाद सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन (नाबाद 25) ने साजिद खान पर छक्का जड़कर दक्षिण अफ्रीका को लक्ष्य तक पहुंचाया। इससे पहले हार्मर नोमान का विकेट चटकाकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 1000 विकेट चटकाने वाले सिर्फ तीसरे दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज बने।

सुबह पाकिस्तान ने अपनी पारी चार विकेट पर 94 रन से आगे बढ़ाई, लेकिन एक घंटे से कुछ अधिक समय में बाकी बचे छह विकेट गंवा दिए। हार्मर ने सुबह अपने शुरुआती तीन ओवरों में कल के दोनों नाबाद बल्लेबाजों बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को आउट किया। बाबर ने एक रन के साथ अर्धशतक पूरा किया, लेकिन हार्मर ने तेजी से अंदर आती गेंद पर उन्हें पगबाधा कर दिया। रिजवान भी इसके बाद हार्मर की गेंद पर टोनी डि जॉर्जी को कैच दे बैठे। सलमान अली आगा ने 28 रन बनाए, लेकिन महाराज की गेंद को विकेटों पर खेल गए। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने साजिद को स्टंप कराके पाकिस्तान की पारी का अंत किया। (अनंत ज्ञान)